निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

नवबिहार टाइम्स

• 3 मई 2025 शनिवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 338 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1765 : यूएस का पहला मेडिकल कॉलेज फिलाडेलफिया में खुला।
1830 : दुनिया में भाप इंजन से चलने वाली पहली नियमित यात्री रेलगाड़ी चलनी शुरू हुई।
1837 : एथेंस विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।
1845 : चीन के कैंटन में थियेटर में आग लगने से 1600 लोगों की मौत हुई।
1913 : पहली भारतीय फीचर फिल्म राजा हरिश्चन्द्र प्रदर्शित हुई।
2013 : चीन में लगभग 16 करोड़ साल पुराना डायनासोर का जीवाश्म मिला।

नक्सली संगठन टीपीसी और पुलिस के बीच मुठभेड़

भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मेदिनीनगर (पलामू)। जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के सिंजो महुअरी गांव में प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गयी। इस मुठभेड़ में पुलिस ने भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद की है। पूरे इलाके की घेराबंदी कर पुलिस सर्च अभियान चला रही है। नक्सली जंगल का फायदा उठाते हुए भाग निकले। मुठभेड़ में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।



सर्च ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ में फायरिंग

पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि तरहसी के सिंजो महुअरी के पहाड़ी इलाके में 10 लाख के इनामी नक्सली कमांडर शशिकांत गंझू के नेतृत्व में एक दस्ता किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचा हुआ है। इस सूचना के आलोक में एएसपी अभियान राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया गया। सर्च अभियान के क्रम में टीपीसी के नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की। इसके बाद इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

कई नक्सल सामग्री और डायरी बरामद

मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए तरहसी थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि शुक्रवार को करीब 11 बजे टीपीसी के साथ मुठभेड़ हुई है और पूरे इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। सर्च अभियान में पुलिस की टीम ने कई नक्सल सामग्री बरामद की है। उन्होंने बताया कि आक्रमण गंझू के पकड़े जाने के बाद 10 लाख के इनामी नक्सली कमांडर शशिकांत गंझू ही टीपीसी की जिम्मेवारी संभाल रहा है। शशिकांत गंझू पर पलामू के इलाके में दर्जनों नक्सली घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है। मुठभेड़ स्थल से पुलिस ने कई नक्सल सामग्री और डायरी बरामद की है।

मंईयां सम्मान योजना : लाभुकों को जल्द मिलेगी दो माह की राशि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। झारखंड में मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को अब भी अप्रैल माह की राशि का इंतजार है। अगर आप भी उनमें से एक है तो आपके लिए खुशखबरी है। राज्य सरकार जल्द ही एक साथ दो माह की राशि (5 हजार रुपये) लोगों के खाते में भेज देगी। अभी फिलहाल आवेदनों का सत्यापन चल रहा है। जगह-जगह पर शिविर लगाकर आधार सीडिंग, सत्यापन और ई-केवाइसी की प्रक्रिया जारी है। उम्मीद की जा रही है कि यह काम अगले हफ्ते तक पूरा कर लिया जाएगा।



आधार सीडिंग का कार्य पूरा होने के बाद भेजी जाएगी राशि

सत्यापन और आधार सीडिंग का कार्य पूरा होने के बाद महिला, सुरक्षा और बाल विकास विभाग सभी जिलों को राशि भेज देगा। इसके बाद लाभुकों के खाते में पैसा आना शुरू हो जाएगा। संभावना है कि इस माह के तीसरे या चौथे हफ्ते से मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने वालों को पैसा मिलना शुरू हो जाएगा। इस बार केवल उन्हीं लोगों को यह राशि दी जाएगी जिन्होंने अपना खाता आधार कार्ड से लिंक कराया हो।

मुख्यमंत्री मंईयां योजना की शुरुआत में की गयी थी ई-केवाईसी

मुख्यमंत्री मंईयां योजना की शुरुआत करते समय ही ई-केवाइसी शुरू की प्रक्रिया शुरू की गयी थी, लेकिन तकनीकी परेशानी को देखते हुए उस समय रोक लगा दी गयी थी। अब फिर से पूरी तैयारी के साथ इसे शुरू किया गया है। जिससे किसी को कोई परेशानी नहीं हो। आधार आधारित बायोमीट्रिक ई-केवाईसी के माध्यम से सत्यापन किया जा रहा है। इसके अलावा जो लोग पहले से ही दोहरी पेंशन योजना का लाभ ले रहे हैं तो उन्हें पूरी राशि लौटानी होगी।

बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन का हुआ उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पतरातू (रामगढ़)। हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल एवं बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से रासदा एवं साकुल गांव में नवनिर्मित बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पीवीयूएनएल के अधिकारियों ने उपस्थित जनसमूह को भवन की विशेषताओं एवं इससे स्थानीय समुदाय को होने वाले लाभों की जानकारी दी। उन्होंने इसे क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उद्घाटन कार्यक्रम के उपरांत सांसद एवं विधायक ने परियोजना स्थल का दौरा किया तथा निर्माणाधीन परियोजना कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर. के. सिंह, ओएंडएम के महाप्रबंधक मनीष क्षेत्रपाल, परियोजना महाप्रबंधक अनुपम मुखर्जी सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा अतिथियों को परियोजना की वर्तमान प्रगति, भविष्य की योजनाओं तथा संभावित चुनौतियों की जानकारी प्रदान की गई।



रेल से करें चार धाम की यात्रा

चार धाम यात्रा के लिए चलाई जा रही भारत गौरव डीलक्स ट्रेन


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। बद्रीनाथ, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम और द्वारका देश की चार दिशाओं में अवस्थित चार ऐसे धाम हैं जहां की यात्रा करना हर भारतीय की चाहत होती है। देश के इन चारों धाम की यात्रा रेल से कर पाना संभव है। इसके लिए भारतीय रेल द्वारा भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन चलाई जा रही है। भारतीय रेल द्वारा इससे पहले भी दो बार चारों धाम को जोड़ने के लिए भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन चलाई जा चुकी है। इस वर्ष दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से 27 मई को 17 दिवसीय चारों धाम भारत गौरव डीलक्स यात्रा की शुरुआत होगी। इसके तहत बद्रीनाथ, माना गांव, नरसिंह मंदिर, जोशीमठ, ऋषिकेश, जगन्नाथ मंदिर, पुरी समुद्र तट, कोणार्क सूर्य मंदिर, चंद्रभागा समुद्र तट, रामेश्वरम में रामनाथ स्वामी मंदिर और धनुषकोड़ी तथा द्वारका में द्वारकाधीश मंदिर, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग तथा भेंट द्वारका जैसी जगहों का भ्रमण कराया जाएगा। इस यात्रा में जाने वाले यात्रियों को वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, पुणे में भीमशंकर मंदिर और नासिक में त्रयंबकेश्वर मंदिर का भ्रमण भी कराया जाएगा। 17 दिनों की यात्रा के दौरान सभी भक्त 8425 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन में कई आधुनिक आरामदायक फीचर जोड़े गए हैं जिसमें दो डायनिंग रेस्टोरेंट, एक मॉडर्न किचन और स्नान के लिए क्यूबिक स्नान घर शामिल हैं। सभी कोच में बायो टॉयलेट युक्त वॉशरूम की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सहूलियत के लिए फुटमसाजर भी लगाए गए हैं। पूरी तरह से वातानुकूलित इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, सेकंड एसी और थर्ड एसी में टिकट बुक कराई जा सकती है। ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे और सिक्योरिटी गार्ड की व्यवस्था भी की गई है। इस ट्रेन का संचालन भारतीय रेल कैटरिंग एवं टूरिज्म कारपोरेशन के माध्यम से किया जाएगा। टिकटों की बिक्री भी आईआरसीटीसी के वेबसाइट से ही की जाएगी। इसके लिए एक पैकेज रेट का निर्धारण किया गया है जिसमें जर्नी टिकट के साथ-साथ तीन सितारा होटल में रहने, तीनों टाइम का भोजन, ट्रैवल इंश्योरेंस और टूर मैनेजर की सेवा शामिल है। इस ट्रेन में बुकिंग के लिए 150 सीटें उपलब्ध है जिसे पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर बुक किया जाएगा। ट्रेन के संबंध में विस्तृत जानकारी भारतीय रेल कैटरिंग एवं टूरिज्म कारपोरेशन के वेबसाइट तथा उनके वेब पोर्टल पर उपलब्ध है।

15,450 करोड़ से बनेगा बिहार का पहला ग्रीनफील्ड हाइस्पीड कॉरिडोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा बिहार में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, मोदी सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट भारतमाला के तहत इस एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए बिहार सरकार के पथ निर्माण विभाग ने प्रोजेक्ट बनाकर केंद्र को भेज दिया था। सूत्रों के मुताबिक अब सरकार ने नए 225 किलोमीटर लंबे नारायणी-गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण को मंजूरी देते हुए जमीन अधिग्रहण के लिए करीब 4000 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बनाई है। यह हाईटेक मार्ग राज्य के 5 जिलों को कनेक्ट करेगा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, इस हाईटेक मार्ग का नाम नारायणी-गंगा एक्सप्रेस-वे है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग उत्तरी बिहार को दक्षिणी बिहार से सीधे जोड़ने का काम करेगा। यह एक्सप्रेस-वे बगहा से भोजपुर के बीच बनाया जाएगा। 225 किलोमीटर लंबे 6 लेन (संभावित) इस मार्ग को बनाने में करीब 4000 रोड़ रुपये खर्च किया जाएगा। नारायणी-गंगा एक्सप्रेस-वे के तय रूट पर पड़ने वाली जमीन को खरीदने के लिए 3950 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। भूमि मालिकों, किसानों और कास्तकारों की जमीन का सर्किल रेट के आधार पर मुआवजा भुगतान किया जाएगा जिससे जमीन मालिकों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। हालांकि, प्रोजेक्ट को बनाने के लिए 11500 करोड़ रुपये खर्च करने का लक्ष्य निर्धारित है। पूरी परियोजना को विकसित करने (भूमि अधिग्रहण और निर्माण) प्रक्रिया में कुल 15450 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस रूट पर 5 जिले पड़ रहे हैं, जिसके अंतर्गत सैकड़ों की संख्या में गांव पड़ रहे हैं, जहां जमीन अधिग्रहित की जाएगी। हालांकि, इस परियोजना से किन गावों को सीधा फायदा होगा, इसकी पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं है। नारायणी-गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्रालय से अनुरोध किया गया है कि पहले इसकी व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की जाए ताकि समय रहते विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाकर निर्माण कार्य शुरू किया जा सके। यह प्रस्तावित मार्ग एक ग्रीनफील्ड हाईस्पीड कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा, जो पश्चिम चंपारण के बगहा से भोजपुर जिले के पातर तक जाएगा। यह एक्सप्रेस-वे कुल पांच जिलों पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण और भोजपुर को सीधे जोड़ेगा। गंडक नदी पर एक नया पुल बनाने की भी योजना है। यह मार्ग पातर (आरा) में पटना-आरा-सासाराम हाईस्पीड कॉरिडोर से जुड़ जाएगा, जिससे बगहा से आरा, सासाराम, वाराणसी और कोलकाता की दिशा में यात्रा आसान और तेज हो सकेगी।



19 अप्रैल 2007 से पहले नियुक्त शिक्षकों को दें वेतन व पेंशन सहित सभी सेवा लाभ : हाईकोर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पटना हाईकोर्ट ने बिहार में शिक्षकों के पक्ष में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। उच्च न्यायालय ने कहा है कि राज्य के मान्यता प्राप्त निजी डिग्री कॉलेजों में 19 अप्रैल 2007 से पहले नियुक्त शिक्षकों को वेतन और पेंशन सहित सभी सेवा लाभ दिए जाएं। कोर्ट ने कहा कि यह कार्य तीन महीने के भीतर पूरा किया जाए। एक्टिंग चीफ जस्टिस आशुतोष कुमार और जस्टिस पार्थ सारथी की खंडपीठ ने सरकार की दो अपीलों को खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा 57-इ में 2015 में किए गए संशोधन का लाभ सभी योग्य शिक्षकों को मिलेगा, चाहे उनके कॉलेज 'डिफिसिट ग्रांट' में आते हों या 'परफॉर्मेंश ग्रांट' में। राज्य सरकार ने तर्क दिया था कि यह संशोधन केवल प्रदर्शन आधारित अनुदान प्राप्त कॉलेजों पर लागू होता है। कोर्ट ने इसे अनुचित बताते हुए कहा कि ऐसा भेदभाव शिक्षा नीति की मूल भावना के खिलाफ है। कोर्ट ने माना कि अधिकांश शिक्षक कॉलेजों की गवर्निंग बॉडी की अनुशंसा पर नियुक्त हुए थे और वर्षों से शिक्षण कार्य कर रहे हैं। आयोग के विघटन के बाद चयन प्रक्रिया कॉलेज स्तर पर पूरी की गई थी।

इवीएम मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग प्रक्रिया शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के तहत ईवीएम मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग प्रक्रिया 2 मई से शुरू हो गई है। यह प्रक्रिया राज्य के सभी 38 जिलों में चरणबद्ध रूप से 30 जून 2025 तक होगी। एफएलसी प्रक्रिया का संचालन इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की 13 विशेषज्ञ टीमों द्वारा किया जा रहा है, जिनमें कुल 189 इंजीनियरों को प्रतिनियुक्त किया गया है। इन टीमों द्वारा पहले चरण में 13 जिलों- किशनगंज, सहरसा, पूर्णिया, बांका, दरभंगा, नालंदा, बेगूसराय, गया, पूर्वी चंपारण, सारण, सिवान, पटना और सीतामढ़ी में एफएलसी कार्य आरंभ किया गया है। एफएलसी की प्रक्रिया को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने हेतु सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के जिला स्तरीय प्राधिकृत प्रतिनिधियों को एफएलसी शेड्यूल की जानकारी दो दिन पूर्व ही प्रदान की जाएगी। केवल अधिकृत प्रतिनिधियों को ही एफएलसी स्थलों पर उपस्थित होकर निरीक्षण की अनुमति होगी। उनके लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा पहचान पत्र जारी किए जाएंगे। एफएलसी स्थलों की सुरक्षा हेतु सशस्त्र बलों की तैनाती की गई है। साथ ही, एफएलसी स्थल पर प्रवेश करने वाले सभी कार्यरत कर्मियों, इंजीनियरों तथा प्राधिकृत व्यक्तियों की मेटल डिटेक्टर से जांच की जाएगी और सीसीटीवी कैमरे की मदद से पूरी प्रक्रिया की निगरानी की जा रही है। किसी भी गैर प्राधिकृत व्यक्ति को एफएलसी स्थल में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। एफएलसी स्थल पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग पर भी रोक लगाई गई है। प्रत्येक दिन जिला निर्वाचन पदाधिकारी स्वयं एफएलसी स्थल का निरीक्षण करेंगे। इसके अतिरिक्त, जिला स्तर पर एक कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जहां से एफएलसी प्रक्रिया की वेबकास्टिंग के माध्यम से रियल टाइम निगरानी सुनिश्चित की जा रही है।

झारखंड कैबिनेट की बैठक 7 को

रांची(नबिटा ब्यूरो)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 7 मई को कैबिनेट की बैठक बुलायी गयी है। सीएम की अध्यक्षता में बुधवार को प्रोजेक्ट भवन के मंत्रिपरिषद कक्ष में शाम 4 बजे से कैबिनेट की बैठक होगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। सीएम के विदेश यात्रा से लौटने के बाद यह पहली कैबिनेट की बैठक होगी। ऐसे में यह बैठक काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया
बोकारो इस्पात संयंत्र
बोकारो स्टील सिटी -827001, झारखण्ड, भारत

आवश्यक सूचना

बोकारो इस्पात नगर के क्षतिग्रस्त ब्लॉक के आवास धारियों (कर्मचारी संवर्ग) को सूचित किया जाता है कि कुछ अपरिहार्य कारणों से परिपत्र संख्या TA/A/E/2024-68 दिनांक 25.4.2025 को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक निरस्त किया जाता है।

(आदेशानुसार)
नगर प्रशासन
सेल-बोकारो इस्पात संयंत्र

पंजीकृत कार्यालय : इस्पात भवन, लोदी रोड, नयी दिल्ली- 110003
कॉर्पोरेट आइडेंटिटी नम्बर L27109DL1973GO1006454 वेबसाइट www.sail.com

हर किसी की जिन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल

FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

बाइक की टक्कर से छात्रा की मौत

■ साइकिल से सुबह कोचिंग जा रही थी संध्या, जैतिया गांव के समीप हुई घटना


घटनास्थल पर जुटी लोगों की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। शुक्रवार की सुबह बन्देया थाना क्षेत्र के जैतीया गांव के समीप बाइक की टक्कर से एक छात्रा की मौत हो गई। मृत छात्रा की पहचान दरार गांव निवासी संजय यादव की 18 वर्षीया पुत्री संध्या कुमारी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रा सुबह करीब 8:00 बजे डिहुरी कोचिंग करने के लिए साइकिल से जा रही थी, जैसे ही जैतीया गांव के समीप पहुंची की विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे छात्रा की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। हालांकि मौके से बाइक चालक फरार हो गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर बन्देया थानाध्यक्ष सूरज कुमार व गोह थानाध्यक्ष मो0 इरशाद मौके पर पहुंचे और परिजनों को किसी तरह से समझा बूझकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज आगे की कार्रवाई में जुट गए। वहीं छात्रा के मौत के बाद माता-पिता के साथ भाई रोते-रोते बेहोश हो जा रहे थे। बन्देया थानाध्यक्ष ने बताया कि अब तक परिजनों द्वारा लिखित आवेदन नहीं मिली है, आवेदन के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

छह लाख का विदेशी शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। भोजपुर जिले के अगिआंव बाजार पीरो रोड स्थित बलुआही टोला के समीप उत्पाद विभाग की टीम ने एक लग्जरी कार से 1020 बोतल विदेशी शराब पकड़ा है, जिसकी किमत करीब 6 लाख रुपये बताई जा रही है। साथ ही चालक सह शराब तस्कर नाग चंदन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वह पटना जिले के फतुहा थानांतर्गत दरियापुर गांव निवासी स्व उमा शंकर राय का पुत्र है। यह सफलता उस समय मिली जब सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, भोजपुर, रजनीश कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश कि ओर से एक क्रेटा कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब भोजपुर की ओर जा रहा है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध द्वारा निरीक्षक प्रकाश लाल रजक के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। अगिआंव बाजार पीरो मेन रोड पर बलुआही टोला गांव के पास एक क्रेटा कार आते देखी गई, उसको रोका गया। जब तलाशी लिया गया तो उसमें रखे किंग फिसर बियर 648 पीस, 180 एमएल के ह्विस्की 336 पीस, 750 एमएल के रॉयल स्टेज व मैजिक मोमेंट 36 बोतल बरामद हुआ। बोतल पर सेल फॉर उतर प्रदेश लिखा हुआ था। मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

बाबूचंद पासवान के विचारों को आत्मसात करना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि : डॉ. रणविजय



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। क्रिकेट की चकाचौंध में फुटबॉल मैच का आयोजन किया जाना एक बेहतर पहल है। उक्त बातें हसपुरा बाजार के बड़ी खेल मैदान में आयोजित समाजवादी विचारधारा से जुड़े स्व. बाबूचंद पासवान के दूसरी पुण्यतिथि पर पूर्व विधायक सह राष्ट्रीय मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. रणविजय कुमार ने उत्तरप्रदेश व झारखंड के खिलाड़ियों से परिचय के उपरांत कही। फुटबॉल मैच के संघर्ष पूर्ण मुकाबला में उत्तरप्रदेश टीम को झारखंड की टीम ने एक गोल से हराकर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। समारोह की अध्यक्षता आयोजन समिति के संयोजक विजय पासवान व संचालन कमेंट्री शिक्षक डा हरिद्वार प्रसाद सिंह ने की। बतौर अतिथि रालोमो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. रणविजय कुमार ने स्व. बाबूचंद पासवान के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षक के पद रहते हुए बराबर समाजिक चिंतन में रहते थे। अंतिम सांसों तक सादा जीवन- उच्च विचार के पोषक रहे। उन्होंने समाज के बीच कई उत्कृष्ट कार्य किया जिसे लेकर उनकी कृति आज लोग याद कर रहे हैं। स्व. बाबूचंद पासवान के विचारों को अपने जीवन में उतारना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। फुटबॉल मैच समारोह में शामिल जन सुराज पार्टी गोह विधानसभा नेता डा.आर यू कुमार ने दिवंगत बाबूचंद पासवान के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में समाजवादी विचारधारा को धरती पर उतारना ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा से हम सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ सकते हैं। मौके पर रेल संघर्ष समिति के अजय यादव, सीपीआई नेता राम एकबाल सिंह, रिटायर्ड हेडमास्टर कुलदीप चौधरी, मुखिया गोपाल सिंह, लोजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष पासवान, हृदयानंद सिंह, विनोद सिन्हा, श्रीकांत वर्मा, काशीनाथ सिंह एवं रामजीत राम ने दोनों टीम के खिलाड़ियों को बेहतर खेल की प्रशंसा की। मैच के सफल आयोजन पर कृष्णनंदन पासवान, अजय पासवान, संजय पासवान, रामानुज पासवान, योगेन्द्र पासवान ने आगुंतकों, खिलाड़ियों व दर्शकों के प्रति आभार जताया।

चार दिवसीय दौरे पर औरंगाबाद आएंगे पूर्व आइपीएस



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। सर्वोदय नगर में खादी ग्रामोद्योग औरंगाबाद के प्रांगण में महापरिवर्तन आंदोलन की एक बैठक जिलाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न कराई गई जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए जन संपर्क अभियान पर बल दिया गया। चर्चा- परिचर्चा उपरांत लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जिला शिष्टमंडल एक मई से सभी प्रखंडों का दौरा करना शुरू कर चुकी है। बैठक में सभी ने अपने-अपने स्तर से भी प्रखंडों में मोबाइल पर संपर्क किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने इस महापरिवर्तन आंदोलन का समर्थन किया। प्रखंडों में दौरा कराने की जिम्मेवारी समाजसेवी लवलेश कुमार यादव को दी गई है। बैठक में विनय सिंह, इंजीनियर दूधेश्वर प्रसाद, देवनन्दन प्रसाद सहित अन्य उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष ने धन्यवाद ज्ञापन के दौरान यह जानकारी दी गयी कि महापरिवर्तन आंदोलन के संस्थापक पूर्व आईपीएस वी के सिंह आगामी 6 मई से चार दिवसीय दौरे पर औरंगाबाद में रहेंगे।

अनियंत्रित ट्रक ने तीन दुकानों को किया क्षतिग्रस्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बड़हरा (भोजपुर)। आरा-एकौना मुख्य पथ के केशोपुर पुल के समीप खजुरिया में गुरुवार की देर शाम एक अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे के तीन दुकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद ट्रक चालक घटनास्थल पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। ट्रक बड़हरा थाना के तरफ से आरा की ओर जा रहा था जिसमें मोहनपुर करजा गांव निवासी होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. चंद्रशेखर सिंह की दवा दुकान, सेमरिया गांव निवासी हरिदास ठाकुर का सैलून व रामसागर गांव निवासी मो खलील का खैनी दुकान शामिल है। सबसे ज्यादा नुकसान दवा दुकान एवं सैलून को हुआ। घटना में लाखो रुपए का नुकसान हुआ है। घटना की खबर मिलते ही बड़हरा थाना की पुलिस एवं 112 की गाड़ी घटनास्थल पर पंहुच गयी। वही थानाध्यक्ष शेलेश्वर प्रसाद ने स्थानीय चौकीदार की ड्यूटी लगा दिया है।



पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

जगदीशपुर (भोजपुर)/ नबिटा संवाददाता। बिहार राज्य पंचायत सचिव संघ के आवाहन पर जगदीशपुर प्रखंड कार्यालय में कार्यरत सभी पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इससे आमजन से जुड़े कार्यों के अलावा प्रशासनिक कार्यों पर भी असर पड़ा है। संघ के जिला अध्यक्ष रवीश कुमार ने बताया कि 9 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को उनकी मांगों पर विचार करना चाहिए। हमारी मांगें जायज हैं और सरकार को उन्हें लागू करना चाहिए।

हत्यारोपित अभियुक्त ने किया आत्मसमर्पण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अंबा (औरंगाबाद)। कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के एरका गांव में किशोर की गला रेत कर हत्या मामले में फरार चल रहा अभियुक्त श्रवण राम ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। विदित हो कि विगत 23 फरवरी को उक्त गांव निवासी जिमदार पासवान का 12 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार लापता हो गया था। लापता होने के चार दिन बाद अंकित का शव गांव के बाजार से बरामद हुआ था। मृतक के पिता ने कुटुंबा थाना में छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसके आलोक में छापेमारी कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया था परंतु श्रवण राम फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार दबिश बनाए हुए थी। कुछ दिन पूर्व उसके घर पर कुर्की जब्ती का इश्तिहार चिपकाया गया था।

सामाजिक संस्था के प्रयास ने रुकवाया बाल विवाह

■ लड़की की उम्र 16 वर्ष जबकि लड़के की उम्र 42 वर्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। एक्सेस टू जस्टिस परियोजना फेज 2 के तहत सामाजिक संस्था दिशा एक प्रयास, भोजपुर के द्वारा जिला के प्रत्येक मंदिर पर बाल विवाह को लेकर विशेष जागरूकता एवं संघन जांच अभियान चलाया गया। जहां मंदिर में वर-वधु का आधार कार्ड का संघन रूप से जांच किया गया। इस दौरान नगर थाना अंतर्गत एक मंदिर पर नाबालिग लड़की का शादी का पता चलते ही संस्था की सचिव कुमारी सुनिता सिंह ने पहुंच कर परिजनों से बातचीत कर इसकी सूचना सहायक निदेशक भोजपुर और बीडीओ आरा को दी। काफी मशक्कत के बाद दोनों परिवार को समझा बुझाकर शादी रोकी गई। लड़की वाले पटना जिला के बिक्रम के निवासी थे। लड़के वाले भोजपुर जिला के निवासी थे। लड़की की उम्र 16 वर्ष ही थी एवं जबकि लड़के की उम्र 42 वर्ष था। वर्तमान समय में यह देखने को मिल रहा है कि दूसरे जिलों से परिजन आकर भोजपुर जिले में शादी कर रहे है। बाल विवाह का मामला रोकवाने में सहायक निदेशक आलोक कुमार गौतम, बीडीओ आरा सदर, बाल कल्याण समिति के अंकु कुमार, दिशा एक प्रयास की सचिव कुमारी सुनिता सिंह, सहायक कुमुद कुमार सिंह, सीएसडब्ल्यू संजीत कुमार सिंह, रंजू कुमारी की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

मजदूर दिवस समारोह का हुआ आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। प्रखंड के लोहरा पंचायत के ओड़ियाचक गांव में समाजसेवा समिति मगध बिहार के बैनर तले मजदूर दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन डॉ तुलसी यादव ने किया। उपस्थित किसानों ने शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर झंडोतोलन किया। इस दौरान सिद्धि यादव, लड्डू खान, भोलानाथ वर्मा, वीरेंद्र यादव, उमेश सिंह मेहता सहित अन्य लोग उपस्थित हुए। इस दौरान मगध क्षेत्र के विभिन्न जगहों से भी किसान उपस्थित हुए। बता दें कि समिति की ओर से पिछले 25 वर्षों से मजदूर दिवस समारोह आयोजित की जा रही है। मौके पर बंसीलाल सिंह, हुष्णदेव सिंह, भोलानाथ वर्मा, डॉ संजय यादव, शशि कुमार, सिद्धि यादव, वीरेंद्र यादव, रंजीत दास, राजेश यादव, भोला, गया प्रसाद, बालकुमार सिंह यादव, महेश प्रसाद यादव, उदय यादव, गनौरी यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

छात्रों के बीच निःशुल्क पुस्तक वितरण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। शुक्रवार को राजकीय मध्य विद्यालय रफीगंज के प्रांगण में शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए विभाग द्वारा निःशुल्क पुस्तक वितरण किया गया। उपस्थित सभी छात्रों को उनके अभिभावकों के सामने पुस्तक दी गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद मस्कुर आलम ने बताया कि शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के निर्देश का पालन करते हुए यह समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में सहयोगी के रूप में रामाशीष प्रसाद, श्याम कुमार, अब्दुल बासित, उपेंद्र कुमार वर्मा, फिरोज आलम, विकास कुमार, सोमेश्वर पाठक एवं बाल संसद के सदस्य ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

हत्यारोपित अभियुक्त ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अंबा (औरंगाबाद)। कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के एरका गांव में किशोर की गला रेत कर हत्या मामले में फरार चल रहा अभियुक्त श्रवण राम ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। विदित हो कि विगत 23 फरवरी को उक्त गांव निवासी जिमदार पासवान का 12 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार लापता हो गया था। लापता होने के चार दिन बाद अंकित का शव गांव के बाजार से बरामद हुआ था। मृतक के पिता ने कुटुंबा थाना में छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराई थी। जिसके आलोक में छापेमारी कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया था परंतु श्रवण राम फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार दबिश बनाए हुए थी। कुछ दिन पूर्व उसके घर पर कुर्की जब्ती का इश्तिहार चिपकाया गया था। प्रशासन के दबाव में आकर श्रवण कुमार ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। मामले में छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

देशी महुआ शराब बरामद

रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता। आरा-एकौना मुख्य पथ के केशोपुर पुल के समीप खजुरिया में गुरुवार की देर शाम एक अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे के तीन दुकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद ट्रक चालक घटनास्थल पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। ट्रक बड़हरा थाना के तरफ से आरा की ओर जा रहा था जिसमें मोहनपुर करजा गांव निवासी होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. चंद्रशेखर सिंह की दवा दुकान, सेमरिया गांव निवासी हरिदास ठाकुर का सैलून व रामसागर गांव निवासी मो खलील का खैनी दुकान शामिल है। सबसे ज्यादा नुकसान दवा दुकान एवं सैलून को हुआ। घटना में लाखो रुपए का नुकसान हुआ है। घटना की खबर मिलते ही बड़हरा थाना की पुलिस एवं 112 की गाड़ी घटनास्थल पर पंहुच गयी। वही थानाध्यक्ष शेलेश्वर प्रसाद ने स्थानीय चौकीदार की ड्यूटी लगा दिया है।

समय पर जमा करें होल्डिंग टैक्स, पायें छूट

■ 30 जून तक टैक्स जमा करने पर मिलेगी 5 प्रतिशत की छूट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जगदीशपुर (भोजपुर)। नगर प्रशासन, जगदीशपुर द्वारा होल्डिंग टैक्स भुगतान पर 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह छूट 30 जून तक रहेगी। इसको लेकर नगर पंचायत कार्यालय द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। साथ ही नगर के सार्वजनिक स्थानों पर प्रचार-प्रसार के लिए आदेश का पंपलेट भी चिपका दिया गया है। नपं चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने बताया कि 30 जून तक होल्डिंग टैक्स जमा करने पर गृहस्वामियों को 5 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसको लेकर नगर पंचायत कार्यालय द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। यह छूट नए सत्र 2025-26 के लिए लागू होगी। अंतिम तिथि 30 जून तय की गई है।



जगदीशपुर नगर पंचायत

बीस सूत्री सदस्य ने बीडीओ को सौंपा मांग पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मदनपुर (औरंगाबाद)। मदनपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर के बहुदेशीय भवन में शुक्रवार को बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति का बैठक आयोजित किया गया जिसमें समिति के सदस्य सह पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण कुमार सिंह ने प्रखंड बीस सूत्री समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष मनोज कुमार पाठक ने छह सूत्री मांगों की सूची कार्यान्वयन समिति सचिव सदस्य सह बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य को सौंपा हैं। प्रखंड बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति सदस्य अरुण कुमार सिंह ने बताया कि अंचल के बेवसाइट पर रजिस्टर टू को डाउनलोड करना, परिमार्जन व दाख़िल ख़ारिज में सुधार लाने, वार में गोपाल पुस्तकालय की जमीन का दिलीप अग्रवाल के नाम से काटे गए राजस्व रसीद में सुधार करने तथा जल संकट को देखते हुए प्रखंड में जिस पंचायत में नल का जल बंद है, उसे मरम्मत कार्य करा सुचारू करना और जहां नहीं है, वहां चापाकल लगाया जाए। पंचायतों में स्वच्छता मिशन के तहत चलाए जा रहे कचरा प्रबंधन कार्य बंद है, उसे शीघ्र चालू कराया जाए। प्रखंड के सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों पर डाक्टर की प्रतिनियुक्ति करने तथा स्वास्थ्य कर्मियों की स्थायी रुप से पद स्थापित करने और दवाईयां व्यवस्था सुनिश्चित कराने, प्रखंड के जिन पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण हो चुका है, वहां पंचायत सरकार के प्रावधानों के आलोक में क्रियान्वित कराई जाए ताकि ग्राम पंचायतवासियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रखंड मुख्यालय का चक्कर नहीं काटना पड़े। उन्होंने बताया कि प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में मांगों की सूची पर विचार किया गया है और उसे जल्द से जल्द कार्रवाई करने पर निर्णय लिया गया है।



फाइनल मैच में नारायणपुर ने मथवलिया को 2-1 से हराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बड़हरा (आरा)। वॉलीबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में नारायणपुर की टीम ने मथवलिया को हरा कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। नारायणपुर ने 3 सेट के मैच में 2-1 के अंतर से जीत हासिल की। यह नाइट मैच फूंहा गांव स्थित मैदान में हुआ। मुक्तिनाथ सिंह मेमोरियल नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2025 ईश्वर दयाल सिंह के सौजन्य से फूंहा गांव में आयोजित हुआ। जिसमें 8 टीमों ने भाग लिया। जहां कुल्हड़िया, सोनघट्टा, फूहां, बबुरा, मथवलिया, बड़का लौहर, मटियारा व नारायणपुर की टीम शामिल थी। फाइनल मथवलिया बनाम नारायणपुर के बीच खेला गया। जिसमें नारायणपुर की टीम अच्छा प्रदर्शन करते हुए खेल प्रेमियों को रोमांचित किया। निर्णायक मैच में पहले गेम में नारायणपुर टीम की अटैक हीट के पहली सर्विस से ही हावी रही। विजयी टीम को 2100 व उपविजेता को 1100 की राशि प्रदान किया गया। मैच में मैन ऑफ द सिरीज नारायणपुर के आदित्य कुमार को प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि व उद्घाटनकर्ता जिला परिषद सदस्य पूजा सिंह भारद्वाज ने किया। टूर्नामेंट के संयोजक ईश्वर दयाल सिंह थे। कमेंटेटर के रूप में हरेंद्र सिंह व रेफरी बंटी सिंह, बीटू सिंह व सचिन रहे। मौके पर खेल में सहयोग करने वाले राजा सिंह, अंकित सिंह, नीतीन, अमन, सूरज व अन्य थे।



हार्डकोर नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)। पुलिस की दबिश पर हार्डकोर नक्सली बसंत पासवान ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। वह मदनपुर थाना क्षेत्र के जुड़ाही गांव का रहने वाला है। वह कई कांडों में वांछित था। पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था, लेकिन वह फरार चल रहा था। जबकि पुलिस द्वारा उसके संबधित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम में पुलिस दबिश पर उसने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार जीजा-साला घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। कुटुंबा थाना क्षेत्र के बिचला मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार जीजा-साला घायल हो गए। घायलों में माली थाना क्षेत्र के परसा टोले बैगन बिगहा गांव निवासी बादशाह विश्वकर्मा के पुत्र मंतोष कुमार व देव थाना क्षेत्र के बेढ़नी गांव निवासी रितेश शामिल है। शुक्रवार की सुबह 10 बजे सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि घायल मंतोष के भाई संतोष का गुरुवार को ही विवाह संपन्न हुआ है। शुक्रवार की सुबह वह बाइक से अपने साला रितेश को देव थाना क्षेत्र के बेढनी गांव छोड़ने जा रहा था, इसी दौरान उस जगह तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया, जिससे दोनों घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल कुटुंबा पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मंतोष को गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वैसे साथ रहे साला रितेश की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।



वासेपुर से पांच संदिग्ध गिरफ्तार एटीएस कर रही हैंडलर की तलाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



रांची/धनबाद। झारखंड की धरती एक बार फिर आतंकी साजिशों का अड्डा बनती दिख रही है। आतंकवादी संगठन हिज्ब उत-तहरीर के झारखंड मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए राज्य एटीएस ने धनबाद के कुख्यात वासेपुर इलाके से पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला भी शामिल है। सभी आरोपी डार्क नेट के ज़रिए इस्लामिक जिहाद से जुड़े थे और घर बैठकर आतंकी एजेंडे को आगे बढ़ा रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में गुलफाम हसन (21), आयान जावेद (21), उसकी पत्नी शबनम परवीन (20), मोहम्मद शहजाद आलम (20) और अम्मार यसार शामिल हैं। अम्मार यसार को 2014 में इंडियन मुजाहिदीन से जुड़े होने के आरोप में राजस्थान के जोधपुर से गिरफ्तार किया गया था और हाल ही में वह जेल से छूटकर फिर सक्रिय हो गया था।

एटीएस सूत्रों के अनुसार, सभी गिरफ्तार आरोपी पिछले एक साल से डार्क नेट के माध्यम से देश-विदेश में सक्रिय हिज्ब उत-तहरीर एजेंट्स के संपर्क में थे। उनके पास से बरामद लैपटॉप, आपत्तिजनक दस्तावेज, और जिहादी साहित्य यह पुष्टि करते हैं कि वे भारत में आतंक का जाल फैलाने की तैयारी में थे। घरों में छापेमारी के दौरान 'काफिरों पर हमला कैसे करें' जैसे विषयों पर किताबें भी बरामद हुईं।

झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि पांचों संदिग्धों के विदेश यात्रा के कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं, लेकिन डिजिटल फुटप्रिंट के ज़रिए उनके नेटवर्क की गहराई से जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि उनका हैंडलर कोई विदेशी एजेंट था या देश के भीतर बैठा कोई प्रशिक्षित आतंकी। इस बीच, हाल ही में झारखंड के पाकुड़ जिले से आई एक खुफिया रिपोर्ट ने भी चिंता बढ़ा दी है। रिपोर्ट में बताया गया कि बांग्लादेश के कुछ आतंकी पाकुड़ में आकर युवाओं को आतंक की ट्रेनिंग देकर लौट गए थे। इससे पहले झारखंड में पीएम मोदी की हत्या की साजिश और कोलकाता बम धमाकों के तार भी सामने आ चुके हैं।

एटीएस अब इस बात की पड़ताल कर रही है कि झारखंड में हिज्ब उत-तहरीर का स्लीपर सेल कितना गहरा है और किन-किन जिलों में इसके मॉड्यूल एक्टिव हो सकते हैं। पांचों गिरफ्तार आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है और जांच के दौरान कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आ सकते हैं। झारखंड जैसे शांत राज्य में आतंक की ये परछाइयाँ न केवल सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं, बल्कि यह भी दर्शाती हैं कि डिजिटल तकनीक के जरिए आतंक किस तरह बिना सीमा पार किए भी घरों में घुस सकता है। एटीएस की अगली कार्रवाई पर अब पूरे देश की निगाहें टिकी हैं।

दुर्घटना में अलग अलग जगहों पर तीन की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेतिया। जिले में अलग अलग घटनाक्रमों में तीन लोगो की मौत हो गयी है। जगदीशपुर थाना क्षेत्र के अेरेराज जगदीशपुर मुख्य हाईवे ग्लोरियस पब्लिक स्कूल के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत घटनास्थल पर ही हो गई है। मृतक की पहचान नौतन के बरियारपुर निवासी पीतांबर साहनी के रूप में हुई है। दूसरी ओर बलथर थाना क्षेत्र के बैरगीया में ट्रैक्टर के पलट जाने से ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई । मृत चालक की पहचान लखौरा निवासी जिलदार (50) के रूप में की गई है वहीं नवलपुर थाना क्षेत्र के चुनहवापुल के समीप दो बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में एक की मौत हो गयी। जबकि तीन जख्मी हो गये। मृत युवक की पहचान नवलपुर निवासी विजय कुमार के रूप में कि गई है। जानकारी के अनुसार दो मोटरसाइकिल पर पांच लोग सवार थे सभी के सभी घायल हो गए जिसमे एक मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई।

किराना दुकान में गांजा बेचते धंधेबाज धराया

मैनाटांड। स्थानीय पुलिस ने गुरुवार को गांजा से साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राणा प्रसाद ने बताया की गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के पश्चिम पकुहवा गांव के किराना दुकान में एक व्यक्ति गांजा छुपाकर रखा है और उसे पुडीया बनाकर बेचने का काम करता है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचनार्थ पर छापेमारी की। छापामारी के दौरान दुकान से 2 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि मौके से दुकानदार रामराज चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया।

एक नजर

वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

नारदीगंज,नवादा। अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से सुबह टहलने के लिए निकली महिला की मौत सड़क हादसे में हो गई। घटना गुरुवार की सुबह में नारदीगंज खरांट सड़क मार्ग में मसौढ़ा पैक्स गोदाम के आसपास में घटी। मृतका की पहचान मसौढ़ा निवासी कादिर अंसारी का 65 वर्षीय पत्नी कमीदा खातून के रुप में की गई है। घटना की खबर मिलते ही स्वजन व शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी।लोगों को रो रोकर बुरा हाल हो रहा था। सांत्वना देने के लिए लिए लगे रहे। घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर भागने में सफल रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। बताया जाता है कि मसौढ़ा निवासी कमीदा खातून गुरुवार की अहलसुबह में नारदीगंज खरांट सड़क मार्ग पर सुबह में टहलने के लिए निकली थी,ज्योहीं वह मसौढ़ा पैक्स गोदाम के आसपास पहुंची थी,तभी विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने उसे रौंदते हुए निकल गई। घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गईं। मृतका को दो लड़का व एक लड़की है जिनका रो-रो कर बुरा हाल हो गया। थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी कहती है कि पुलिस ने शव को जब्त कर अंत परीक्षण हेतु नवादा सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

रेलवे ट्रैक के समीप से वृद्ध का शव बरामद

नारदीगंज,नवादा। तिलैया राजगीर रेलखंड पर ओड़ो स्टेशन के निकट लोदीपुर जफरा गांव के समीप गुरुवार को अहलसुबह में शव होने की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही काफी संख्या में आसपास के लोग जूट गए, और शव की शिनाख्त करने में लग गए। इस दौरान लोग कई तरह की चर्चा करने में लग गए। इसी बीच लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी, शोएब आलम पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, और शव की पहचान में जुट गए। इसी बीच मृतक के पॉकेट से आधार कार्ड व मोबाइल कवर पुलिस को मिला। पुलिस ने आधार कार्ड पर अंकित उसके नाम व पता से मृतक की पहचान की। आधारकार्ड पर अंकित झारखंड राज्य के गिरिडीह जिले के धनवार थाना के धर्मपुर निवासी अशरफ मियां के 69 वर्षीय पुत्र मुस्तकीम मियां के रुप में की गई है। तदोपरांत कानूनी प्रक्रिया के बाद शव को पुलिस ने बरामद किया। थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी कहती है संभवत ऐसी आशंका जताई जा रही है मृतक का ट्रेन से गिरकर मौत हुई है, वैसे हर घटना की हर पहलू पर जांच की जा रही है। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दिया गया है वही शव को जब्त कर अंत परीक्षण हेतु नवादा सदर अस्पताल भेजा गया है।

विधायक ने दर्जनों पीड़ित परिवार से मिल जताई संवेदना

कौआकोल। गोविंदपुर विधानसभा के राजद विधायक मो0 कामरान ने बुधवार एवं गुरुवार को कौआकोल प्रखण्ड के दर्जनों गांवों का दौरा कर लोगों कक समस्याओं से रूबरू हुए। इस दरम्यान विधायक ने विभिन्न कारणों से आकस्मिक मौत के शिकार हुए दर्जनों पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर उनके स्वजनों से मिलकर संवेदना जताई।

जातीय जनगणना की घोषणा, केंद्र सरकार का ऐतिहासिक फैसला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बेतिया। देश में जातीय जनगणना कराये जाने के फैसले पर एनडीए की ओर से गुरूवार को प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह प.चंपारण के सांसद डा. संजय जायसवाल, सुबे की पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी, जदयू प्रवक्ता हीमराज राम, रालोसपा प्रवक्ता रामपुकार सिंहा ने संबोधित किया। वक्ताओं ने केंद्र सरकार की इस कदम को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए बड़ा कदम उठाया है। यह सामाजिक न्याय को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।जबकि जातीय जनगणना की झुठी क्रेडिट लेने की होड़ महागठबंधन के नेताओं में लगी है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सांसद डा. संजय जायसवाल ने कहा कि इससे देश के विकास में वृद्धि एवं सभी को हिस्सेदारी मिलेगी। यह प्रधानमंत्री के हरवर्ग के लिए प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह कदम सामाजिक न्याय को सशक्त करने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि इसका क्रेडिट लेने का होड़ लालू प्रसाद के पुत्र तेजस्वी यादव आगे आ रहे है। जबकि लालू प्रसाद ने अपने परिवार को आरक्षण देने के सिवा किसी को कुछ नही दिया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री व सुबे की पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार सामाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने के लिए कृतसंकल्पित है। यह निर्णय ऐतिहासिक है। जिसका लाभ प्रायः सभी वर्गो को मिलेगा। जदयू प्रवक्ता हिमराज राम ने कहा कि सर्वप्रथम जातीय गणना नीतीश कुमार ने करवाया। आज पुरे देश में इसकी सैद्धांन्तिक सहमति केंद्र सरकार ने प्रदान कर दी है। इससे गरीबो वंचितों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार का सबका साथ सबका विकास का मूलमंत्र को लेकर यह काम किया गया है। जातीय जनगणना होने से समाज के सभी वर्गो को लाभ मिलेगा। रालोसपा के प्रवक्ता रामपुकार सिंहा ने कहा कि केंद्र की घोषणा के बाद विपक्ष के लोग क्रेडिट लेने के होड़ में है। लेकिन आजादी के बाद कभी भी किसी भी सरकार ने एक ऐतिहासिक फैसला नही लिया। यह कदम ऐतिहासिक है। मौके पर भाजपा नेता व चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रुपक कुमार श्रीवास्तव, जदयू जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न कुशवाहा,जदयू के वरीय नेता डा. एन एन शाही, रालोसपा के जिलाध्यक्ष शैलेश कुशवाहा,हम के रुपेश मिश्र, रालोजपा के जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा समेत अन्य भाजपा व जदयू के नेता मौजूद रहे।

नाबालिग लड़की बरामद

बेतिया/नबिटा ब्यूरो। सीमा पर एसएसबी के जवानों ने तस्करी कर नेपाल ले जा रहे एक नाबालिग लड़की को मुक्त कराते हुए तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के लिए एंटी ह्यूमन ट्रैफिक टीम रक्सौल एवं प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर बेतिया को सूचित किया गया। पूछ ताछ करने पर बच्ची ने टीम के सदस्यों को बताया कि वह वैशाली जिले की रहने वाली है। प्रेम जाल में फंसाकरउसी के गांव का रहनेवाला विकास नाम का व्यक्ति ने वैशाली के हीं मुन्ना सिंह के साथ सिकटा भेजा। जहां मौके का फायदा उठा कर रात्रि में मुन्ना सिंह ने शारीरिक संबंध बना लिया। पीड़िता ने बताया कि मुझे नेपाल ले जाकर किसी से बेचने के लिए फोन पर बात कर रहे थे। इधर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज गिरफ्तार मुन्ना सिंह को जेल भेज दिया है। वही लड़की को मेडिकल और न्यायालय में बयान के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

अंतराज्यीय अपराधी गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बेतिया। किसी बड़े आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे पांच बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से पुलिस ने अवैध हथियार, मादक पदार्थ एवं कारतूस भी बरामद किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए बेतिया एसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुयी कि बैरिया थाना क्षेत्र के तिलंगही में अंतराज्यीय अपराधियों का गिरोह एकत्र होकर किसी बड़े घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे है। सूचना के सत्यापन के लिए सदर एसडीपीओ टू रजनीश कांत प्रियदर्शी के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर तिलंगही भेजा गया। पुलिस ने संभावित ठिकाने पर घेराबंदी करते हुए छापामारी की। जहां से पांच युवकों को धर दबोचा गया। तलाशी के दौरान उनके पास से दो देशी पिस्तौल, दो देशी कट्टा, 12 जिंदा कारतूस, एवं 1.362 ग्राम चरस बरामद किया गया। पुलिस ने पांचो को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान उनके द्वारा प्रयुक्त की जा रही बाइक को भी जब्त किया गया। जो चोरी का पाया गया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों में से एक उतरप्रदेश के महाराजगंज जिले के भेदीभर सिसवा बाजार निवासी शैमुदीन उर्फ शंकर सिंह उर्फ राहुल, देवरिया जिला के भलुआनी भैया फुलवरिया का पंकज सिह है। जबकि अन्य सदस्यों में श्रीनगर थाना के पुजहा पटजिरवा निवासी अशोक तिवारी, बगहा के पटखौली थाना का पटखौली निवासी रंजन सिंह एवं मुफस्सिल थाना के विशंभरपुर निवासी मो. अली उर्फ मो. महताब है। एसपी ने बताया कि छापामार दल में एसडीपीओ के अलावे बैश्रया थानाध्यक्ष अंजेश कुमार, नौतन थानाध्यक्ष राजेश कुमार, तकनीकी सेल के ज्वाला सिंह, बैरिया के पुअनि लौखान शर्मा, मिथिलेश कुमार, सर्वेश कुमार एवं बैरिया थाना के सशस्त्र पुलिस बल के जवान व जिला तकनीकी सेल का सराहनीय सहयोग रहा।

श्रम दिवस पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेतिया। श्रम दिवस के अवसर पर स्थानीय रामचंद्र नेत्रालय में मजदूर वर्ग के लोगों के लिए निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 55 से अधिक लोगों का डा. राजीव कुमार गुप्ता ने नेत्र जांच कर उचित दवाई एवं चश्मा का मुफ्त वितरण किया साथ ही मोतियाबिंद के मरीज़ों का आगे मुफ्त में ऑपरेशन भी किया जायेगा। मौके पर माकपा के जिलामंत्री ओमप्रकाश क्रांति, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्र डॉ सुशील प्रसाद चौधरी, डॉ विजय मंगल देव, विनय गोयनका, डॉ दीपक श्रीवास्तव, डॉ संजय कुमार, डॉ मुन्ना प्रसाद, डॉ अभिषेक कुमार, प्रधानाध्यापक सफदर हुसैन एवं मनोज कुमार आदि ने मजदूर वर्ग के लोगों के समक्ष अच्छे स्वास्थ्य की देखभाल, स्वस्थ जीवन शैली एवं शिक्षा एवं अपने अधिकार के संबंध में अपनी-अपनी बातें रखीं। मौके पर नूर ऑप्टिकल के अफाक अहमद ने अपनी तरफ से सभी जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त में चश्मा दिया। इस मौके पर संस्थान के सहयोगियों बृज किशोर प्रसाद, विशाल मार्क, सुधांशु कुमार, संतोष कुमार श्रीवास्तव एवं श्याम कुमार का सराहनीय सहयोग रहा।

आतंकी हमले के विरुद्ध निकाली गयी जन आक्रोश मशाल रैली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेतिया। कश्मीर के पहलगाम में पर्यटको पर हुए आंतकी हमले एवं सामुहिक हत्या के विरोध में नव युवक दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में एवं भाजपा के युवा नेता प्रतीक शर्मा के नेतृत्व में जन आक्रोश मशाल रैली एवं कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। रैली में रोटी बैंक के अध्यक्ष प्रियांशु, विशाल सोनी, विकास कुमार , विनीत, आदित्य, हिमांशु, अजीत, चंदन सोनी, प्रशांत शराफ, दिवाकर, उत्सव ठाकुर, भाजपा के जिला कार्यालय मंत्री श्री अक्षय राज सिंह सहित सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया। पूरा नगर राष्ट्रभक्ति के नारों और मशालों की लौ से जगमगा उठा। मौके पर प्रतीक शर्मा ने पाकिस्तान को करारा जवाब देने की बात करते हुए कहा कि देश वासियों को यह उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाकिस्तान को खून के आंसू रुलाएंगे। इस हमले की गूंज हर एक पाकिस्तानी को पीढ़ियों तक याद रहेगी। भारत अपने वीरों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देगा। भाजपा के जिला कार्यालय मंत्री अक्षय राज सिंह ने कहा कि यह हमला केवल जम्मू-कश्मीर पर नहीं, पूरे भारतवर्ष के स्वाभिमान पर हमला है। हमें एकजुट होकर आतंकवाद और उसके सरपरस्तों को हर मोर्चे पर परास्त करना होगा। हर युवा को अब राष्ट्र की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध होना पड़ेगा। यह शोक का समय नहीं, जागरण का समय है। श्रद्धांजलि सभा में 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया गया एवं आतंकवाद के समूल विनाश का संकल्प लिया गया।

वक्फ़ संशोधन बिल का विरोध होता रहेगा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेतिया। पटना के फुलवारी शरीफ स्थित इमारत ए सरिया के अमीरे शरीयत सैयद शाह अहमद वली फैसल रहमानी ने वक्फ संसोधन बिल को काला कानून करार दिया है। शहर के बड़ा रमना मैदान में वक्फ बिल के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल बोर्ड के आहवान पर आयोजित विरोध प्रर्दशन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वक्फ और समाजवाद दोनो बराबरी का दर्ज़ा देते है। वक्फ ने समाज मे समानता की तालीम देने का काम वक्फ ने किया है। छुआ छूत से उपर उठकर हर तबके के लोगो को गले लगाया है। अल्लाह के रास्ते मे मुस्लिम लोग अपनी जायदाद को वक्फ करते है। इसपर बनी स्कूल, कॉलेज, यूनिर्वसिटी मे 85 फीसदी से ज्यादा गैर मुस्लिम के बच्चे तालीम हासिल करते है। लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार वक्फ संशोधन बिल 2024 के तहत मुसलमानो के द्वारा वक्फ की गई जमीन को हड़पना चाहती है। हमारे दीन, शरियत कानून पर सीधे सीधे हमला कर रही है।जिसको किसी भी कीमत पर बर्दास्त नही किया जाऐगा इस बिल का विरोध इमारत-ए-सरिया के आह्वान पर बिहार, उड़ीसा, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल के साथ साथ पूरे देश मे किया जा रहा है। पूरे देश मे लगभग 9 लाख एकड़ रजिस्टर्ड जमीन है,जबकि इसके अलावे लाखो एकड़ जमीन और भी है।इन सभी जमीनो को कारपोरेट घरानो को देना चाहती है। इस प्रदर्शन मे शहर के तमाम मस्जिदों से जुमा नमाज के बाद नमाजी रमना मे पहुंचे। बसों,ट्रेक्टर के साथ साथ गाड़ियों मे मुस्लिम पहुंच प्रदर्शन मे शरिक हुए।

समाजसेवा में जादू बिखेर रहा रोटरी क्लब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेतिया। रोटरी क्लब बेतिया टाउन की ओर से गुरुवार की देर शाम एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डिस्ट्रीक्ट गर्वनर विपिन चाचान का स्वागत किया। मौके पर सर्वप्रथम प्रेसिडेंट डीके सिंह द्वारा कार्यक्रम के शुरुआत की घोषणा की गयी। तत्पश्चात पहलगाम के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। मंच का संचालन कुमारी अंजली के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोटरी 3250 के डिस्ट्रीक्ट गर्वनर विपिन चाचान ने कहा कि रोटरी केवल नाम नही बल्कि किसी भी व्यक्ति का पहचान है। इसमें जुड़नेवाले व्यक्ति की पहचान ग्लोबल स्तर पर हो जाती है। उन्होंने कहा कि यहीं समाजसेवा रोटरी का जादू है। इसके पूर्व रोटरी बेतिया सीटी के सचिव अजय शर्मा ने जुलाई से लेकर अबतक क्लब की ओर से किये गये कार्यो को वार्षिक प्रतिवेदन के रुप में प्रस्तुत किया। क्लब के प्रेसिडेंट डीके सिंह ने कहा कि सामाजसेवा करने के लिए रोटरी एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम को असिस्टेंट गर्वनर डा. प्रदीप कुमार ने भी संबोधित किया। मौके पर डा. इमानुएल शर्मा, रमेश तोदी आदि भी मौजूद रहे। इस दौरान क्लब की ओर से बेरोजगार एक महिला को सिलाई मशीन भी जीविकोपार्जन के लिए सौंपा गया। कार्यक्रम में मनोज राव, रेणु शर्मा, दीपक कानोडिया, विष्णु जालान राजेश सिकारिया मदन वनिक डा संतोष रोटरी क्लब बेतिया सेंट्रल के अध्यक्ष सुजय कुमार,एकबाल रजा, शीला रंजन, इनरव्हील की अध्यक्ष रंजना गोयल संहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

बीइओ ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

लौरिया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनिष कर ने प्रखंड क्षेत्र के तीन विद्यालयों का औचक निरिक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजकीय मध्य विद्यालय कन्या, राजकीय मध्य विद्यालय बालक एवं राजकीय मध्य विद्यालय सीतापुर का निरीक्षण किया। उनके निरीक्षण के दौरान तीनों विद्यालय में छात्र छात्रा एवं शिक्षकों की उपस्थिति मिली साथ ही उन्होंने एमडीएम में बच्चों को दिए जाने वालों भोजन के गुणवत्ता तथा साफ सफाई को भी देखा। छात्र छात्रा के ड्रेस कोड, विद्यालय के अभिलेख का भी निरीक्षण किया। प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने सभी शिक्षकों को रूटिंग के अनुसार घंटी तथा पढ़ाई करने का भी निर्देश दिया। साथ ही एचएम को क्लास आवर में शिक्षकों द्वारा मोबाइल उपयोग नही करने का भी बात बताई।

पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन - 713301 द्वारा आसनसोल मंडल में जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) एवं मल्टीपर्पस स्टॉल के अधीन मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल के प्रावधान के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के मार्फ़त आईआरईपीस पोर्टल के जरिये खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :

1. नीलामी कैटेलॉग संख्या : सीएटीजी-जीएमयू-25-4। क्रम संख्या; एसईक्यू संख्या; लॉट संख्या/श्रेणी; ई-नीलामी की तारीख/समय एवं कार्य का विवरण निम्नानुसार हैं : **1;** एए/1; **सीएटीजी-एएसएन-केजेएमई-जीएमयू-15-24-1**; 14.05.2005 को दोपहर 1.30 बजे एवं 05 वर्षों की अवधि के लिए जनरल माइनर यूनिट के अधीन काजोड़ा ग्राम रेलवे स्टेशन (श्रेणी-ई) की प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर अंडाल छोर के प्लेटफॉर्म शेड के नज़दीक मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल 10' x 6' (60 वर्ग फ़ीट) के जरिये खानपान सेवाओं का प्रावधान। महिलाओं के लिए निर्धारित। **2**; एए/2; **सीएटीजी-एएसएन-यूकेए-जीएमयू-14-24-1**; 14.05.2025 को दोपहर 1.40 बजे एवं 05 वर्षों की अवधि के लिए जनरल माइनर यूनिट के अधीन उखरा रेलवे स्टेशन (श्रेणी ई) की प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर सैंथिया छोर के प्लेटफॉर्म शेड के पास मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल 10'x6' (60 वर्ग फीट) के जरिये खानपान सेवाओं का प्रावधान। **3**; एए/3; **सीएटीजी-एएसएन-केएमएई-जीएमयू-24-23-1**; 14.05.2025 को दोपहर 1.50 बजे एवं 05 वर्षों की अवधि के लिए जनरल माइनर यूनिट के अधीन कुमारधुबी रेलवे स्टेशन (श्रेणी डी) के डाउन प्लेटफॉर्म, कालका छोर पर पैदल ऊपरी पुल के पास मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल 10'x6' (60 वर्ग फीट) के जरिये खानपान सेवाओं का प्रावधान। **4**; एए/4; **सीएटीजी-एएसएन-ओवाईआर-जीएमयू-23-24-1**; 14.05.2025 को दोपहर 2.00 बजे एवं 05 वर्षों की अवधि के लिए जनरल माइनर यूनिट के अधीन वारिया रेलवे स्टेशन (श्रेणी ई) की प्लेटफॉर्म सं. 3-4 पर मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल 10'x6' (60 वर्ग फीट) के जरिये खानपान सेवाओं का प्रावधान। **5**; एए/5; **सीएटीजी-एएसएन-एसटीएल-जीएमयू-76-23-1**; 14.05.2025 को दोपहर 2.10 बजे एवं 05 वर्षों की अवधि के लिए जनरल माइनर यूनिट के अधीन सिमुलतला रेलवे स्टेशन (श्रेणी डी) के डाउन प्लेटफॉर्म के शेड के नीचे मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल (आकार 10'x6' = 60 वर्ग फीट) के जरिये खानपान सेवाओं का प्रावधान। **6**; एए/6; **सीएटीजी-एएसएन-सीएएम-जीएमयू-67-24-1**; 14.05.2025 को दोपहर 2.20 बजे एवं 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए छोटा अम्बोना (श्रेणी ई) रेलवे स्टेशन के डाउन प्लेटफॉर्म पर मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल (आकार 6'x10' =60 वर्ग फीट) के जरिये खानपान सेवाओं का प्रावधान। **7**; एए/7; **सीएटीजी-एएसएन-एमएनएई-जीएमयू-16-24-1**; 14.05.2025 को दोपहर 2.30 बजे एवं 05 वर्षों की अवधि के लिए जनरल माइनर यूनिट के अधीन मानकर रेलवे स्टेशन (श्रेणी डी) की प्लेटफॉर्म संख्या 1-2 पर मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल 10'x6' (60 वर्ग फीट) के जरिये खानपान सेवाओं का प्रावधान।

2. नीलामी कैटेलॉग संख्या: एएसएन-एमपीएस-25-3। एसईक्यू संख्या: एए/1। **लॉट संख्या/श्रेणी:** एमपीएस-एएसएन-केजेएमई-एमपीएस-7-24-1। **ई-नीलामी की तारीख/समय:** 16.05.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **कार्य का विवरण :** 05 वर्षों की अवधि के लिए काजोड़ा ग्राम रेलवे स्टेशन की प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर स्टेशन मास्टर कार्यालय के पास मल्टीपर्पस स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट x 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन। अनारक्षित (कोई भी) के लिए निर्धारित। सम्पूर्ण विवरण तथा दी गई अनुसूची के अनुसार ऊपर उल्लिखित ई-नीलामी के तहत भाग लेने के लिए सभी भावी बोलीदाताओं को यह सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

(ASN-34/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

आद्रा मंडल के तहत संका, भोजूडीह, दामोदर एवं गढ़ध्रुवेश्वर स्टेशनों में स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंटों (एसटीबीए) की सुपुर्दगी

अधिसूचना सं. सी-669/एसटीबीए/आद्रा/2025/03 दिनांक: 02.05.2025

क्रमांक एवं स्टेशन का नाम; स्थान कोड क्रमशः निम्नलिखित हैं: (1) संका; एसएनकेआर, (2) भोजूडीह; बीजेई, (3) दामोदर; डीएमए, (4) गढ़ध्रुवेश्वर; जीआरबी, **•श्रेणी:** प्रत्येक स्टेशन के लिए एनएसजी-6; **•यूटीएस काउंटरों की संख्या (चौबीसों घंटे):** प्रत्येक स्टेशन के लिए 01; **• बयाना राशि की रकम:** प्रत्येक स्टेशन के लिए रु. 2,000/-। **• सुरक्षा जमा:** प्रत्येक स्टेशन के लिए रु. 10,000/-। **• रु. 1 लाख के बिक्री टर्नओवर से अधिक पर कमिशन की दर, जिसे आवेदन में कोट किया जाना चाहिए:** प्रत्येक स्टेशन के लिए 0% - 4%। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा आद्रा मंडल के तहत ऊपर उल्लेखित श्रेणी के स्टेशनों में स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंटों (एसटीबीए) की नियुक्ति के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है: **अधिसूचना सं. सी-669/एसटीबीए/आद्रा/2025/03, दिनांक: 02.05.2055; आवेदन की प्रकृति:** स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति। **मूल्य:** कमिशन अधारित। **बयाना राशि:** रु. 2,000/- एनएसजी-6 (प्रत्येक आवेदन हेतु)। **आवेदन प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **एसटीबीए की नियुक्ति हेतु स्थान:** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के तहत आद्रा एवं खड़गपुर अनुभाग के बीच **संका, भोजूडीह, दामोदर** तथा **गढ़ध्रुवेश्वर**। **नियम एवं शर्तों के साथ आवेदन प्रपत्र की उपलब्धता:** आवेदन प्रपत्र **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का कार्यालय, आद्रा** में **दिनांक 02.05.2025 से 23.05.2025 तक** कार्यकारी दिवस को **सुबह 10.30 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक** उपलब्ध रहेंगे अथवा **www.ser.indianrailways.gov.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं। **आवेदन जमा करने की तारीख एवं स्थान:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का कार्यालय/आद्रा में दिनांक 23.05.2025 को सुबह 10.30 बजे से अपराह्न 1.00 बजे के बीच। **निविदा पेटी खुलने की तारीख एवं समय:** 23.05.2025 को अपराह्न 4.00 बजे अथवा छुट्टी का दिन या अपरिहार्य कारणवश बंद रहने पर अगले दिन। **कार्य का विवरण:** अनारक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट तथा सीजन टिकट की बिक्री। **आवेदक के लिए पात्रता का मानदंड:** विस्तृत जानकारी के लिए कृपया **www.ser. indianrailways.gov.in** देखें।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/आद्रा

(PR-110)

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

ई-निविदा सूचना सं. ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-32-25, दिनांक 30.04.2025; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करी जाती हैं। **कार्यों का विवरण:** (1) बोकारो स्टील सिटी सेटेलमेंट में पम्प हाउस से घिस चुकी टैंक के स्थान पर एक लाख गैलन क्षमता वाली ओवरहेड आरसीसी टैंक का प्रावधान, (2) महुदा में पुरानी जंग लगी हुई पीएस टैंक का प्रतिस्थापन, (3)

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 02-05-2025 22:19 Page 1

खेलो इंडिया यूथ गेम 2025 की मशाल यात्रा पहुंची वैशाली

- 4 से 15 मई तक पांच शहरों में होगा खेल
- 28 राज्यों के 8500 खिलाड़ी लेंगे भाग
- डीएम ने किया मसाल का भव्य स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हाजीपुर। वैशाली जिला में खेलो इंडिया यूथ गेम 2025 के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु विभिन्न जिलों का भ्रमण करता हुआ मशाल यात्रा आज वैशाली जिला के हाजीपुर पहुंचा, जहां समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी यशपाल मीणा के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर अनेक खेल गतिविधियों का आयोजन हुआ और विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन 4 मई से 15 मई तक पांच शहरों यथा पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय में हो रहा है।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में 28 खेलों के लिए 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों से 8500 खिलाड़ी और 1500 खेल प्रशिक्षक और तकनीकी अधिकारी शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर मशाल यात्रा के साथ आए सभी अतिथियों और खिलाड़ियों का सम्मान और उत्साहवर्धन जिला अधिकारी ने किया है। मशाल यात्रा के टीम लीडर नरेंद्र कुमार, रवि कुमार पांडेय और मुकेश कुमार को जिला पदाधिकारी ने अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित भी किया है।

मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह राज्य के लिए गौरव की बात है कि इस वर्ष खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी बिहार को मिली है।

वैशाली के डीएम यशपाल मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल से राज्य में खेलों को लेकर एक नई ऊर्जा और उत्साह देखी जा रही है। सरकार की योजना मेडल लाओ नौकरी पाओ जैसी योजनाओं से कई खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी का लाभ मिला है।

उन्होंने मौके पर छात्रों और युवाओं से अपील की है कि वे अपनी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रुचि लें और अपने गांव, पंचायत, शहर, जिला और राज्य का नाम रौशन करें। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी वीरेंद्र नारायण, जिला खेल पदाधिकारी आरती कुमारी और विशेष कार्य पदाधिकारी विशाल के साथ कई पदाधिकारी उपस्थित रहे वहीं कई खिलाड़ी भी इस मौके पर उपस्थित रहे।

गैस सिलेंडर फटने से लगी आग

शिवहर। शिवहर में दर्दनाक हादसा हुआ है। इसमें केवल सामान ही नहीं बल्कि दो परिवारों की खुशियां जलकर राख हो गई। आग की लपटों ने लड़का और लड़की वालों के अरमानों पर पानी फेर दिया। हालत यह हुआ कि राख के ढेर पर ही शादी समारोह संपन्न हुआ। ग्रामीणों की मदद से लड़की वालों ने किसी तरह हिम्मत जुटाई और सादे-सामान्य तरह से बेटी की विदाई करवाई। बारात में आए लोग भी मायूस चेहरा लेकर लौट गए। मामला जिले के फतहपुर थाना क्षेत्र के कहतरवा गांव में हुआ। बताया जा रहा है कि कहतरवा गांव निवासी सुरेश साह की बेटी की शादी की तैयारियां अन्तिम चरण मे थी। तरियानी छपरा से बारात आने वाली थी। पंडाल सज चुका था, खाना बनने की तैयारी चल रही थी। इसी बीच अचानक आग लग गई। जब तक लोग संभल पाते तब तक आग पूरे पंडल में फैल गई और देखते ही देखते गैस सिलेंडर ब्लास्ट कर गया। इसके बाद आग इतनी तेजी से फैली कि पूरा शादी का पंडाल, घर और वहां खड़ा ट्रैक्टर तक जलकर राख हो गए।

निजी चिकित्साकर्मी को बेखौफ अपराधियों ने मारी गोली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। राजधानी पटना में अपराधियों का बेखौफ तांडव जारी है। बाइक सवार अपराधियों ने दूसरे बाइक सवार युवक को दिनदहाड़े गोली मार दी। घटना स्थल से तीन खोखा और कई जिंदा कारतूस पुलिस ने बरामद किया है। घटना स्थल पर पुलिस आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है।

मामला पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र का है। युवक को घायल अवस्था में इलाज के लिए आनन-फानन में निजी अस्पताल भेजा गया। बाइपास दासरथा मोड के पास घटना हुई है। युवक की पहचान अमित कुमार थाना खगौल क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। अमित कुमार को घायल अवस्था में स्थानीय लोगों द्वारा बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल भेजा गया था, जहां इलाज के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

दो थानों की बॉर्डर के बीच मामला कई घंटे उलझा रहा। एक तरफ जक्कनपुर थाना तो दूसरी तरफ बेउर थाने की सीमा बताई जा रही थी। सूत्रों की माने तो जहां घटना घटी, वहां से 200 मीटर दूरी पर बेउर थाने की गश्ती जीप लगी थी। ड्यूटी में तैनात अजित कुमार यादव गश्ती जीप पर बैठे थे।

वहीं, घटना के बाद वरीय अधिकारी पटना सदर एसडीपीओ अभिनव कुमार मौके पर पहुंचे। जानकारी के मुताबिक, मृतक युवक मेडिकल से है और पास के ही फोर्ड अस्पताल में कार्यरत थे। दो की संख्या में बाइक सवार अपराधियों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया। अपराधी जल्द सलाखों के पीछे नजर आएंगे। यह पटना पुलिस ने दावा किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, नौ एमएम पिस्टल से घटना को अंजाम दिया गया है।

10 वर्षों बाद फर्जीवाड़े में धराये गुरूजी

जमुई। जमुई में एक बार फिर 10 साल काम करने के बाद एक फर्जी शिक्षक पकड़ा गया। मामला सिकंदरा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय नवकाडीह के एक शिक्षक से जुड़ा है। इसे लेकर दो दिन पूर्व निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना के डीएसपी विकास कुमार श्रीवास्तव ने कूट रचना (फोर्जरी) कर फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर सरकारी शिक्षक की नौकरी प्राप्त करने के मामले में लछुआड़ थाने में उत्क्रमित उच्च विद्यालय नवकाडीह के प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप कार्यरत शिक्षक विपिन कुमार के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। निगरानी पटना हाई कोर्ट के जनहित याचिका संख्या सीडब्ल्यूजेसी न.15459/14 में पारित आदेश के आलोक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना जमुई द्वारा शिक्षक विपिन कुमार के शैक्षणिक व प्रशैक्षणिक अंक पत्र व प्रमाण पत्रों की जांच से संबंधित फोल्डर उपलब्ध कराए गए।

नेपाल से आये जंगली हाथियों ने मचायी तबाही

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

किशनगंज। बिहार के किशनगंज जिले में नेपाल से आए जंगली हाथियों ने भारी तबाह मचा रखी है। शुक्रवार को दिघलबैंक प्रखंड क्षेत्र के मूलाबाड़ी, डोरिया और आसपास के सीमावर्ती गांवों में हाथियों का झुंड मक्के की फसलों को नष्ट कर रहा है और खेत से निकलकर सड़क पर पहुंच गया है। करीब 5-6 की संख्या में हाथियों के झुंड ने उत्पात मचा रखा है।



शुक्रवार को धनतोला, मुलाबारी और अन्य सीमावर्ती गांवों में जंगली हाथियों को सड़क पर देखा गया। हाथियों को देखने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। जहां लोगों के घरों को तोड़ते हुए किसानों के फसलों को लगातार बर्बाद किया जा रहा है, जिससे किसानों का लाखों का नुकसान हो गया है। दिन के उजाले में हाथियों के इस तरह से गांव में घुसकर उत्पाद मचाने से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

प्रभावित किसानों में सखीलाल, मोहम्मद माफिक, मो. मुश्फिक, तबस्सुर आलम, विशांत लाल, अंतिम कुमार आदि शामिल हैं। किसानों के अनुसार, हाथियों ने कई बीघा खेतों में खड़ी मक्के की फसल को नष्ट कर दिया है। इससे उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से हाथियों को रोकने और नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है।

वन विभाग को घटना की सूचना दे दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब तक प्रशासन और वन विभाग की टीम के द्वारा कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है। हाथियों को भगाने के लिए कोई पुख्ता कदम उठाने से इस तरह से नुकसान उन्हें नहीं उठाना पड़ता। लोग भयभीत होकर रहने में मजबूर हैं।

उपद्रवी तत्वों ने दी गला काटने की धमकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुंगेर। भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा के चेयरमैन सह सेवानिवृत्त उप निदेशक स्वास्थ्य विभाग डॉ. सुधीर कुमार को लाइट बंद करने का विरोध करना भारी पड़ गया।

लाइट बंद करने का विरोध करने पर उपद्रवी तत्वों ने उन्हें गला काट देने की धमकी दी। दरअसल, मामला यह है कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और इमारत-ए-शरिया की ओर से वक्फ संशोधन कानून 2025 के विरोध में बुधवार 30 अप्रैल की देर रात 9 बजे से 9:15 बजे तक ब्लैक आउट (बत्ती गुल) का आह्वान किया गया था।

संविधान पर आस्था रखने वाले सभी हिंदुस्तानी और मुसलमानों से अपील किया गया कि वे अपने-अपने घरों, दुकानों, फैक्ट्री, ऑफिस आदि जगहों की लाइट बंद कर वक्फ संशोधन कानून 2025 का विरोध करें।

इसको लेकर 30 अप्रैल की रात मुस्लिम समुदाय के लोग निर्धारित समय पर अपने-अपने घरों, दुकानें, फैक्ट्री आदि की लाइट बंद रख वक्फ संशोधन कानून का विरोध कर रहे थे।

इसी क्रम में कुछ उपद्रवी तत्वों ने कोतवाली थाना क्षेत्र के सुभाष नगर स्थित हिंदू मोहल्ले में लगे बिजली के पोल से लाइट बंद करने लगे। इसी दौरान उपद्रवियों ने भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा के चेयरमैन के घर के पास बिजली के पोल पर जल रहे लाइट को बंद करने लगे। इसका डॉ. सुधीर ने विरोध किया।

इसपर उपद्रवियों ने पहले तो उनके साथ गाली-गलौज किया तथा वक्फ संशोधन बिल 2025 का विरोध करने को कहा। डॉ. सुधीर ने कहा कि जब ऐसा करने से इन्कार किया तो उपद्रवियों ने उन्हें गला काट देने की धमकी दी। इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी।

दो वाहनों की टक्कर में बोलेरो पलटी

मुजफ्फरपुर। जिले में दो वाहनों की टक्कर में बोलेरो पलट गया। हादसे में कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। वहीं, हादसे के बाद से मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। कई अन्य लोग भी घायल हुए हैं। यह हादसा मुजफ्फरपुर-मोतिहारी नेशल हाइवे-27 के कांटी थाना क्षेत्र के पहाड़पुर न्यू बाइपास के पास की बताई जा रही है।

जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं, घायलों को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में एक वाहन पलट गया है, जबकि दूसरे वाहन का चालक वाहन छोड़कर मौके से भागने में सफल रहा है। इस घटना को लेकर बताया जा रहा है कि पटना की ओर से न्यू बाइपास से एक स्विफ्ट डिजायर कार आ रही थी। इसी क्रम में पीछे से आ रही एक बोलेरो ने ओवरटेक किया, जिसके बाद से तेज रफ्तार के कारण बोलेरो पलट गया और इसी दौरान पीछे से आ रही एक स्विफ्ट डिजायर कार ने पीछे से टक्कर मार दी।

उत्तर बिहार में बारिश के आसार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पूसा। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले चार दिनों में उत्तर बिहार के जिलों के आसमान में हल्के बदल देखे जा सकते हैं। 4-5 मई के आसपास आसमान में मध्यम बादल आ सकते हैं। इसके कारण 5 मई के आसपास बिहार के जिलों में कहीं-कहीं हल्की वर्षा मेघ गर्जन के साथ हो सकती है।

इस अवधि में अधिकतम तापमान 34-36 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। न्यूनतम तापमान 22-25 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहेगा। मौसम विभाग के द्वारा शुक्रवार को अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। 5 से 20 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से पूरबा हवा चलने की संभावना है। 5 मई के आसपास सतही हवा की गति थोड़ी तेज हो सकती है।

4-5 मई के आसपास मौसम में परिवर्तन होने से हल्की बूंदा बूंदी की संभावना बन सकती है। इस मौसम को देखते हुए कृषि कार्यों में सतर्कता बरतें। गेहूं, अरहर तथा रबी एवं मक्का की कटनी तथा सुखाने का काम सावधानी पूर्वक करें। कटी हुई गेहूं की दौनी कर सुरक्षित स्थान पर भंडारित कर लें। कीटनाशकों का छिड़काव आसमान साफ रहने पर ही करें।

मूंग एवं उरद की फसल में रस चूसक कीट माहु, हरा फुदका, सफेद मक्खी व थ्रीप्स कीट की निगरानी करें। यह कीट पौधे की पत्तियों, कोमल टहनियों, फूल व अपरिपक्व फलियों से रस चूसते है। सफेद मक्खी पीला मोजैक रोग को फैलाने का काम करती है। थ्रीप्स कोमल कलियों व पुष्पों को बहुत क्षति पहुंचाती है।

इस कारण फूल खिलने से पहले झड़ जाती है, फलियां नहीं बन पाती है। इन कीटों का प्रकोप दिखने पर बचाव के लिए मैलाथियान 50 ईसी या डाडमेथोएट 30 ईसी का 1 लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से फसल में छिड़काव मौसम साफ रहने पर ही करें। हल्दी एवं अदरक की बुआई के लिए खेत की तैयारी करें। खेत की जुताई में प्रति हेक्टेयर 25 से 30 टन गोबर की सड़ी खाद डाले। 15 मई से किसान भाई हल्दी एवं अदरक की बुआई कर सकते हैं।

पत्नी और साली पर मृतक के परिजन ने लगाया हत्या का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। खुदागंज थाना क्षेत्र के रसूली बिगहा गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत ने इलाके में सनसनी फैला दी है। मृतक जहानाबाद जिले के शकुराबाद थाना क्षेत्र के मीरगंज निवासी राम प्रसाद बिंद है। मृतक के स्वजन ने इस मौत को आत्महत्या नहीं, बल्कि पूर्व नियोजित हत्या बताया है।

उन्होंने आरोप लगाया है कि राम प्रसाद की हत्या उसकी पत्नी, साली और गांव के ही एक ऑटो चालक, जो दोनों बहनों का प्रेमी है, ने मिलकर की है।

स्वजन ने बताया कि पत्नी ने बहला फुसलाकर पति को ससुराल रसूली बिगहा गांव बुलाया था, जहां उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई। मृतक के भाई ने बताया कि उसका भाई लुधियाना की एक निजी फैक्ट्री में काम करता था और वह लगभग दस दिन पहले ही छुट्टी पर अपने गांव आया था।

मृतक अवैध संबंध का करता था विरोध

इसी दौरान उसकी पत्नी ने मायके आने की जिद और राम प्रसाद वहां चला गया। वहां जब अपनी पत्नी और साली के अवैध संबंध की जानकारी हुई, तो उसने इसका विरोध किया, जिससे नाराज होकर तीनों ने साजिश के तहत उसकी जान ले ली। हालांकि, गांव में चर्चा है कि युवक ने खुद फांसी लगाई थी। मृतक की पत्नी द्वारा सूचना देने के बाद उसका शव उसके परिजन अपने साथ ले गए।

खुदागंज थानाध्यक्ष जेपी नारायण ने बताया कि मृतक के स्वजन ने जहानाबाद जिले के शकुराबाद थाना में आवेदन देकर हत्या की आशंका जताई है। शकुराबाद थाना से जीरो एफआईआर दर्ज कर मामला खुदागंज थाना को स्थानांतरित कर दिया गया है। मामले में सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर छानबीन की जा रही है।

मंत्री ने की कार्यों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। समीक्षा भवन में बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में कहलगांव विधायक पवन कुमार यादव, जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी और सहकारिता विभाग के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी मणि भूषण प्रसाद ने बताया कि धान की अधिप्राप्ति लक्ष्य के विरुद्ध 83.18 मीट्रिक टन किया गया है, जो बिहार में दूसरे स्थान पर है।

गेहूं की अधिप्राप्ति 6.3 मीट्रिक टन हुई है। उन्होंने बिहार राज्य फसल सहायता योजना के अंतर्गत रबी वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 तथा खरीफ वर्ष 2023-24 में सत्यापित आवेदनों की संख्या से अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि जिले में 246 पैक्स 12 किसान उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड, पांच प्रखंड प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी सब्जी लिमिटेड, 143 बुनकर समिति है।

एसी कोच में नशाखुरानी के शिकार हुए नौसेना के अधिकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। ट्रेन से डिब्रूगढ़ से कन्याकुमारी जा रहे नौसेना के अधिकारी को नशाखुरानी गिरोह ने शिकार बना लिया। मंगलवार की शाम बेहोशी की हालत में उन्हें बछवाड़ा सीएचसी में भर्ती कराया गया।

बुधवार की सुबह होश में आने पर बछवाड़ा थाना अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह अस्पताल पहुंचे एवं उनसे घटनाक्रम के बारे में पूछताछ की। अधिकारी ने स्वयं को तमिलनाडु के शिवगिरी थाना क्षेत्र के पुदुर गांव निवासी स्व. वेंकट स्वामीनाथन के पुत्र रोबिन स्वामीनाथन बताया।

पीड़ित ने बताया कि उनके घर में एक हादसा होने की सूचना मिलने पर वह 26 अप्रैल को डिब्रूगढ़ से कन्याकुमारी जाने वाली विवेक सुपरफास्ट एक्सप्रेस के एसी तृतीय श्रेणी में यात्रा कर रहे थे।

किशनगंज रेलवे स्टेशन के समीप



वह शौचालय गए। लौटकर सीट पर आए और अपने पास रखी बोतल से पानी पिया, इसके बाद बेहोश हो गए। आंख खुलने पर उन्होंने स्वयं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बछवाड़ा में पाया।

उनके सोने की अंगूठी, गले से सोने की चेन एवं मोबाइल सहित कई महत्वपूर्ण सामानों की चोरी कर ली गई। बछवाड़ा थाना अध्यक्ष ने मामले को गंभीरता से लिया और नौसेना अधिकारी का बेहतर उपचार करवाकर राजकीय रेल पुलिस की देखरेख में उन्हें घर के लिए ट्रेन से प्रस्थान कराया।

वाहन जांच के दौरान बोलेरो से शराब बरामद

गाड़ी में फूल झाड़ू के नीचे छिपाकर ले जा रहे थे धंधेबाज

चालक हिरासत में, पुलिस खंगाल रही कुंडली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नवादा। पटना-रांची रोड एनएच 20 चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर गुरुवार की सुबह करीब चार बजे उत्पाद विभाग की टीम ने वाहन जांच के दौरान झारखंड की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार में महिंद्रा बोलेरो पिकअप को जांच के लिए रोकवाया।

जांच के क्रम में गाड़ी के ऊपर के हिस्से में फूल के झाड़ू भारी मात्रा में लोड थे। इसपर उत्पाद विभाग की टीम को कुछ शक हुआ। जिसके बाद पूरे झाड़ू को हटा कर जांच की गई तो झाड़ू के निचले हिस्से में अंग्रेजी शराब के 75 कार्टून लोड मिले।

जिसके बाद तुरंत पिकअप के चालक को हिरासत में लिया गया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि पिकअप से बरामद शराब रायल कैसीनो व्हिस्की ब्रांड के 375 एमएल का 65 कार्टून और 750 एमएल का 10 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। कुल 675 लीटर शराब जब्त हुई।

उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार चालक झारखंड



राज्य के कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के गोमो गांव के निवासी लखन यादव के पुत्र सुरेंद्र यादव है। मामले में अज्ञात वाहन मालिक अज्ञात शराब धंधेबाज व चालक के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज की गई है।

पूछताछ में सुरेंद्र ने बताया कि चतरा से शराब लोड कर-के चला था। उसे रजौली थाना क्षेत्र के करीगांव स्थित टोल प्लाजा के पास किसी सिकंदर को डिलीवरी देनी थी। इससे ज्यादा उसे कुछ पता नहीं था। शराब धंधेबाज सुरेंद्र को व्हाट्सएप कालिंग के माध्यम से संपर्क में था। अब उत्पाद विभाग की टीम सिकंदर भाई की कुंडली खंगालने में जुट गई है। जांच के दौरान उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक राजेश कुमार पटेल, विकास कुमार सहित अन्य उत्पाद पुलिस बल शामिल थे।

बिहार के कश्मीर में कई राज्यों के जुटते हैं हजारों सैलानी

- सात दिनों में 60 हजार ककोलत पहुंचे सैलानी
- सामानों को रखने के लिए उपलब्ध है लॉकर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नवादा। बिहार का कश्मीर कहे जाने वाले नवादा जिले के गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत ककोलत जलप्रपात में पर्यटकों की सुरक्षा के नाम पर वन विभाग के चंद लाठी वाले वर्दीधारी वनकर्मी तैनात हैं।

यहां सुरक्षा के लिहाज से जरूरी आर्म्ड फोर्स (सशस्त्र सुरक्षा बल) की तैनाती नहीं है। अपनी शीतलता के लिए बिहार समेत पूरे देश में मशहूर ककोलत जलप्रपात का आनंद उठाने के लिए पूरे गर्मी के सीजन में हजारों सैलानी यहां पहुंचते हैं।

इनमें बच्चे, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग सभी उम्र के लोग शामिल होते हैं। ऐसे में ककोलत जलप्रपात में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने बेहद जरूरी हैं। ककोलत जलप्रपात झारखंड-बिहार की सीमा पर अनेक पर्वत श्रृंखलाओं की ऊंची पहाड़ी से शीतल जल के रूप में सदियों से सैलानियों को आकर्षित करता रहा है।

अप्रैल से अगस्त माह तक हर दिन यहां ठंडे पानी में नहाने और वहां की खूबसूरत वादियों का लुत्फ उठाने के लिए हजारों सैलानी पहुंचते हैं। बिहार सहित झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, म.प्र., उप्र. समेत दूसरे राज्यों से भी सैलानी यहां आते हैं।

गया जिला स्थित बोधगया में आए विदेशी पर्यटक भी ककोलत का आनंद उठाने आते हैं। ककोलत जलप्रपात का पूरा इलाका जंगल और पहाड़ियों से घिरा हुआ है। यहां से नक्सल थाना थाली की दूरी करीब एक किमी. है। जरूरत पड़ने पर यहीं से आर्म्स पुलिस बल को बुलाया जाता है।



जानकारी के अनुसार वन विभाग अपनी तरफ से 15 की संख्या में वर्दी पहने हुए वन विभाग के कर्मी को लाठी के साथ तैनात किए हुए हैं। इसमें कुछ महिलाएं भी हैं और पुरुष भी। इसके अलावा पूरे क्षेत्र पर नजर रखने के लिए वन विभाग ने 35 वाचर को भी इस क्षेत्र में भीड़ पर नजर रखने के लिए तैनात किए हुए हैं।

एक साथ अत्यधिक भीड़ होने के बाद इन सुरक्षा कर्मियों को परेशानी होती है। यहां ककोलत द्वार से अंदर प्रवेश करते समय लोग अथवा उनके पास रहे सामान की अच्छी तरह से जांच के लिए मेटल डिटेक्टर भी लगा हुआ नहीं है। वन विभाग के कर्मी ही सामान की जांच करते हैं। हालांकि, दैनिक जागरण से बातचीत में वन प्रमंडल पदाधिकारी ने ककोलत में सुरक्षा जांच के लिए मेटल डिटेक्टर लगाने की जरूर बात कही है।

ककोलत आने वाले पर्यटकों से सोमवार से शुक्रवार तक 10 रुपए का शुल्क लिया जाता है। जबकि शनिवार और रविवार को अधिक भीड़ होती है। उस दिन पर्यटकों से 20 रुपए लिए जाते हैं। मंगलवार को ककोलत सैलानियों के लिए बंद रहता है। वन विभाग ने सैलानियों के सामान को सुरक्षित रखने के लिए लाकर की सुविधा उपलब्ध करा रखी है।

बीते सात दिनों में करीब 60 हजार सैलानी ककोलत पहुंच चुके हैं। बीते 20 अप्रैल को रविवार के दिन 12 हजार, सोमवार को आठ हजार, मंगलवार को वीकली छुट्टी, बुधवार को छह हजार, गुरुवार को सात हजार, शुक्रवार को नौ हजार व रविवार को 11 हजार पर्यटक यहां पहुंचे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीते तीन अगस्त 2024 को ककोलत में करीब ढाई साल तक हुए विकास कार्यों का लोकार्पण किया था।

बिहार का पहला अंडरग्राउंड सब-वे बनकर तैयार

जल्द होगा जनता को समर्पित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। 84.83 करोड़ की लागत से बिहार का पहला अंडरग्राउंड सब-वे बनकर तैयार हो गया है। यह जानकारी पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन शुक्रवार को सब-वे को निरीक्षण करने के दौरान दी। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री से लोकार्पण के लिए समय मांगेंगे। मुख्यंत्री को समय मिलते ही लोकार्पण कराकर आम जन को सौंप दिया जाएगा।

इसके निर्माण से रेल यात्री सीधे पटना जंक्शन से मल्टी मोडल हब में आकर शहर के विभिन्न हिस्सों के लिए वाहन की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। अपना वाहन लगाकर पटना जंक्शन जा सकते हैं। पटना जंक्शन गोलंबर के पास जाम नहीं लगेगा।

पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि पटना शहर स्थित स्मार्ट सिटी के जीपीओ गोलंबर के नजदीक मल्टी मोडल हब को पटना जंक्शन से जोड़ने के लिए 440 तीटर लंबा सब-वे का निर्माण किया गया है। पटना जंक्शन पर वाहनों की पार्किंग से ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न होना बंद हो जाएगा।

वाहनों को मल्टी मोडल हब में पार्किंग कराई जाएगी तथा वाहनों से उतरकर पैदल यात्री इस सब-वे के द्वारा पटना जंक्शन के समीप महावीर मंदिर के पूर्वी छोर से सीधे स्टेशन में प्रवेश कर पाएंगे। मल्टी मोडल हब में सिटी बस की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे पटना शहर के विभिन्न जगहों पर आने जाने के लिए उपयोग किया जाएगा।

मंत्री ने बताया कि इस सब-वे के अंदर ट्रैवलेटर की कुल चार संख्या होगी, जो सब-वे की कुल लंबाई 440 मीटर के अंदर लगभग 148 मीटर की होगी। पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए दो एक्सीलेरेटेर की भी सुविधा प्रदान की गई है। महावीर मंदिर के निकास के पास और मल्टी लेवल पार्किंग के पास एक-एक लिफ्ट की भी सुविधा दी गई है।

मजदूरों के बेहतर हालात के लिए हर संभव प्रयास करेगी कांग्रेस : राजेश राम

कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में असंगठित कामगार कांग्रेस ने मनाया मजदूर दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मजदूर दिवस पर असंगठित कामगार कांग्रेस के तत्वावधान में मजदूर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संवाद कार्यकम में प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, तीनों प्रभारी सचिव सुशील पासी, देवेंद्र यादव और शाहनवाज आलम ने शिरकत की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने मजदूर साथियों से संवाद में कहा कि कांग्रेस ने आपके हक के लिए लड़ाई लड़ी और मनरेगा जैसा कानून लाया जिससे हर हाथ काम की गारंटी दी गई। वर्तमान सरकार ने इस कार्यक्रम को बंद करने की लाख कोशिश की, लेकिन हमारे



शीर्ष नेताओं ने लगातार मुखर होकर इसकी खिलाफत किया जिसका अंजाम रहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे हटाने में नाकाम रहे। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के मजदूरों के दर्द को पहचान कर उस पर आवश्यक कार्रवाई की और कानून लाकर उनके हित को सुरक्षित करने का काम किया। असंगठित क्षेत्र को पहचान कर उनके लिए पिछले लोकसभा चुनाव में आवश्यक बिंदुओं को अपने घोषणा पत्र में शामिल भी किया था। हमने हमेशा देश के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का काम किया है और आपके समर्थन से सरकार में आयेंगे तो बिहार में भी बेहतर काम करके दिखाएंगे। मजदूर वर्ग के आवश्यकताओं को कांग्रेस पार्टी बखूबी जानती है क्योंकि हमने मजदूरों के उत्थान के लिए लगातार काम किया है। आजादी के बाद मजदूर भाइयों का ही योगदान रहा कि हमारा देश आज इस स्थिति में पहुंचा है और आगे आपको और मजबूती देकर हम देश के विकास में आपकी प्रत्यक्ष भागीदारी सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध हैं। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिव देवेंद्र यादव ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के कामगारों के पास प्रायः काम की कमी पाई जाती है और निश्चित कमाई नहीं होती है। इसलिए सबसे ज्यादा परिश्रम और आर्थिक संकट उनके ऊपर होता है, लेकिन कांग्रेस ने इनके बेहतरी के लिए कई योजनाएं संचालित कर रखी हैं। कर्नाटक में आज राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के द्वारा कर्नाटक सरकार द्वारा 12692 दैनिक सफाई कर्मचारियों को पक्की सरकारी नौकरी देने की चर्चा भी उन्होंने की और कहा कि कांग्रेस नेतृत्व आपके बेहतरी के लिए बेहद गंभीर है। प्रभारी सचिव सुशील पासी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने मजदूरों के लिए शुरू से लोक कल्याणकारी योजनाएं चलाई है और हम बारीकी से आपके बेहतरी के लिए काम करने को प्रतिबद्ध हैं। प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी शाहनवाज आलम ने कहा कि देश में असंगठित क्षेत्र के कामगारों को संगठित करने का प्रयास कांग्रेस पार्टी ने की है और इस संगठन को हमारे नेता राहुल गांधी स्वयं के सोच से विकसित किए हैं इसलिए आपकी मजबूती संगठन के भीतर बेहद जरूरी है। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय संयोजक अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राज कुमार शर्मा एवं असंगठित कामगार के बिहार प्रभारी विवेक यादव ने किया।

मंच संचालन अति पिछड़ा विभाग के भाई कुंदन गुप्ता ने किया। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता मोतीलाल शर्मा, जमाल अहमद भल्लू, अजय चौधरी, मंजीत आनंद साहू, विनय वर्मा, शकीलउर रहमान, कुंदन गुप्ता, विनोद चौधरी, अखिलेश्वर कुशवाहा, सूरज यादव सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

लालू परिवार बिहार का सबसे बड़ा राजनीतिक सामंत : संतोष सुमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा है कि लालू परिवार बिहार का सबसे बड़ा राजनीतिक सामंत है। जातीय उन्माद पैदा कर अपना राजनीतिक स्वार्थ साधने वाले इस परिवार का सामाजिक न्याय केवल ढकोसला है। डॉ. सुमन ने कहा कि आरक्षण को अपने परिवार तक सीमित रखने वालों को चुनाव के समय दलित, महादलित और पिछड़ों की याद आती है। सामंतवादी सोच के ये लोग इतने सालों तक सत्ता की मलाई खाते रहे, वास्तविक पिछड़ों व वंचितों की हकमारी करते रहे। डॉ. सुमन ने कहा कि आरक्षण को अपने परिवार तक सीमित रखने वालों को चुनाव के समय दलित, महादलित और पिछड़ों की याद आती है। सामंतवादी सोच के ये लोग इतने सालों तक सत्ता की मलाई खाते रहे, वास्तविक पिछड़ों व वंचितों की हकमारी करते रहे। डॉ. सुमन ने कहा कि आरक्षण को अपने परिवार तक सीमित रखने वालों को चुनाव के समय दलित, महादलित और पिछड़ों की याद आती है। सामंतवादी सोच के ये लोग इतने सालों तक सत्ता की मलाई खाते रहे, वास्तविक पिछड़ों व वंचितों की हकमारी करते रहे। डॉ. सुमन ने कहा कि आज सत्ता से बाहर होते ही आरक्षण की खोखली बातें करने वाला लालू परिवार पार्टी और सरकार में कभी किसी दलित, पिछड़े को कोई सम्माननक पद नहीं दिया। जाति की सीढ़ी बना कर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद और विधायक की रेवड़ी अपने परिवार के लिए हमेशा आरक्षित रखा। ऐसे लोगों से बिहार की जनता को सचेत रहने की जरूरत है।

पीएम मोदी के मास्टर स्ट्रोक के बाद जातिवादी पार्टियों में बौखलाहट : मंगल पांडेय

राजद-कांग्रेस में जाति जनगणना की घोषणा का श्रेय लेने की होड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि राजद-कांग्रेस में जाति गणना की घोषणा का श्रेय लेने की होड़ लगी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का कहना है कि 'जाति जनगणना' हमारा विजन है, वहीं राजद के तेजस्वी यादव का कहना है कि उनके पिता लालू यादव पिछले 30 सालों से जाति गणना की मांग करते रहे हैं। दरअसल इन दोनों का दावा हास्यास्पद है। पीएम नरेंद्र मोदी के मास्टर स्ट्रोक के बाद जातिवादी पार्टियों में बौखलाहट आम बात है। श्री पाण्डेय ने कहा कि राहुल गांधी को बताना चाहिए कि आजादी के बाद के छह दशकों से ज्यादा समय तक देश में किसका शासन था? 1951 और बाद के वर्षों में नेहरू , इंदिरा व राजीव गांधी को



जाति गणना कराने से किसने रोका? 2004 से 2014 तक किसकी सरकार थी? 2011 में हुई गणना की रिपोर्ट कांग्रेस की सरकार ने क्यों नहीं सार्वजनिक की? 2015 में कांग्रेस की कर्नाटक सरकार द्वारा कराई गई जातीय गणना की रिपोर्ट क्यों नहीं प्रकाशित की गई? यूपीए-1 और-2 की सरकार में लालू यादव किंग मेकर की भूमिका में थे। इसके पहले 90 के दशक में भी लालू यादव की दमदार राजनीतिक हैसियत थी, बावजूद उन्होंने जाति गणना कराने की कौन सी पहल की? श्री पाण्डेय ने कहा कि पिछले साल बिहार में हुए जातीय सर्वे को जहां तेजस्वी यादव अपनी उपलब्धियों में गिनाते नहीं थक रहे थे, वहीं, कुछ माह पहले बिहार आकर राहुल गांधी ने उसका उपहास उड़ा कर बिहारियों का अपमान किया था। दरअसल राजद-कांग्रेस की मंशा जाति गणना के जरिए समरस समाज का निर्माण, वंचित तबकों व पिछड़ी जातियों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करना नहीं, बल्कि उनका केवल राजनीतिक इस्तेमाल करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मास्टरस्ट्रोक से देश की सारी जातिवादी पार्टियां मुद्दाविहीन हो।

पिछड़े, दलित वर्ग के लिए निजी क्षेत्र में आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी : तेजस्वी यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। देश में जातीय जनगणना कराने के केन्द्र सरकार के फैसले के बाद गर्मायी सियासत के बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मोदी सरकार और भाजपा पर जोरदार हमला बोला है। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए तेजस्वी यादव ने आरक्षण का मास्टरप्लान भी जारी कर दिया है। उन्होंने कहा है कि आरएसएस और भाजपा के लोग इस पर भी पहले गाली देंगे और फिर हमारे ही एजेंडे को अपना मास्टरस्ट्रोक बताते हुए जरा भी संकोच नहीं करेंगे। इससे पहले उन्होंने जातीय जनगणना के केंद्र सरकार के एलान को समाजवादियों खासकर लालू प्रसाद यादव की जीत करार दिया था। सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर तेजस्वी यादव ने लिखा है कि जातिगत जनगणना तो शुरुआत है, पिक्चर अभी बाकी है। इसी बहाने उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए आरक्षण का अपना मास्टर प्लान भी सार्वजनिक कर दिया है। तेजस्वी ने कहा है कि पिछड़ों/अति पिछड़ों के लिए आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र बनाया जाएगा। पिछड़े, दलित और कमजोर वर्ग के लिए निजी क्षेत्र में आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि ठेकेदारी में कमजोर समाज के लोगों को आरक्षण दिया जाएगा। इसके साथ-साथ न्यायपालिका में आरक्षण का प्रावधान किया जाएगा। मंडल कमीशन की शेष सिफारिशों को लागू किया जाएगा। जातीय जनगणना की रिपोर्ट के आधार पर आबादी के अनुपात में आरक्षण की व्यवस्था होगी। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाया जाएगा और राज्य को विशेष पैकेज दिलाया जाएगा। तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार के साथ भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा है कि उच्च मानसिकता के समता विरोधी संकीर्ण व नकारात्मक संघी, भाजपाई इस पर भी हमें गाली देंगे।

सीएम नीतीश का हेलीकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने से बचा

लैंडिंग के दौरान दो टीन शेड उड़ने लगे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नालंदा/पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को एक बड़े हादसे का शिकार होने से बच गए। मुख्यमंत्री राजगीर स्पोर्ट्स एकेडमी का उद्घाटन करने पटना से नालंदा गये थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हेलिकॉप्टर के लैंडिंग के दौरान दो करकट उड़कर हेलिकॉप्टर के पास आ गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार हेलीकॉप्टर के उतरने से बने तेज हवा के दबाव से दो टीन शेड अचानक हवा में उछल गए और कुछ दूरी तक उड़ते चले गए। गनीमत यह रही कि ये टीन शेड मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर से नहीं टकराए, वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मी और अधिकारियों की सांसें कुछ देर के लिए थम सी गईं। हालांकि इस घटना में कोई अनहोनी नहीं हुई और मुख्यमंत्री सुरक्षित रूप से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्पोर्ट्स एकेडमी का उद्घाटन किया और लोगों को संबोधित भी किया। वहीं इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं। जानकारों का कहना है कि वीवीआईपी लैंडिंग जोन के आसपास इस तरह की हल्की संरचनाएं होना खतरनाक साबित हो सकता है। प्रशासन ने इस मामले की जांच के आदेश दिए हैं और भविष्य में ऐसे हादसों से बचने के लिए आवश्यक एहतियात बरतने की बात कही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजगीर में बिहार खेल विश्वविद्यालय और राज्य खेल अकादमी परिसर में नवनिर्मित अत्याधुनिक खेल सुविधाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की तैयारियों की समीक्षा की और बिहार पुलिस अकादमी का निरीक्षण किया। उनके साथ कई मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बिहार के राजगीर, गया, पटना, भागलपुर और बेगूसराय जैसे जिलों में खेलो इंडिया के लिए बड़े पैमाने पर तैयारियां चल रही हैं जो बिहार को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। राजगीर में बने बिहार खेल विश्वविद्यालय और राज्य खेल अकादमी परिसर 750 करोड़ रुपये की लागत से 90 एकड़ में फैला है। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में एथलेटिक्स ट्रैक, फुटबॉल और हॉकी स्टेडियम, स्विमिंग पूल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, कुश्ती, बैडमिंटन, तीरंदाजी, शूटिंग रेंज, और साइकिलिंग वेलोड्रोम जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं शामिल हैं।

तेजस्वी यादव की राजनीति समाजवाद की नहीं : ऋतुराज सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी राजनीति समाजवाद की नहीं है। वे इसे जातिवाद के रास्ते परिवारवाद की रोटी सेकने का माध्यम है। यह पूरा देश जानता है। ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि लालू यादव और उनके परिवार को यह स्मरण कराना आवश्यक है कि जिस 'समाजवाद' की दुहाई वे वर्षों से देते आए हैं, वह दरअसल एक विशेष जाति तक सीमित, संकुचित और स्वार्थपूर्ण एजेंडे का दूसरा नाम रहा है। समाजवाद की आड़ में इन्होंने वर्षों तक एक जाति विशेष को साधा और शेष समाज को हाशिये पर डालकर अपने राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकीं। दरअसल, केंद्र की मोदी सरकार ने देश में जाति जनगणना कराने की घोषणा की है। केंद्र की इस घोषणा के बाद राजद नेता तेजस्वी यादव ने इसे अपने दल और अपने पिता लालू यादव की बड़ी जीत करार दिया है। लालू यादव ने दावा किया है कि वे पिछले 3 दशक से जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं। बिहार में भी उनके ही दबाव पर नीतीश कुमार ने जाति गणना कराया था। वहीं तेजस्वी यादव ने कहा कि जातिगत जनगणना तो शुरुआत है, पिक्चर अभी बाकी है। पिछड़ों/अति पिछड़ों के लिए आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र, निजी क्षेत्र में आरक्षण, ठेकेदारी में आरक्षण, न्यायपालिका में आरक्षण, मंडल कमीशन की शेष सिफारिशों को लागू करेंगे।

श्रमिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मंत्री संतोष कुमार सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। श्रम संसाधन विभाग के अधीनस्थ बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय मई दिवस समारोह का समापन पटना स्थित दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन संस्थान में हुआ। इस अवसर पर विभाग के मंत्री संतोष कुमार सिंह ने बोर्ड की 16 जनोपयोगी योजनाओं की जानकारी देने वाले आईईसी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पहल प्रदेश भर में श्रमिकों को योजनाओं की जानकारी पहुंचाने की दिशा में एक प्रभावी कदम माना जा रहा है। अपने संबोधन में मंत्री ने श्रमिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और दो दिवसीय पैनल चर्चाओं में आए विचारों को भविष्य की नीतियों में सम्मिलित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार



श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा, कल्याण और प्रशिक्षण को प्राथमिकता दे रही है ताकि वे भविष्य की अर्थव्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम की शुरुआत बीओसीडब्ल्यू बोर्ड के सचिव सुनील कुमार यादव के स्वागत भाषण से हुई। इस दौरान मिचिको मियामोतो, निदेशक, डीडब्ल्यूटी (दक्षिण एशिया), सीओ-आईएलओ दीपक आनन्द, सचिव-सह-अध्यक्ष बीओसीडब्ल्यू बोर्ड ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने श्रमिकों के अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए सरकार और समाज से समन्वयपूर्ण प्रयास की अपील की। समारोह में योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को सहायता राशि एवं पुरस्कारों का वितरण मंत्री संतोष कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन श्रम आयुक्त राजेश भारती द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन से हुआ जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों के प्रति आभार प्रकट किया। इससे पहले 1 मई को आयोजित पैनल चर्चा में आगे बढ़ा रही भारत की नई पीढ़ी की अर्थव्यवस्था कार्यबल - गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिक विषय पर सार्थक विमर्श हुआ। इस चर्चा में दीपक कुमार सिंह (अपर मुख्य सचिव, राजस्व विभाग), डॉ. धन्या एमबी (वरिष्ठ फेलो, वी.वी.गिरी एनएलआई), करुण गोपीनाथ (आईएलओ) ने भाग लिया और गिग अर्थव्यवस्था की संभावनाओं व उसमें काम करने वाले श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा पर जोर दिया। समापन सत्र के दौरान अंतिम पैनल डिस्कशन में बिहार में श्रम बल के लचीले भविष्य का निर्माण विषय पर हुई चर्चा में पूर्व मंत्री संजय पासवान, अलख नारायण शर्मा (मानव विकास संस्थान), अमरकांत सिंह (सेवानिवृत्त संयुक्त श्रम आयुक्त) और प्रो. नील रतन (ए.एन. सिन्हा संस्थान) ने भाग लिया। वक्ताओं ने तकनीकी नवाचार, प्रशिक्षण, नीति निर्माण और सामाजिक सुरक्षा की भूमिका को रेखांकित किया।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स मैगा कैलिबर इन्टरप्राइजेज प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति शबीरूल होदा जो सिवान में मीटर रीडर (एम.आर.सी.) के पद पर कार्यरत थे, उनकी आश्रिता पत्नी सरवली खातून, पुत्र- मो. तहसीन एवं पुत्र मो. मोहसीन को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. शबीरूल होदा की मृत्यु कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ई0एस0आई0सी0 द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 791 रु. प्रतिदिन की दर से लगभग 24 हजार प्रतिमाह (23730/-) आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग 7 लाख रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है।

कृष्णा अल्लावारू एवं अध्यक्ष राजेश राम ने दिया जिलाध्यक्षों को गुरुमंत्र

बिहार कांग्रेस की महत्वपूर्ण सांगठनिक समीक्षा बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आज जिला अध्यक्षों, जिला पर्यवेक्षकों और जिला प्रभारियों की अति महत्वपूर्ण सांगठनिक समीक्षा बैठक प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के निर्देशन में सम्पन्न हुई। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा जिले में संगठन को ताकतवर बनाने, हर घर कांग्रेस का झंडा कार्यक्रम सहित संविधान सुरक्षा अभियान सहित अन्य प्रमुख मुद्दों को लेकर समीक्षा बैठक की गई। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन में जिलाध्यक्ष का पद बेहद महत्वपूर्ण होता

है और उनके कार्यों की समीक्षा के लिए और प्रदेश कांग्रेस द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन में सहयोग के लिए और उचित क्रियान्वयन के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाती है। सबके समन्वय से जिलों में कांग्रेस का कार्यक्रम आम लोगों सहित कांग्रेसजन में व्यापक प्रभावकारी रहे इसको सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने सभी उपस्थित नेताओं को उनको प्रदत्त शक्ति के साथ जिम्मेदारियों का एहसास रखने का निर्देशन भी दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सबकी एकीकृत प्रयास की आवश्यकता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने संगठन की मजबूती की बात दोहराई और कहा कि संगठन को जिलों में प्रखंड और पंचायत स्तर तक मजबूत बनाना जिलाध्यक्षों की जिम्मेदारी होती है।

मिस्टर, मिस और मिसेज बिहार फैशनइस्टा का पहला ऑडिशन संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। ड्रीम प्रोडक्शन के द्वारा आयोजित मिस्टर, मिस व मिसेज बिहार फैशनइस्टा 2025 के लिए पहला ऑडिशन पटना स्थित कॉसमॉस स्टूडियो में संपन्न हुआ। ऑडिशन में बिहार के विभिन्न जिलों से आए 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपने टैलेंट के जरिए जजेज को इंप्रेस किया। ऑडिशन में सभी प्रतिभागियों ने एक के बाद एक धमाकेदार परफॉर्मेंस दी। वहां मौजूद दर्शकों को भी इनका हुनर देखने को मिला शो में मुख्य जज के तौर पर जाने माने मॉडल, मिस्टर इंडिया रह चुके चक्रपाणि पाण्डेय, बॉलीवुड अभिनेत्री ममता सिंह और जी बिहार झारखंड के न्यूज रिपोर्टर आत्मजा सिंह आदि शामिल हुए।

नीतीश कुमार न पहले कभी साइडलाइन थे और न आगे होंगे : मनोज तिवारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भविष्य को लेकर लगायी जा रही अटकलों के बीच भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार न पहले कभी साइड लाइन थे, न आगे होंगे। भाजपा सांसद और भोजपुरी स्टार मनोज तिवारी शुक्रवार को पटना पहुंचने के बाद एयरपोर्ट पर मीडियाकर्मियों से मुखातिब थे। उन्होंने इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान, जातीय जनगणना सहित अन्य मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखी। उन्होंने एनडीए की एकजुटता और बिहार में विकास के दावों को मजबूती से सामने रखा, साथ ही राजद और कांग्रेस पर तंज कसते हुए लालू प्रसाद यादव के स्वास्थ्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं हैं। चिराग पासवान के चुनाव लड़ने और मुख्यमंत्री का चेहरा होने के सवाल पर मनोज तिवारी ने कहा कि चिराग पासवान एनडीए के प्रमुख नेता हैं। निश्चित तौर पर उनका जो भी निर्णय होगा, उस पर विचार-विमर्श जरूर किया जाएगा। उनका जो निर्णय होगा, उसे लेकर हम बाद में सोचेंगे। वहीं भोजपुरी स्टार पवन सिंह के भाजपा में शामिल होने और चुनाव लड़ने की अटकलों पर उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि कुछ दिन इंतजार कीजिए। वहीं, जातीय जनगणना के केंद्र सरकार के फैसले पर तेजस्वी यादव और राहुल गांधी द्वारा क्रेडिट लेने की कोशिश पर मनोज तिवारी ने तंज कसते हुए कहा कि पहले इन लोगों ने क्यों नहीं कराया? नरेंद्र मोदी लोगों की भावनाओं का कद्र करते हैं। जनता की मांग थी, इसलिए केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना का आदेश दे दिया। उन्होंने इस फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए मोदी सरकार की तारीफ की और कहा कि यह सामाजिक न्याय की दिशा में बड़ा कदम है।

नि:शुल्क गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जांच शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राजेन्द्र नगर रोड नं. सात स्थित मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नि:शुल्क गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए सोसाइटी के अध्यक्ष सह राधेश्याम बंसल ने बताया कि शिविर रविवार, 4 मई को प्रातः आयोजित किया जाएगा। मौके पर सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर के लिए मरीजों का निबंधन प्रातः 10 से 11 बजे तक होगा तथा मरीजों की जांच प्रातः 11 बजे से एक बजे तक किया जाएगा। एम पी जैन ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. चारु मोदी एवं डॉ. निमिषा अग्रवाल अपनी सेवाएं प्रदान करेंगी। शिविर में महिलाओं की गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की प्रारंभिक स्तर पर पहचान के लिए जरूरी परीक्षण नि:शुल्क किए जाएंगे।

जैन धर्मावलंबियों ने चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनन्दन नाथ का मोक्ष कल्याणक मनाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। जैन समाज द्वारा श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं सहित मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह एवं अन्य जैन मंदिरों में जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनंदननाथ का गर्भ एवं मोक्ष कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया गया। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर जैन समाज के लोगों ने भगवान अभिनंदन नाथ की पूजा-अर्चना की और उनके जीवन एवं उपदेशों को याद किया। भगवान अभिनंदननाथ के गर्भ एवं मोक्

कल्याणक के अवसर पर अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। उनके जीवन एवं उपदेशों को याद करने और उनके संदेशों को अपने जीवन में लागू करने के बारे में बताया गया। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं में अभिषेक, पूजा जिनेश जैन एवं अन्य द्वारा तथा मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर एवं अन्य दिगम्बर जैन मंदिरों में अभिषेक शांतिधारा किया गया। मौके पर बिहार राज्य दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मानद मंत्री पराग जैन ने बताया कि चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनंदननाथ के गर्भ एवं मोक्ष कल्याणक के अवसर पर कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर में शांतिधारा एवं मंगल आरती सोनू जैन एवं अन्य श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। एम पी जैन ने बताया कि अभिनंदननाथ जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर हैं। इनका गर्भ कल्याणक और मोक्ष कल्याणक एक महत्वपूर्ण घटना है। गर्भ कल्याणक उस दिन को संदर्भित करता है जब भगवान अभिनंदन नाथ का गर्भ धारण हुआ था तैर मोक्ष कल्याणक उस दिन को संदर्भित करता है जब उन्होंने मोक्ष प्राप्त किया था।

कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के प्रावधान बिहार के 6 अन्य जिलों के सम्पूर्ण क्षेत्र में लागू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारत का राजपत्र में प्रकाशित गजट अधिसूचना संख्या-सीजी-डीएल-इ के द्वारा केन्द्रीय सरकार ने कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 की धारा 1 की उपधारा (3) के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार के 6 अन्य जिलों यथा अररिया, सहरसा, औरंगाबाद, बांका, पूर्वी चंपारण और गोपालगंज जिले के सभी क्षेत्रों में अधिनियम के उपबंध लागू कर दिए गए हैं। विदित हो कि बिहार में 38 में से कुल 33 जिलों के सम्पूर्ण क्षेत्रों में अवस्थित सभी संस्थान जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हों, वैसे सभी संस्थानों पर अब कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के प्रावधान लागू हो गए हैं जबकि शेष 5 जिलों में नगरपालिका सीमा के अंतर्गत आने वाले संस्थानों पर लागू रहेंगे। उक्त 6 जिलों में कार्यरत सभी संस्थानों को 1 मई 2025 के प्रभाव से अधिनियम के विभिन्न उपबंधों के अंतर्गत अनुपालन की सलाह दी जाती है।

संपादकीय

आतंकवाद की जड़ पर प्रहार जरूरी

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरा देश आक्रोशित है। सरकार ने इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाई जिसमें सभी राजनीतिक पार्टियों ने दलगत भावना से ऊपर उठकर सर्वसम्मति से सरकार का समर्थन किया और यह भरोसा दिलाया कि आतंकवाद के खिलाफ केन्द्र सरकार जो भी कार्यवाही करेगी उसमें हम अपना समर्थन देंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी कहा कि विपक्ष का सरकार को पूरा समर्थन है। सरकार आतंकवाद के खात्मे के लिए कड़े से कड़े कदम उठाये। यहां तक प्रधानमंत्री और भाजपा का हमेशा विरोध करने वाले अस्सुद्दीन ओवैसी ने भी आतंकवाद के खिलाफ की जाने वाली कार्यवाही का समर्थन किया। उन्होंने तो पहलगाम में आंतक मचाने वाले की आतंवादियों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली और उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग भी की। कुल मिलाकर आतंकवाद के खिलाफ आज पूरा देश एकजुट है। अब यह केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वह आतंकवाद की जड़ पर प्रहार करे। इस मामले में न सिर्फ देश एकजुट है बल्कि दुनिया के तमाम देश भी भारत के साथ हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को भरोसा दिलाया है कि भारत की आत्मा पर हमला करने का दुःसाहस करने वाले देश के दुश्मनों को बख्शा नहीं जाएगा। आतंकवादियों को ऐसी कड़ी सजा दी जाएगी जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। आतंकवाद की जड़ पाकिस्तान है। इसलिए अब यह आवश्यक हो गया है कि पाकिस्तान को उसी की भाषा में सबक सिखाया जाये। भारतीय सेना पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए तैयार है किन्तु केन्द्र सरकार जल्दबाजी में ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहती जिसका भारत पर भी प्रभाव पड़े। पाकिस्तान के खिलाफ जंग अंतिम विकल्प है। देर सवेर भारत इस अंतिम विकल्प पर भी विचार जरूर करेगा और पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाएगा कि उसकी सात पुश्तें इसे याद रखेंगी। फिलहाल भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक कदम उठायें हैं और इसी से पाकिस्तान सकते में आ गया है। सिंधु जल समझौता स्थगित करने का फैसला लेकर भारत ने पाकिस्तान के होश उड़ा दिये हैं इससे बौखलाकर पाकिस्तान ने बयान दिया है कि सिंधु जल समझौता यदि खत्म किया जाता है तो इसे भारत और पाकिस्तान के बीच जंग के आगाज के रूप में देखा जाएगा। किन्तु भारत ने अब पाकिस्तान के खिलाफ हर मोर्चे पर आर पार की लड़ाई लडने का दृढ़ निश्चय कर लिया है। हालांकि भारत अभी भी अपनी इस नीति पर कायम है कि हमारी ओर से पहली गोली नहीं चलाई जाएगी और यदि पाकिस्तान ने ऐसी हिमाकत की तो भारत की ओर से गोलियों की ही नहीं बल्कि गोलों की भी गिनती नहीं की जाएगी। पाकिस्तान के हुक्मरान डरे हुए हैं उन्हें लग रहा है कि भारत कभी भी उसके खिलाफ जंग छेड़ सकता है यही वजह है कि पाकिस्तान में सेना को अलर्ट कर दिया गया है और पाकिस्तान जो विश्व मंच पर अलग थलग पड़ चुका है वह चीन के सामने मदद की गुहार लगाते हुए गिड़गिड़ा रहा है किन्तु भारत को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता की कौनसा देश पाकिस्तान की हिमायत में सामने आता है। भारत आज दुनिया में एक बड़ी ताकत बन चुका है और वह अकेले अपने दम पर दुश्मनों से मुकाबला करने और उन्हें नेस्तनाबूत करने में सक्षम है।

पहलगाम आतंकी हमला के हमास-आईएसआई कनेक्शन को समझिए और दक्षिणी रणनीति को भेदिये!

देखा जाए तो दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले ईसाई समुदाय ने दूसरी बड़ी आबादी मुस्लिम समुदाय को निबटाने के लिए आतंकवाद प्रोत्साहन जैसी अनोखी पहल की है, जिसके तहत अरब देश आपस में ही संघर्षरत हैं। इसके अलावा पड़ोसी मुस्लिम देश और अच्छी-खासी मुस्लिम आबादी वाले गैर मुस्लिम देश भी इनकी जद में आ चुके हैं। भारत उनमें से एक है। इधर ईसाईयों और यहूदियों के चालों से सजग मुस्लिम देशों व उनके संगठनों ने काफ़िर मुक्त विश्व का सपना देखा है, जिसमें गैर मुसलमानों के लिए कोई जगह नहीं है। उनकी इस नापाक सोच से भी भारत के हिन्दू सबसे ज्यादा पीड़ित हैं।

कमलेश पांडेय



कहीं अमेरिका, कहीं चीन, कहीं रूस, कहीं ब्रिटेन आदि की शह पर फलफूल रहा इस्लामिक आतंकवाद अब एक राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय एजेंडा बन चुका है, जो हथियार-गोलाबारूद और सुरक्षा उपकरण निर्माता पूंजीवादी ताकतों को बेहद रास आ रहा है। ऐसा इसलिए कि हर विध्वंस के बाद होने वाले निर्माण से भी किसी न किसी रूप में पूंजीवादियों के ही कारोबार बढ़ते हैं। अलबत्ता शांतिप्रिय और प्रगतिशील देशों को इन वैश्विक षड्यंत्रों से निपटने के बारे में मौलिक रूप से सोचना होगा और जवाबी एहतियाती कार्रवाई करनी होगी, ताकि इनके नापाक मंसूबे कभी भी सफल नहीं हो सकें और ये आपस में ही लड़-भीड़ कर खत्म हो जाएं।

देखा जाए तो दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले ईसाई समुदाय ने दूसरी बड़ी आबादी मुस्लिम समुदाय को निबटाने के लिए आतंकवाद प्रोत्साहन जैसी अनोखी पहल की है, जिसके तहत अरब देश आपस में ही संघर्षरत हैं। इसके अलावा पड़ोसी मुस्लिम देश और अच्छी-खासी मुस्लिम आबादी वाले गैर मुस्लिम देश भी इनकी जद में आ चुके हैं। भारत उनमें से एक है। इधर ईसाईयों और यहूदियों के चालों से सजग मुस्लिम देशों व उनके संगठनों ने काफ़िर मुक्त विश्व का सपना देखा है, जिसमें गैर मुसलमानों के लिए कोई जगह नहीं है। उनकी इस नापाक सोच से भी भारत के हिन्दू सबसे ज्यादा पीड़ित हैं।

कहना न होगा कि पहले औद्योगिक क्रांति और अब सूचना क्रांति से पैदा हुए पूंजीवाद के ऊपर सवार होकर ये जज्बातें दुनिया के एक बड़े भूभाग को तबाह किए हुए हैं7 पहले इंग्लैंड, फिर अमेरिका, उसके बाद रूस और अब चीन की साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाओं ने इस कदर नैतिक-अनैतिक और प्रतिशोधी रूप में कट्टर इस्लाम मतावलम्बियों का सशत्र दुरूपयोग किया कि अब ये लोग भी दो-चार धड़ों में विभाजित हो चुके हैं और परस्पर खून-खराबे पर उतारू हैं। ऐसे में भारत की गुटनिरपेक्षता, उदारता और विश्वबंधुत्व की भावना ही उसके गले की हड्डी बन चुकी है।

यही वजह है कि जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की तुलना अब 7 अक्तूबर 2023 को इजरायल पर हुए हमले से की जा रही है, जो अनायास नहीं है बल्कि इनके बीच कुछ लौकिक साम्यताएं भी दिखाई पड़ी हैं। पहलगाम आतंकी हमले वाले दिन पर यदि गौर करें तो इजरायल पर हमले से पहले हमास नेताओं की तरह ही पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने इस आतंकी हमले से कुछ दिन पहले आतंकवादी समूहों को उकसाने के लिए जानबूझकर सांप्रदायिक हिंसा को भड़काने की कोशिश की थी। तब जनरल मुनीर इस्लामाबाद में ओवरसीज पाकिस्तानी कन्वेंशन (ह्वक्क्ष) में भीड़ के सामने खड़े हुए और कश्मीर को पाकिस्तान की ÷गले की नस÷ बताते हुए विवादास्पद 'दो-राष्ट्र सिद्धांत' का हवाला दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने हिंदू-मुसलमान कार्ड भी खेला और पाकिस्तानियों को हिंदुस्तानियों से अलग बताया।

इसलिए सवाल उठ रहे हैं कि आखिर अरब आतंकवादी/उग्रवादी संगठन हमास की राह पर ही क्यों चल रही है पाकिस्तानी सेना और इसके क्या-क्या दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं? कहना न होगा कि इस समय पाकिस्तानी सेना का हाल लगभग वैसे ही है, जैसे 7 अक्तूबर 2023 के हमले के वक्त हमास का था। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के बढ़ते हमले, बलूचिस्तान में बढ़ते विद्रोह और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल में बंद होने के बीच राजनीतिक अस्थिरता ने जनरल मुनीर की सत्ता पर पकड़ को नाटकीय रूप से कमजोर कर दिया है।

पाकिस्तानी सेना के जनरल चुपचाप मुनीर के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। ऐसे में जनरल मुनीर को कश्मीर मुद्दे को हाईलाइट कर पाकिस्तानियों का ध्यान भटकाने की जरूरत थी। ठीक वैसे ही हमास ने भी गाजा के कुप्रबंधन से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए इजरायल पर हमला किया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कम से कम जनता की भावना उसके पक्ष में हो।

ऐसे में यह समझना बेहद जरुरी है कि इस मुताल्लिक गढ़ी गई आईएसआई की ÷दक्षिणी रणनीति÷ क्या है और भारत पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा? क्योंकि 26/11 मुंबई हमलों के सूत्रधार तहव्वुर राणा के आसन्न प्रत्यर्पण ने जनरल मुनीर की कमजोरी को और बढ़ा दिया, जिससे आतंकवाद में पाकिस्तानी सेना की दशकों पुरानी मिलीभगत उजागर होने का खतरा पैदा हो गया है। खुफिया सूत्रों ने संकेत दिया कि आईएसआई ने कश्मीर में नए घुसपैठ की सावधानीपूर्वक तैयारी शुरू कर दी थी। जम्मू के सामने लॉन्च पैड पर लगभग 100 आतंकवादी जमा थे, जो पाकिस्तानी आईएसआई की भयावह ÷दक्षिणी रणनीति÷ के लिए तैयार थे। वहीं पहलगाम आतंकी हमले के बाद पैदा हुई भयावह परिस्थियों के बीच पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने आतंकवादियों को वित्त पोषण देने की तीन दशकीय रणनीति भी स्वीकार की है, जिससे भारत और ज्यादा सजग और आक्रामक हुआ है।

सीधा सवाल है कि आखिर पहलगाम हमले का हमास से क्या संबंध है? तो यहाँ पर यह जानना जरुरी है कि जब 22 अप्रैल 2025 की दोपहर को पहलगाम की सुंदर बैसरन घाटी की सुंदरता का आनंद ले रहे पर्यटकों पर चार से पांच आतंकवादियों ने हमला किया था, तो इस दौरान उन्होंने पर्यटकों से इस्लामिक आयतें पढ़ने को कहा, और ऐसा नहीं करने वालों को तुरंत गोली मार दी। बता दें कि यह यहूदी नागरिकों के खिलाफ हमास के इस्तेमाल किए गए धर्म आधारित हमले का नकल था। जिसमें हमलावरों ने अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया, जिसमें अमेरिकी निर्मित एम4 कार्बाइन और एके-47 असॉल्ट राइफलें थीं, जो पाकिस्तानी आतंकवादी समूहों की पहचान है।

इससे ही जुड़ा हुआ सवाल यह है कि क्या कश्मीरी आतंकवादी संगठन लश्कर ए तैय्यबा ने पाकिस्तानी सेना के साथ मिलकर यह साजिश रची, तो जवाब यही होगा कि हाँ, इस हमले की जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फ्रंट (ञ्जत्रस्र) ने ली, जो लश्कर-ए-तैयबा (ख्रह्रञ्ज) का एक प्रॉक्सी संगठन है। टीआरएफ को पाकिस्तान की आईएसआई ने अनुच्छेद 370 के बाद जानबूझकर वैश्विक आतंकवाद विरोधी निगरानी संस्था एफएटीएफ की जांच से बचने के लिए बनाया था। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 7 अक्टूबर 2023 से पहले हमास की इसी तरह की ऑनलाइन लामबंदी रणनीति के समानांतर टीआरएफ की एन्क्रिप्टेड डिजिटल भर्ती पर बारीकी से नज़र रखी थी, जिससे यह सबकुछ संभव हो पाया।

आखिर में सवाल यह भी है कि पहलगाम हमले का खास उद्देश्य क्या था और क्या आतंकवादी अपने ध्येय में सफल रहे तो यहाँ पर यही कहना उचित होगा कि यह हमला हमास के हमले से भयावह समानता रखता है, जिसमें प्रतीकात्मक स्थानों पर नागरिकों को निशाना बनाना शामिल था। इसका उद्देश्य न केवल मारना था बल्कि मनोवैज्ञानिक रूप से कश्मीर की अर्थव्यवस्था को तबाह और अस्थिर करना था। जिस तरह हमास ने दक्षिणी इजरायल में शांति के प्रतीक एक संगीत समारोह को निशाना बनाया, उसी तरह द रेजिस्टेंस फ्रंट ने कश्मीर के पुनरुत्थान और सांप्रदायिक सद्भाव के प्रतीक पहलगाम पर जानबूझकर हमला किया। कश्मीर में रिकॉर्ड पर्यटन हुआ था, जिसे आतंकवादियों ने पटरी से उतारने की कोशिश की। इस प्रकार आतंकवादी अपने क्षणिक उद्देश्य में सफल रहे, जबकि भारतीयों का धैर्य उन्हें लम्बी रणनीतिक मात देगी7

ऐसा इसलिए कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही पाकिस्तान को भारत की जवाबी सैन्य कार्रवाई का डर सता रहा है। इस कारण पाकिस्तान ने भारत से लगी सीमा पर न सिर्फ सैनिकों की तैनाती को बढ़ा दिया है, बल्कि भारी मात्रा में हथियारों और गोला-बारूद को जमा किया है। बताया जा रहा है कि पहलगाम हमले की साजिश पाकिस्तानी सेना और आईएसआई ने मिलकर रची थी, जिसकी अब उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत अब यह समझ चुका है कि लातों के भूत बातों से नहीं मानेंगे। इसलिए वह धैर्य पूर्वक ठोस कार्रवाई करेगा, ताकि भारत को ज्यादा क्षति नहीं उठानी पड़े।

इधर, भारतीय भी अब यह समझ चुके हैं कि दुनिया की तीसरी बड़ी आबादी हिन्दुओं को दबाए रखने और उन्हें समाप्त किए जाने का अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र सदियों से चल रहा है। इसलिए वो अपनी जातीय कमजोरियों को तिलांजलि देंगे और मजबूती पूर्वक बदला लेंगे। हिन्दू अब यह बात भी जानने-समझने में लगे हुए हैं कि आसेतु हिमालय यानी हिमालय से दक्षिण में अफगानिस्तान से म्यांमार तक, जो प्राचीन सनातनी यानी हिन्दू भूमि रही है, इसे यदि विदेशी आक्रांताओं व उनके मूल वंशजों को बाहर नहीं किया गया तो ये अमनचैन से जीने नहीं देंगे। आज नहीं तो कल भारत हिन्दू राष्ट्र भी बन जायेगा। लेकिन अब हिंदुस्तान में पाकिस्तान प्रवृत्ति विरोधी राजनीति गति पकड़ेगी और वक्त ऐसा प्रधानमंत्री पैदा करेगा जो पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बंगलादेश के अलावा उन सभी पड़ोसियों को भारत में मिला देगा जो भारत विरोधी भाषा बोलेगा।

भारत के लिए यह मुश्किल कार्य नहीं है, बल्कि इस हेतु सेना और पुलिस को नए सिरे से प्रतिबद्ध बनाने की जरूरत है। उससे पहले राजनीतिक माहौल बदलने की आवश्यकता है। आईएसआई की दक्षिण रणनीति को इससे बेहतर जवाब कुछ हो ही नहीं सकता। न रहेगा बांस, न बजेगी बांसुरी।

आदि शंकराचार्य ने हिन्दू संस्कृति को पुनर्जीवित किया

ललित गर्ग

महापुरुषों की कीर्ति युग-युगों तक स्थापित रहती। उनका लोकहितकारी चिंतन, दर्शन एवं कर्तृत्व कालजयी होता है, सार्वभौमिक, सार्वदेशिक एवं सार्वकालिक होता है और युगों-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता हैं। आदि शंकराचार्य हमारे ऐसे ही एक प्रकाशस्तंभ हैं जिन्होंने एक महान



हिंदू धर्माचार्य, दार्शनिक, गुरु, योगी, धर्मप्रवर्तक और संन्यासी के रूप में 8वीं शताब्दी में अद्वैत वेदांत दर्शन का प्रचार किया था। हिन्दुओं को संगठित किया। उन्होंने चार मठों की स्थापना की, जो भारत के विभिन्न हिस्सों में स्थित हैं। आदि गुरु शंकराचार्य हिंदू धर्म में एक विशेष स्थान रखते हैं, उनके विराट व्यक्तित्व को किसी उपमा से उपमित करने का अर्थ है उनके व्यक्तित्व को ससीम बनाना। उनके लिये इतना ही कहा जा सकता है कि वे अनिर्वचनीय है। उन्हें हम धर्मक्रांति एवं समाज-क्रांति का सूत्रधार कह सकते हैं। अपने जन्मकाल से ही शिशु शंकराचार्य के मस्तक पर चक्र का चिन्ह, ललाट पर तीसरे नेत्र तथा कंधे पर त्रिशूल जैसी आकृति अंकित थी, इसी कारण आदि शंकराचार्य को भगवान शिव का अवतार भी माना जाता है। भगवान शिव ने उन्हें साक्षात् दर्शन देकर अंध-विश्वास, रूढ़ियों, अज्ञानता एवं पाखण्ड के विरूद्ध जनजागृति का अभियान चलाने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने भयाक्रांत और धर्म विमुख जनता को अपनी आध्यात्मिक शक्ति और संगठन युक्ति से संबल प्रदान किया था। उन्होंने नए ढंग से हिंदू धर्म का प्रचार-प्रसार किया और लोगों को सनातन धर्म का सही एवं वास्तविक अर्थ समझाया।

आदि शंकराचार्य के अनूठे प्रयासों से ही आज हिन्दू धर्म बचा हुआ है एवं सनातन धर्म परचम फहरा रहा है। शंकराचार्य ने अपने 32 वर्ष के अल्प जीवन में ही पूरे भारत की तीन बार पदयात्रा की और अपनी अद्भुत आध्यात्मिक शक्ति और संगठन कौशल से उस समय के 72 संप्रदायों तथा 80 से अधिक राज्यों में बंटे इस देश को सांस्कृतिक एकता के सूत्र में इस प्रकार बांधा कि यह शताब्दियों तक विदेशी आक्रमणकारियों से स्वयं को बचा सका और अखण्ड बना रहा। ऐसे दिव्य एवं अलौकिक संत पुरुष का जन्म धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आठवीं सदी में वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को केरल के कालड़ी गांव में ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम शिवगुरु और माता का नाम आर्यम्बा था। बहुत दिन तक सपत्नीक शिव की आराधना करने के अनंतर शिवगुरु ने पुत्र-रत्न पाया था, अतः उसका नाम शंकर रखा। जब ये तीन ही वर्ष के थे तब इनके पिता का देहांत हो गया। ये बड़े ही मेधावी तथा प्रतिभाशाली थे। छह वर्ष की अवस्था में ही ये प्रकांड पंडित हो गए थे और आठ वर्ष की अवस्था में इन्होंने संन्यास ग्रहण किया था। इनके संन्यास ग्रहण करने के समय की कथा बड़ी विचित्र है। कहते हैं, माता एकमात्र पुत्र को संन्यासी बनने की आज्ञा नहीं दे रही थीं। तब एक दिन नदी किनारे एक मगरमच्छ ने शंकराचार्यजी का पैर पकड़ लिया तब इस वक्त का फायदा उठाते हुए शंकराचार्यजी ने अपने माँ से कहा 'माँ मुझे संन्यास लेने की आज्ञा दो, अन्यथा यह मगरमच्छ मुझे खा जायेगां।' इससे भयभीत होकर माता ने तुरंत इन्हें संन्यासी होने की आज्ञा प्रदान की; और आश्चर्य की बात है कि जैसे ही माता ने आज्ञा दी वैसे ही तुरन्त मगरमच्छ ने शंकराचार्यजी का पैर छोड़ दिया। इन्होंने गोविन्द नाथ से संन्यास ग्रहण किया, जो आगे चलकर आदि गुरु शंकराचार्य कहलाए। आदि शंकराचार्य ने प्राचीन भारतीय उपनिषदों के सिद्धांत और हिन्दू संस्कृति को पुनर्जीवित करने का अनूठा एवं ऐतिहासिक कार्य किया। साथ ही उन्होंने अद्वैत वेदान्त के सिद्धान्त को प्राथमिकता से स्थापित किया। उन्होंने धर्म के नाम पर फैलाई जा रही तरह-तरह की भ्रांतियों को मिटाने का काम किया। सदियों तक पंडितों द्वारा लोगों को शास्त्रों के नाम पर जो गलत शिक्षा दी जा रही थी, उसके स्थान पर सही शिक्षा देने का कार्य आदि शंकराचार्य ने ही किया। आज शंकराचार्य को एक उपाधि के रूप में देखा जाता है, जो समय-समय पर एक योग्य व्यक्ति को सौंपी जाती है। आदि गुरु शंकराचार्य ने हिंदू धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए चार अगल दिशाओं में चार मठों की स्थापना की। भगवद्गीता, उपनिषदों और वेदांतसूत्रों पर लिखी हुई इनकी टीकाएँ बहुत प्रसिद्ध हैं। इन्होंने अनेक विधर्मियों को भी अपने धर्म में दीक्षित किया था। इन्होंने ब्रह्मसूत्रों की बड़ी ही विशद और रोचक व्याख्या की है। आदि शंकराचार्य ने हिन्दुओं को संगठित करने के लिए सबसे पहले दक्षिण दिशा में तुंगभद्रा नदी के तट पर श्रृंगेरी मठ की स्थापना की।

उद्योगों के रसायनयुक्त प्रदूषित पानी से खेत सूखे, गांव उजड़े

हरीश शिवनानी

मरुधरा के अनेक गाँव विकास का कहर झेल रहे हैं। यह बात उनके गाँवों और उनकी ज़िंदगी पर पूरी तरह साबित हो रही है कि विकास अपने साथ विनाश ज़रूर लाता है। इस कहर के चलते पश्चिमी राजस्थान के गांवों के ग्रामीण अपनी जान हथेली पर रखकर जीने को मजबूर हैं। विडंबना यह है कि उनकी जान के लिए कहर वही नदी बन गई है जो सदियों तक उनके लिए जीवनदायिनी थी। मारवाड़ की मरु गंगा कहलाने वाली लूणी नदी और उसकी सहायक नदी जोजरी लंबे समय से प्रदूषण और अतिक्रमण की चपेट में हैं। पश्चिमी राजस्थान के सबसे बड़े शहर जोधपुर और निकटवर्ती बालोतरा ज़िले के कई गांव जोजरी में छोड़े जा रहे औद्योगिक कचरे से जल प्रदूषण की चपेट में आ गए हैं। इन गांवों के खेत सूख रहे हैं, मवेशी मर रहे हैं और ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। गांव-गांव में दुर्गंध, बीमारियां और ख़ौफ फ़ैलता जा रहा है। करीब 83 किलोमीटर लंबी जोजरी लूणी की सहायक मौसमी नदी है, जो नागौर के पंदलू गांव से निकलकर जोधपुर होते हुए कल्याणपुर से बालोतरा के पास तिलवाड़ा में लूणी नदी में मिलती है।

जोजरी नदी में जोधपुर के औद्योगिक इलाके की कई इंडस्ट्रीज का वेस्टेज आता है। इनमें स्टील और टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज का तेजाबी और केमिकल युक्त पानी भी शामिल है। जोधपुर की वैध के अलावा अवैध फैक्ट्रियां टेक्सटाइल के कैमिकल युक्त पानी को नदी में छोड़ देती हैं। नदी में बह रहे इस खतरनाक रसायन की जद में सालावास, नंदवान, राजेश्वर नगर, मेलबा, डोली और कल्याणपुर गांव के ग्रामीण त्रस्त हैं। करीब 40-50 किलोमीटर तक इस पानी के आसपास की जमीनें बंजर हो रही हैं। जोधपुर में लगभग 250 कपड़ा उद्योग हैं। जोधपुर के कपड़ा उद्योग ज्यादातर स्क्रीन प्रिंटिंग प्रक्रियाओं से संबंधित है। 60 प्रतिशत उद्योगों में तैयार उत्पाद मुद्रित कपड़े हैं, जबकि 40 प्रतिशत में रंगे



और प्रक्षालित कपड़े हैं। इस क्षेत्र में अन्य औद्योगिक इकाइयां सीमेंट, औद्योगिक गैसों, वस्त्र, ग्वारगम, रसायन, प्लास्टिक, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल, खनिज आधारित आदि के निर्माण में लगी हुई हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार नदी में प्रतिदिन 180 एमएलडी प्रदूषित अपशिष्ट छोड़ा जाता है। जोजरी में आ रहे इस केमिकल युक्त प्रदूषित पानी जोधपुर और बालोतरा ज़िले के पचास से ज़्यादा गांव-ढाणियों के लोगों, उनके खेतों और पशुधन को प्रभावित कर रहा है। इनमें धवा, मेलबा, लोनावास, कल्याणपुर, आरबा और डोली, राजेश्वर नगर और दूदावता जैसे गांवों में लोग जोजरी नदी से बहते काले और बदबूदार पानी से बेहाल हैं। यह ज़हरीला पानी खेतों में भरकर किसानों की फसलें नष्ट कर रहा है और बीमारियां फैला रहा है। उद्यमियों का कहना है कि ज़्यादा समस्या इसलिए है क्योंकि जोधपुर के सीईटीपी (इंडस्ट्रीज़ के पानी का ट्रीटमेंट प्लांट) की कैपेसिटी कम है। जोधपुर में अभी दो सौ एमएलडी क्षमता के सीईटीपी प्लांट की आवश्यकता है। जोधपुर के रीको इंडस्ट्रियल एरिया में क़रीब दो हजार फैक्ट्रियां हैं। एम्स अस्पताल का पानी भी रीको ड्रेन से होकर जोजरी नदी में मिल जाता है।जोजरी नदी में दो तरह का गंदा पानी जा रहा है, बिना ट्रीटमेंट के इंडस्ट्रीज़ का पानी और सीवर का पानी। यहाँ की टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज़ में कई तरह की डाइ पाई गई है तो स्टील इंडस्ट्रीज़ से कॉपर, क्रोमियम,बैटरी से कैडमियम। जोधपुर से गुजरते समय इतनी बड़ी मात्रा में घरेलू और इंडस्ट्रियल अपशिष्ट छोड़ा जाता है, जिससे नदी में बहाव शुरू हो जाता है। जोधपुर के अधिकांश उद्योग अपने अपशिष्ट जल को बिना किसी उपचार के सीधे नालियों के माध्यम से जोजरी नदी में बहा रहे हैं। लंबे समय तक अपशिष्ट छोड़ने से अपने बहाव क्षेत्र को छोड़कर तीन किलोमीटर पूर्व में बहने लगी इस विषैले पानी की वजह से जल स्रोत, कुएं-तालाब, स्कूल,अस्पताल, तक भी दूषित चुके हैं। हालांकि उद्योगों का प्रदूषित पानी लगभग डेढ़ दशक से बहाया जा रहा है। लेकिन तीन -चार साल से यह समस्या गहराती जा रही है। जैसे-जैसे प्रदूषित पानी की समस्या बढ़ी है, तो उसका प्रभाव स्कूलों में बच्चों के नामांकन पर भी हुआ है। स्कूलों में बच्चों की संख्या घटने लगी है। जो बच्चे हैं वो दुर्गंध से खांसते रहते हैं, बीमार रहते हैं। रात में गांव गैस के चैंबर बन जाते हैं। घरों में दरारें आ गई हैं और पानी के टांके से गंदा पानी निकल रहा है। जिन घरों के पास ये पानी बहता है, वहां दीवारों और फ़र्श में दरारें आ चुकी हैं।

जोजरी में फैल रहे ज़हर को लेकर जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय,जोधपुर के केमिस्ट्री विभाग की वंदना कछवाहा, गरिमा शर्मा, प्रिया तंवर और पल्लवी मिश्रा ने 'एसेसमेंट ऑफ़ वाटर क्वालिटी इंडिसेज़ ऑफ़ हैवी मेटल पॉल्यूशन इन जोजरी रिवर' पर शोध किया है। उनकी रिपोर्ट में कहा गया है कि जोजरी नदी के सिंचाई के लिए उपयोग किए जाने वाले औद्योगिक अपशिष्ट पानी में सीसा, क्रोमियम और कैडमियम की उच्च सांद्रता आसपास रहने वाले लोगों में सांस संबंधी विकार, लीवर, गुर्दा, तंत्रिका संबंधी समस्याएं, पेट संबंधी समस्याएं और कैंसर का कारण बन सकती हैं, जो इस पानी से उगाई गई सब्जियां, अनाज और दालें खा रहे हैं। मनुष्य के अलावा इसका नकारात्मक प्रभाव पशुओं पर भी पड़ रहा है। जोजरी के विषैले पानी में नाइट्रेट की मात्रा बहुत ज़्यादा है। ये नाइट्रेट पानी या चारे के माध्यम से पशुओं के पेट में जाता है जो नाइट्राइट बनता है जिससे पशुओं की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है, उनकी ऑक्सीजन ग्रहण करने की क्षमता भी बेहद कम हो जाती है जिसका प्रभाव पशु के जीवन चक्र पर पड़ता है वो कई बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। उनके खुर सड़ने लगते हैं। पशु प्रदूषित पानी पीने को मजबूर हैं। इसके कारण कई पशुओं की मौत भी हो चुकी है। केमिकल युक्त पानी से रोहिड़ा, खेजड़ी जैसे सैकड़ों पेड़ सूख गए हैं। प्रदूषित पानी से गाँवों में किसानों की खेती उजड़ने लगी है, पेड़ सूखने लगे हैं । खेतों में सफेद परत जम चुकी है और उपजाऊपन कम हो रहा है। फसलों में विषाक्त अवयवों की अधिकता पाई जा रही है इससे ज़मीन भी बंजर होती जा रही है। डोली गाँव की भूमि कई स्थानों पर औद्योगिक अपशिष्टों से भर गई है इससे खेती की जमीन खराब हो रही है। क्षेत्र में ताजे पानी के स्रोत जैसे कुएं, तालाब और भूजल प्रदूषित हो गए हैं और अब उपयोग के लिए उपयुक्त नहीं हैं। वे अपने मवेशियों के नहाने और पीने के लिए पानी की कमी से भी पीड़ित हैं। इन सब हालात में करीब आधा दर्जन से ज्यादा लोग गांव से पलायन कर गए हैं। अराबा दुदावता गांव में कई परिवार अपना घर भी छोड़कर जा चुके हैं।

हालांकि इस समस्या के समाधान के लिए बजट में 176 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है लेकिन यह नाकाफ़ी है। जोजरी नदी का दूषित पानी से जैव विविधता भी नष्ट होने लग गई है। धवा और डोली गांव सहित आसपास के क्षेत्र में पहले बड़ी संख्या में चिंकारा, नीलगाय, खरगोश, पोक्योपाइन, रेगिस्तानी लोमड़ी और कुछ अन्य दुर्लभ रेगिस्तानी सरीसृप रहते थे। लेकिन अब उनके जीवन पर जोजरी नदी के दूषित पानी की वजह से संकट पैदा हो गया। वन्यजीवों की संख्या में भी गिरावट आई हैं। भारत के विलुप्त होते जा रहे जानवरों में से एक काला हिरण और अन्य वन्यजीव निवास स्थान डोली और अराबा गांव के बीच एनीकट के पास देखे गए थे, जो दूषित अपशिष्ट जल के कारण खतरे में हैं। ऐसे में समय रहते अगर सरकार और स्वयं उद्यमियों ने कदम नहीं उठाए तो स्थिति ज़्यादा भयावह हो सकती है।

संक्षिप्त समाचार

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर के 3 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भारत की प्रतिष्ठित खेलो इंडिया युथ गेम्स -2025 का आयोजन 4 से 15 मई तक किया जाएगा। जिसमें 28



खेलों का आयोजन बिहार राज्य के पटना, राजगीर,गया,भागलपुर वा बेगूसराय शहरों मे किया जाएगा। 4 मई को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलो इंडिया युथ गेम्स का विधिवत उद्घघाटन करेंगें। स्वदेशी सिख मार्शल आर्ट गतका में झारखंड राज्य से 10 खिलाड़ी 2 कोच वा 1 मैनेजर झारखंड सरकार की अगुवाई मे सम्मिलित होगें।जिसमे तीन खिलाड़ी धनबाद के प्रतिष्ठित विधालय राजकमल स.वि.मंदिर के पलक परमा, रणवीर ठाकुर और चिनमय दास छात्र है। कोच पप्पू कुमार हैं। ज्ञात रहे गत वर्ष संगरूर पंजाब मे आयोजित राष्ट्रीय गतका चैम्पियनशिप मे शानदार प्रदर्शन के आधार पर इनका चयन खेलो इंडिया युथ गेम्स के लिए किया गया है।विधालय के 2 भैया , 1 बहन वा प्रशिक्षक के इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता मे चयनित होने पर विधालय समिती, प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा,उप प्राचार्य मनोज कुमार, उप प्राचार्या लीला सिंह ने बधाई वा शुभकामनांए दी हैं। गतका एशोसियेशन ऑफ झारखंड की टीम पप्पू कुमार, राजीव कुमार सिंह वा विद्या के नेतृत्व में शनिवार को प्रातः धनबाद सासाराम इंटरसिटी से प्रस्थान करेगी। गतका का आयोजन 3 से 8 मई तक बोधगया मे होना है।

विवादित भूमि का अंचलाधिकारी कसमार मापी कराएंगे

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, बोकारो ने कसमार अंचलाधिकारी को बरलंगा से कसमार भाया नेमरा पथ का चौड़ीकरण हेतु विवादित भूमि मौजा बगदा के पंचाट सं० 74 के खाता सं० 66, प्लॉट सं० 1616, रकवा 1.493 एकड़ भूमि का मापी सुनिश्चित करने को कहा है। इस बाबत जारी पत्र में जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने लिखा है कि बरलंगा से कसमार भाया नेमरा पथ का चौड़ीकरण हेतु विवादित भूमि मौजा बगदा के पंचाट सं० 74 के खाता सं० 66, प्लॉट सं०-1616, रकवा 1.493 एकड़ भूमि पर खतियानी रैयत एवं केवालाधारी (पंचाटी) के बीच अधिग्रहित रकवा में आपसी विवाद होने के कारण भुगतान नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में उपायुक्त ने दिनांक 07 मई को संबंधित भूमि का अंचल अमीन, जिला भू-अर्जन अमीन एवं एक जिला स्तरीय अमीन के द्वारा मापी कर अधिग्रहित रकवा चिन्हित करते हुए पंचाटियों को मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया है। जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने अंचलाधिकारी को सभी पक्षकारों को अपने स्तर से सूचना देते हुए निर्धारित तिथि को स्वयं उपस्थित होकर मापी कराना सुनिश्चित करने को कहा है।

उपायुक्त ने नीट परीक्षा की तैयारी कर रही छात्राओं से मुलाकात कर किया उत्साहवर्धन

खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा ने कर्रा स्थित आवासीय विद्यालय का दौरा किया और वहाँ नीट परीक्षा की तैयारी में जुटी छात्राओं से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव एवं प्रेरणादायक बातें साझा कीं। उपायुक्त ने छात्राओं को आत्मविश्वास बनाए रखने, समय का सदुपयोग करने और कठिन परिश्रम के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अनुशासन, नियमित अभ्यास और सकारात्मक सोच के साथ कोई भी चुनौती पार की जा सकती है। उपायुक्त ने छात्राओं को परीक्षा की तैयारी के दौरान स्वास्थ्य का ध्यान रखने और तनावमुक्त रहकर पढ़ाई करने की सलाह भी दी। अंत में उपायुक्त ने सभी छात्राओं समेत नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे जिले के सभी छात्र-छात्राओं को आगामी नीट परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



गर्मी के दिनों में हुई बारिश तो डूबा शहर, बरसात के दिनों में क्या होगा हाल : रूचिर तिवारी

मेदिनीनगर (पलामू) नवबिहार टाइम्स संवाददाता । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर तिवारी ने कहा कि इंद्रदेव की कृपा से गर्मी में हुई झमाझम बारिश से एक तरफ राहत मिली है। लेकिन दूसरी तरफ मेदिनीनगर नगर निगम के मुख्य द्वार सहित कई हिस्सों में पानी भरे रहने से राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इससे यह साफ पता चलता है कि निगम प्रशासन व पूर्व के जनप्रतिनिधि मेयर ने मेदिनीनगर नगर निगम में कितना काम किया है। गर्मी के महीना में प्रथम बारिश से ही मेदिनीनगर नगर निगम के अंदर जाना मुश्किल हो गया। पानी निकास का मार्ग ही बंद कर दिया गया। ऐसा एक ही जगह नहीं बल्कि कई एक जगह देखने को मिला। इससे यह साफ पता चलता है कि निगम प्रशासन खूद अपनी करगुजारियों का शिकार हुआ है। बिना नाली के निर्माण व सफाई कराए पक्का का निर्माण कार्य हो जाता है। इसका नतीजा आज जैसी स्थिति देखने को मिल रहा है। यही कारण है कि निगम के पदाधिकारी व पूर्व के जन प्रतिनिधियों के घटिया कार्य व सफाई नहीं रहने के कारण मेदिनीनगर नगर निगम सबसे फीसडी रहा है।



कदाचारमुक्त कराएं नीट की परीक्षा : उपायुक्त

- नीट की परीक्षा 4 मई को, पलामू में बनाए गये 4 केन्द्र
- गिरोह व अवांक्षित व्यक्तियों पर प्रशासन की कड़ी नजर
- सीसीटीवी, जैमर तथा बायोमेट्रिक उपस्थिति यंत्र का हो रहा अधिष्ठापन
- परीक्षा केन्द्रों पर पेयजल एवं दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था
- एम्बुलेंस के साथ तैनात रहेंगे मेडिकल टीम
- परीक्षा को लेकर विशेष बस सेवा का होगा परिचालन
- उपायुक्त की अध्यक्षता में परीक्षा के सफल संचालन को लेकर हुई बैठक

मेदिनीनगर (पलामू) नवबिहार टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित NEET 2025 परीक्षा 4 मई 2025 को होगी। इसके लिए पलामू जिले में 4 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। सभी परीक्षा केन्द्र प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में हैं, जहां अपराह्न 2 से 5 बजे तक परीक्षा संचालित होगी। पलामू में 1623 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। परीक्षा आयोजन को लेकर पलामू जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की ओर से संयुक्त रूप से व्यापक तैयारी की गई है। कदाचार मुक्त, सुगमतापूर्वक एवं सफलतापूर्वक परीक्षा संचालन को लेकर पलामू उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में पदाधिकारियों की बैठक हुई। उपायुक्त शशि रंजन ने जिले में कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन का सख्त निदेश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर केन्द्राधीक्षक/ पर्यवेक्षक, दंडाधिकारी के साथ-साथ पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। वहीं सभी परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राधीक्षक कक्ष एवं सभी कमरों में सीसीटीवी, जैमर तथा बायोमेट्रिक उपस्थिति यंत्र का अधिष्ठापन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा आयोजन को लेकर गिरोह एवं अवांक्षित व्यक्तियों पर प्रशासन की कड़ी नजर है। इसमें संलिप्त लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



अभ्यर्थियों की जांच के बाद प्रवेश

उपायुक्त ने स्टैटिक दंडाधिकारी/पुलिस पदाधिकारियों को जांच टीम द्वारा अभ्यर्थियों की जांच कराकर ही प्रवेश दिलाने का निदेश दिया है। उन्होंने कहा कि महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला टीम एवं पुरूष अभ्यर्थियों की जांच पुरूष टीम द्वारा कराएं, ताकि अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र में किसी प्रकार की कोई अवांछित वस्तु, चिट-पुर्जा आदि परीक्षा केन्द्र के अंदर नहीं ले जा सकें।

गैर व्यक्तियों की प्रवेश नहीं

उन्होंने परीक्षा केन्द्र के अन्दर केवल परीक्षा संचालन से संबंधित पदाधिकारी एवं वीक्षक तथा कर्मी ही प्रवेश करें। उन्होंने कोई भी गैर व्यक्तियों को परीक्षा केन्द्र के अंदर प्रवेश नहीं करने देने का निदेश दिया है। उपायुक्त ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी को परीक्षा अवधि में भ्रमणशील रहकर परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करते हुए कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने का निदेश दिया है। उपायुक्त ने आकस्मिकता के मद्देनजर सभी परीक्षा केन्द्रों पर एम्बुलेंस के साथ मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति करने का निदेश सिविल सर्जन को दिया है। साथ ही परीक्षार्थियों के आवागमन के मद्देनजर परीक्षा तिथि के दिन पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 1 बजे तक तथा परीक्षा समाप्ति के पश्चात संध्या 5 बजे से संध्या 7 बजे तक जिला अंतर्गत बस स्टैंड एवं स्टेशन से विशेष बस सेवा का परिचालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया। वहीं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को परीक्षा केन्द्रों पर आने वाले दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर की व्यवस्था करने का निदेश दिया। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने का निदेश सहायक नगर आयुक्त को दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त ने अन्य संबंधित पदाधिकारियों को परीक्षा का सफल संचालन करने का निदेश दिया है। उपायुक्त शशि रंजन ने परीक्षार्थियों से अपील किया है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा निर्धारित वस्तु ही परीक्षा केन्द्र पर लाएं। किसी तरीके की चिट, पुर्जा आदि कोई अवांछित सामग्री लेकर नहीं लाएं। प्रवेश के दौरान जांच टीम द्वारा किए जा रहे जांच एवं परीक्षा के सफल आयोजन में सहयोग करें। साथ ही परीक्षा के नियमों का सख्ती से पालन करें। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर सभी समन्वय के साथ कार्य करने का निदेश दिया गया। प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल संबंधित परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित तिथि को समय से पहुंचकर केन्द्राधीक्षक/पर्यवेक्षक के निदेशानुसार आवश्यक सुरक्षात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर आयोजित बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी, केन्द्राधीक्षक, स्टैटिक दंडाधिकारी, उड़नदस्ता-सह-गश्ती दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

खूबसूरत दुनिया के निर्माण में मजदूरों का है अहम योगदान : शत्रुघ्न

मेदिनीनगर (पलामू) नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मजदूर किसान कामगार यूनियन झारखण्ड के तुकबेरा स्थित केन्द्रीय कार्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष गिरिजा प्रसाद विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन केन्द्रीय महासचिव सुशील कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु उपस्थित थे।कार्यक्रम के अध्यक्षीय सम्बोधन में मजदूर किसान कामगार यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष गिरिजा प्रसाद विश्वकर्मा ने मजदूरों के हक अधिकार के लिए शहादत देनेवाले शिकागो के शहीदों को नमन करते हुए कहा कि विश्व के इतिहास में उन सबों की कूबानीं हमेशा याद की जाएगी। मुख्य अतिथि शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने इंटर नेशनल लैबर डे के अवसर पर उपस्थित यूनियन के सभी पदाधिकारियों व मजदूर साथियों को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी। कहा कि खुबसूरत व रचनात्मक दुनिया के निर्माण में मेहनतकश मजदूरों व किसानों का सर्वाधिक योगदान रहा है। आज के दिन मजदूरों के मानवीय गरीमा व अधिकार के लिए शहादत देनेवाले सभी शहीदों को नमन करते हैं। भारत समेत दुनिया भर



का साम्राज्यवादी शासक वर्ग पूंजिवाद के नक्शे कदम पर चलकर ना केवल सस्ते श्रम का शोषण करना चाहता है बल्कि काम के घंटे को 8 से बढ़ाकर 12 करने पर आमादा है। लेकिन भारतीय संविधान निमार्ता बाबा साहेब डा आम्बेडकर ने संविधान में काम के 8 घंटे निर्धारित कर कामगारों के हित में भी कई कदम उठाए है। लेकिन आज संविधान की मूल भावना को दरकिनार कर मोदी सरकार 40 से ज्यादा श्रम संहिताओं को 4 में तब्दील कर कारपोरेट की दलाली कर रही है। आज के दिन फिर से शिकागो के शहीदों की कुबार्नी से सबक लेकर मोदी सरकार के खिलाफ संघर्ष की जरुरत है।कार्यक्रम में केन्द्रीय सचिव ओमप्रकाश गुप्ता, नारायण सत्यार्थी, डा. विष्णुदेव यादव, नरेन्द्र राम चन्द्रवंशी, कृष्णकांत गुप्ता, शिव कुमार प्रसाद, चंदन कुमार, राकेश कुमार, जनकधारी मेहता, राकेश कुमार पाण्डेय, महेश राम, मदन राम समेत भारी संख्या में मजदूर उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में शिकागो के शहीदों के साथ पिछले 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में मारे गए सभी पर्यटकों को दो मिनट का मौन धारण कर विनम्र श्रद्धांजलि श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

नीट यूजी परीक्षा केंद्रों के बाहर धारा 163 लागू

चास एवं बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी ने जारी किया आदेश

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नीट यूजी 2025 का परीक्षा आगामी 04 मई रविवार को होने जा रहा है। आशंका है कि इस अवसर पर परीक्षा में अन्य बाहरी तत्वों द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया जा सकता है एवं निर्वीक्षकों द्वारा लिए जा रहे परीक्षा के स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त संचालन में असामाजिक तत्वों द्वारा परीक्षा केन्द्रों के चारो तरफ इकट्ठा होकर व्यवधान उत्पन्न किया जा सकता है। इस प्रकार उपर्युक्त उद्देश्यों के लिए एवं व्यापक लोकहित में निरोधात्मक कार्रवाईयों की आवश्यकता सर्वथा नितांत है। भानासुसं की धारा 163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा एवं अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुवा ने अपने - अपने अनुमंडल के भौगोलिक क्षेत्रांतर्गत अवस्थित सभी परीक्षा केन्द्रों के परिसर के पाँच सौ गज की परिधि के अन्तर्गत निम्नांकित कार्यों एवं गतिविधियों को निषिद्ध कर दिया है:-

(1) पाँच या पाँच से अधिक की संख्या में व्यक्तियों के एक साथ किसी भी स्थान विशेष पर एकत्रित होने, भ्रमण करना अथवा भीड़ लगाना इत्यादि।

(2) किसी भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के द्वारा निषेधाज्ञा क्षेत्र अन्तर्गत किसी प्रकार का कोई आग्नेयास्त्र, परंपरागत हथियार तथा लाठी, डण्डा, भाला, तीर-धनुष, फर्सा, बर्षा इत्यादि में से कोई भी हथियार लेकर चलना, भ्रमण करना, प्रदर्शन करना अथवा उसका व्यवहार किया जाना। (अपवाद पुलिस कर्मी)

(3) निषिद्ध क्षेत्र के अन्तर्गत किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र के साथ अथवा बिना किसी अस्त्र-शस्त्र के भी किसी भी प्रकार का कोई जुलूस, रैली, सभा, धना एवं प्रदर्शन इत्यादि का आयोजन किया जाना।

(4) परीक्षा एवं परीक्षा केन्द्र के कर्तव्यों से संबंधित व्यक्तियों, कर्मियों, परीक्षार्थियों, प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं दण्डाधिकारियों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के निषिद्ध क्षेत्र अन्तर्गत प्रवेश कर भ्रमण करने अथवा किसी परीक्षार्थी या परीक्षार्थियों को अनुचित रीति से सहायता अथवा सहयोग किया जाना। कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन हो।

आकाशीय बिजली की चपेट से युवक की मौत की खबर पर मिट्टी मंजिल में शामिल हुए टुण्डी विधायक

टुण्डी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता। टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो आज अपने ससाह व्यापी दौरें से लौटें ही थे तभी उन्हें खबर मिली की पूर्वी टुंडी प्रखंड के फतेहपुर गांव निवासी बबलू अंसारी के 14 वर्षीय पुत्र मस्जिद अंसारी की असामायिक निधन हो गया है तभी उन्होंने आज शुक्रवार को कब्रिस्तान पहुंचे और मिट्टी मंजिल में शामिल होकर असमय निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया। प्राप्त समाचार के अनुसार कल पूरे झारखंड में असमय आंधी तूफान एवं गर्जन के साथ ओले गिर रहा था भारी वारिश में मृतक मस्जिद अंसारी अपने सभी दोस्तों के साथ तालाब में मछली पकड़ रहा था तभी अचानक जोर से ब्रजपात हुआ. और उसके चपेट में आ गया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। आज उसके असामायिक निधन की खबर मिलते ही पूरे गांव के लोग इकट्ठा हो गए जिसमें टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो अपने सभी समर्थकों के साथ इस दुःख की घड़ी में शामिल हुए और परिजनों को ढांढस बंधाया तथा असमय निधन पर अपना गहरा संवेदना प्रकट किया। मौके पर विधायक मथुरा प्रसाद महतो ,झामुमो के वरिष्ठ नेता ऐनुल अंसारी, अजीत मिश्रा, पूर्वी टुंडी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरिलाल किस्कू ,वशीर अंसारी समेत बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित थे।



दो अलग-अलग घटनाओं में 8 लोग घायल

मशरक (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मशरक थाना क्षेत्र के गोढ़ना व मदारपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की दो विभिन्न घटनाओं में कुल 8 लोग घायल हो गए। ईंट जोड़ने के विवाद में विष्णु साह व उनका 8 वर्षीय पुत्र क्रिस कुमार घायल हो गए, वहीं मदारपुर में विकास कुमार, अजय कुमार राय, मीना देवी समेत अन्य घायल हुए।

मुआवजा दावा हेतु शिविर का आयोजन 5 - 6 मई को

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, बोकारो द्वारिका बैठा द्वारा बरलंगा से कसमार भाया नेमरा पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण परियोजना के लिए अंचल कसमार के अन्तर्गत गैर-मजुरूआ/रैयती भूमि पर अवस्थित संरचना के हितबद्ध रैयतों को मुआवजा भुगतान के लिए आगामी 05 एवं 06 मई को कैम्प कोर्ट आयोजित किया जाएगा। बरलंगा से कसमार भाया नेमरा पथ परियोजना से संबंधित रैयतों से अपील है कि वह निर्धारित तिथि/ समय व स्थल पर पहुंचकर अपना मुआवजा हेतु दावा प्रस्तुत करें।

निदेशक, ग्रामीण आजीविका, भारत सरकार ने खूंटी में आजीविका कार्यों का किया निरीक्षण, दीदियों के प्रयासों की सराहना

खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। श्रीमती राजेश्वरी एस. एम., निदेशक, ग्रामीण आजीविका, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, ने आज खूंटी प्रखंड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सखी मंडल दीदियों द्वारा संचालित विभिन्न आजीविका गतिविधियों का निरीक्षण किया।



अपने दौरे की शुरूआत में निदेशक ने सिलदाह गांव पहुँचकर रीता देवी, मायावती देवी और सुमित्रा देवी द्वारा तीन एकड़ क्षेत्र में किए जा रहे आम बागवानी कार्य का अवलोकन किया। इसके पश्चात उन्होंने गुटजोरा स्थित JSLPS के आजीविका संसाधन केंद्र का दौरा किया, जहाँ नर्सरी, टपक सिंचाई आधारित आधुनिक खेती, G-9 केला उत्पादन, मुर्गी पालन और किसान प्रशिक्षण केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निदेशक ने JSLPS द्वारा संचालित आदिवा ज्वेलरी और मुरहू प्रखंड के पेरका स्थित वैन धन केंद्र के स्टॉलों का भी दौरा किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने सखी मंडल की दीदियों से संवाद कर उनके अनुभव, चुनौतियों और उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक, मनीशा साँचा ने गरिमा केंद्र (जेंडर रिसोर्स सेंटर) की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहले दीदियाँ अपनी समस्याएँ बताने में संकोच करती थीं, परंतु अब वे आगे आकर गरिमा केंद्र के माध्यम से थाना, उछरअ, मनोसामाजिक परामर्श, न्याय और चिकित्सा सहायता प्राप्त कर रही हैं। निदेशक ने खूंटी जिले में सखी मंडल के प्रयासों और उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर राज्य कार्यालय से कार्यक्रम प्रबंधक श्री संजय भगत, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती मनीशा साँचा, जिला आजीविका समन्वयक श्री संजय कुमार, तकनीकी सहयोगी श्री राहुल मौर्या और प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती विनीता तिर्की उपस्थित रहे।

जनता मजदूर संघ ने अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर भारतीय खाद्य निगम परिसर में श्रमिक को दी श्रद्धांजलि

मेदिनीनगर (पलामू)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जनता मजदूर संघ के तत्वावधान में भारतीय खाद्य निगम के कार्यालय के समक्ष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें संघ के पलामू संयोजक मजदूर नेता राकेश सिंह सहित उन मजदूरों ने डिपो परिसर में कार्यरत श्रमिक स्वर्गीय ईश्वरी यादव को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। बताते चलें कि पिछले वर्ष सूदना गायत्री मंदिर रोड के एफसीआई डिपो प्रांगण में दुर्घटना के दौरान डिपो परिसर में कार्यरत श्रमिक स्वर्गीय ईश्वरी यादव की दुर्घटना में मौत हो गई थी। संघ ने इस क्रम में आश्रित परिवार को मुआवजा व नौकरी की मांग को लेकर भारतीय खाद्य निगम के पलामू प्रमंडल प्रबंधक शंभू नाथ मिश्रा को मांग पत्र सौंपा गया । राकेश सिंह ने कहा कि मजदूर सिर्फ एक जाति का नहीं होता है। मजदूर कोई भी हो सकता है। चाहे वह अनुसूचित जाति से हो, राजपूत, ब्राह्मण, आदिवासी या किसी भी जाति से हो सकता है। गरीबी जाति नहीं देखती।इसलिए गरीबों के मुद्दे जातिगत सीमाओं से ऊपर उठकर देखे जाने चाहिए। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की सोच से प्रेरणा लेकर सभी गरीबों, किसानों व श्रमिकों को एकजुट करने कीआवश्यकता है। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर डॉ. आंबेडकर के मजदूर आंदोलन व सामाजिक न्याय की उस सोच को याद करना चाहिए, जो जाति, धर्म, भाषा व क्षेत्र से ऊपर उठकर सिर्फ इंसानियत व बराबरी की बात करता है। 29 दिसंबर 2023 को भारतीय खाद्य निगम सूदना के डिपो में दुर्घटना के शिकार हुए श्रमिक स्वर्गीय ईश्वरी यादव के आश्रित परिजनों को कानून संगत मुआवजा एवं नौकरी मुहैया कराई जाए।

क्योंकि आज तक भारतीय खाद्य निगम के तमाम अधिकारी श्रमिक परिवार को बरगला कर रखने का काम किया है। इससे साफ साबित होता है कि भारतीय खाद्य निगम के प्रमंडलीय प्रबंधक सहित तमाम अधिकारी ठेकेदार की मिलीभगत से अपने निजी स्वार्थ सिद्धि हेतु पैसा व रसूक के खेल में मशगुल हैं। इसे संघ कतई बर्दाश्त नहीं करेगा।



पूरे मामले पर भारत सरकार के खाद्य आपूर्ति मंत्री व श्रम मंत्री से न्याय की गुहार लगाई गई है। पुनः संघ के प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली जाकर खाद्ध आपूर्ति मंत्री व श्रम मंत्री से मुलाकात कर पूरे मामले पर ध्यान आकर्षित करते हुए न्याय की गुहार लगाएगा। मांगों की पूर्ति नहीं होने पर 19 मई 2025 से भारतीय खाद्य निगम सुदना मेदिनीनगर के समक्ष अनिश्चित कालीन धरना व हड़ताल रुपी आंदोलन का रुख अख्तियार किया जाएगा। मौके पर संघ के शंभू प्रसाद, देवेंद्र ठाकुर, चंद्रदीप यादव, राजेंद्र यादव, सुरेंद्र यादव, विनोद यादव, संतोष यादव, रंजन सिंह, रॉकी यादव, राजन सिंह, लक्ष्मण यादव, कुंदन साव, भीम चौहान सहित अन्य शामिल थे।

पलामू के लेखक रोहित शुक्ला और आर्टिस्ट शिवांगी शैली को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के वेव्स सम्मेलन में लहरा पलामू का परचम

मेदिनीनगर (पलामू) नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भारत के पहले वेव्स सम्मेलन में पलामू की प्रतिभाओं ने देशभर में अपनी कला व रचनात्मकता का परचम लहराया है। इस आयोजन में पलामू निवासी लेखक रोहित दयाल शुक्ला व आर्टिस्ट शिवांगी शैली को उनकी ऐतिहासिक ग्राफिक नोवेल के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह ग्राफिक नोवेल झारखंड की पारंपरिक सोहराई कला में चित्रित की गई थी। ग्राफिक नोवेल राजा मेदिनी राय व औरंगजेब के सेनापति दाऊद खान पन्नी के बीच हुए ऐतिहासिक युद्ध पर आधारित है। कला व इतिहास का यह समागम न केवल दर्शकों को आकर्षित कर गया बल्कि निर्णायक मंडल का भी दिल जीत लिया। सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। वैश्विक सम्मेलन का उद्देश्य भारत को वैश्विक मीडिया व मनोरंजन उद्योग का केंद्र बनाना है। इससे देश की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को गति मिले। कार्यक्रम में मुकेश अंबानी अपने परिवार सहित मौजूद थे। इसके अतिरिक्त बॉलीवुड व दक्षिण भारतीय सिनेमा की दिग्गज हस्ती शाहरुख खान, आमिर खान, शाहिद कपूर, अनिल कपूर, अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण, रजनीकांत, मोहनलाल, अल्लू अर्जुन, चिरंजीवी, राजामौली, एआर रहमान, करण जौहर जैसे दिग्गजों ने भी अपनी उपस्थिति से समिट को गौरवान्वित किया। रोहित दयाल शुक्ला को सम्मान की खबर मिलते ही पलामू में खुशी की लहर दौड़ गई। परिवार व मित्रों में खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। रोहित शुक्ला के पिता बीपीएम ज्ञान निकेतन स्कूल के डायरेक्टर शंकर दयाल शुक्ला ने कहा कि यह उनके जिले के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। सोहराई कला की राष्ट्रीय पहचान हम सबके लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। माता मंजू देवी बेटे की इस उपलब्धि पर भावविभोर हैं। झारखंड के मशहूर चिकित्सक डॉ गोविंद माधव ने रोहित दयाल शुक्ला को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पलामू के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है। युवाओं को हमारे मित्र की सफलता से प्रेरणा लेनी चाहिए। हमारी धरती सिर्फ अभाव की धरती नहीं है बल्कि खनिज संपदा के साथ साथ पराक्रम व शौर्य के कि स्सों से भी संपन्न है। अब तो इन्हें दुनिया के सामने लाने के लिये मजबूत कलम का भी साथ मिल गया है। बड़े भाई कांग्रेसी नेता चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि यह पुरस्कार पूरे परिवार ही नहीं, पूरे पलामू के लिए गर्व का विषय है। वे रोहित को बधाई देते हैं। उनकी आने वाली पुस्तकों के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता व रोहित दयाल शुक्ला के छोटे भाई सन्नी शुक्ला ने कहा कि पहली ही कृति को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलना उनकी विलक्षण प्रतिभा का प्रमाण है। यह परंपरा व नवाचार के संगम की मिसाल है। पलामू की मिट्टी से उपजी यह सृजनात्मकता अब राष्ट्रीय मंच पर अपनी छाप छोड़ रही है। उम्मीद की जा रही है कि यह वैश्विक पहचान की ओर भी अग्रसर होगी। बधाई देने वालों में नीतू शुक्ला, राजीव त्रिवेदी, अमित पाण्डेय, सुमित पांडेय, सौरभ तिवारी शामिल हैं।



मुनाफा कमाओ, नहीं तो बंद हो जाएगी दुकान...

मुकेश अंबानी की रिलायंस रिटेल का अपने स्टोर्स को सख्त निर्देश



नई दिल्ली, एजेंसी। देश की सबसे बड़ी रिटेल कंपनी रिलायंस रिटेल अब मुनाफे पर ज्यादा ध्यान दे रही है। कंपनी ने अपने नए स्टोर्स के लिए एक नियम बनाया है। नए स्टोर्स को 6 से 12 महीनों में ही मुनाफा कमाना होगा। अगर ऐसा नहीं होता है, तो उन्हें बंद कर दिया जाएगा या उनकी जगह कोई और स्टोर खोला जाएगा। पहले कंपनी नए स्टोर्स को आंकने के लिए दो साल तक का समय देती थी। लेकिन अब कंपनी आइपीओ लाने की तैयारी कर रही है, इसलिए वह मुनाफे पर ज्यादा ध्यान दे रही है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में एनालिस्ट्स के साथ एक मीटिंग हुई थी। इस मीटिंग में कंपनी के मैनेजमेंट ने कहा कि आइपीओ की योजना के बारे में सही समय आने पर बताया जाएगा। एक और अधिकारी ने बताया कि रिलायंस रिटेल अब पहले की तरह तेजी से स्टोर्स नहीं खोलेगी। पहले कंपनी हर साल 1,000 से ज्यादा स्टोर्स खोलती थी। लेकिन अब कंपनी हर साल 500-550 नए स्टोर्स ही खोलेगी। वित्त वर्ष 2023 में कंपनी ने 3,300 से ज्यादा स्टोर्स खोले थे। कंपनी पिछले तीन साल में 3,650 से ज्यादा स्टोर्स बंद कर चुकी है। ये स्टोर्स मुनाफा नहीं कमा रहे थे। रिलायंस रिटेल कई तरह के प्रोडक्ट्स बेचती है। इनमें इलेक्ट्रॉनिक्स, किराने का सामान, कपड़े, जूते, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, सोने के गहने, चश्मे, दवाइयां और हस्तशिल्प शामिल हैं। ये प्रोडक्ट्स रिलायंस फ्रेश, डिजिटल, ट्रेंड्स और मायजियो जैसे स्टोर्स में मिलते हैं।

कंपनी के स्टोर- एक अधिकारी ने बताया कि अब बहुत ज्यादा स्टोर्स खोलने का समय खत्म हो गया है। लेकिन हर साल स्टोर्स की संख्या जरूर बढ़ेगी। अगर ऐसा नहीं होता है, तो कंपनी की कमाई की रफ्तार धीमी हो जाएगी। कंपनी का कहना है कि स्टोर्स के लिए सही जगह चुनने पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। इससे 90 प्रतिशत से ज्यादा स्टोर्स मुनाफा कमाने लगेंगे। हालांकि, कुछ स्टोर्स ऐसे भी हो सकते हैं जो बाजार में बदलाव के कारण मुनाफा न कमा पाएं। मार्च 2025 के अंत तक रिलायंस रिटेल के पूरे भारत में 19,340 स्टोर्स थे। रिलायंस रिटेल से इस बारे में ईमेल के जरिए सवाल पूछा गया था, लेकिन गुरुवार तक कोई जवाब नहीं मिला। रिलायंस अब महंगे प्रोडक्ट्स पर भी ध्यान दे रही है।

स्ट्रीमलाइनिंग एक्सरसाइज- रिलायंस रिटेल के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर दिनेश तालुजा ने एनालिस्ट्स को बताया कि उनके प्रीमियम किराने के स्टोर्स फ्रेशपिक और गोफ्रेश को लोग पसंद कर रहे हैं। कंपनी इस तरह के और स्टोर्स अमीर इलाकों में खोलेगी। कंपनी अपने वैल्यू फैशन स्टोर ट्रेंड्स को भी बदल रही है। अब ये स्टोर यंग लोगों के लिए होंगे। इनमें लेटेस्ट टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा। ये स्टोर अजोर्ट फॉर्मेट की तरह होंगे। रिलायंस रिटेल ने पिछले दो साल में अपना मुनाफा बढ़ाया है। कंपनी ने स्टोर्स को ठीक करके और काम करने के तरीके को सुधारकर ऐसा किया है। इसे स्ट्रीमलाइनिंग एक्सरसाइज कहा जा रहा है। कंपनी का एबिटडा मार्जिन 2024-25 में बढ़कर 8.3 प्रतिशत हो गया है। पिछले साल यह 8.1 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2023 और 2022 में यह 7.6 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत था। तालुजा ने एनालिस्ट्स को बताया कि कंपनी ने स्ट्रीमलाइनिंग का काम लगभग पूरा कर लिया है। लेकिन उन्होंने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी।

30 मिनट में डिलीवरी- रिलायंस अब ई-कॉमर्स जैसे उन क्षेत्रों में भी मुनाफा कमाना चाहती है, जहां बहुत ज्यादा पैसा खर्च होता है। तालुजा ने कहा कि कंपनी 30 मिनट में ऑनलाइन डिलीवरी का बिजनस शुरू करेगी। इससे कंपनी क्रिक कॉमर्स को टक्कर देगी और मुनाफा भी कमाएगी। कंपनी एक बहुत मजबूत यूनिट इकोनॉमिक्स के साथ लाभप्रद तरीके से यह काम करेगी। डिलीवरी कस्टमर के सबसे नजदीकी स्टोर से की जाएगी। इससे कंपनी को डार्क स्टोर्स बनाने की जरूरत नहीं होगी।

जुबिलैंट बेवरेजेज हिंदुस्तान कोका-कोला होल्डिंग्स में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगा

सीसीआई की मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने जुबिलैंट बेवरेजेज लिमिटेड (जेबीएल) और हिंदुस्तान कोका-कोला होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (एचसीसीएच) के बीच शेयर अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। जुबिलैंट हिंदुस्तान कोका-कोला होल्डिंग्स में 40 प्रतिशत हिस्सा खरीदेगा।

कंपनी ने सौदे के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया है। हालांकि, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में हिंदुस्तान कोका-कोला होल्डिंग्स में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए लगभग 10,000 करोड़ रुपये के भुगतान की बात कही गई है।

बॉटलिंग परिचालन में अपनी हिस्सेदारी बेच रही कोका-कोला कंपनी

यह सौदा कोका-कोला कंपनी की रणनीति के अनुसार वैश्विक स्तर पर बॉटलिंग परिचालन में अपनी हिस्सेदारी बेचने की नीति का हिस्सा है। एचसीसीबीएल 13 कारखानों का संचालन करता है। यह कंपनी विभिन्न पेय पदार्थों / उत्पादों का विनिर्माण और बिक्री भी करती है।

2,000 करोड़ रुपये में बॉटलिंग प्लांट अधिग्रहण- इससे पहले पिछले सप्ताह, प्रतिस्पर्धा नियामक- सीसीआई ने कंधारी ग्लोबल बेवरेजेज के पेय पदार्थ प्रमुख कोका-कोला के बॉटलिंग प्लांट को 2,000 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। पिछले साल दिसंबर में, कोका-कोला ने अपने भारतीय बॉटलिंग व्यवसाय- हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी जुबिलेंट भारतीय समूह को बेचने की घोषणा की थी। सौदे में शामिल कंपनियों के बारे में जानिए हिंदुस्तान कोका-कोला होल्डिंग्स एक होल्डिंग कंपनी है।

झुनझुनवाला के निवेश वाली कंपनी के हाथ लगा 1663 करोड़ रुपये का काम

शेयरों में करीब 3 प्रतिशत की तेजी

नई दिल्ली, एजेंसी। कंस्ट्रक्शन कंपनी एनसीसी लिमिटेड के शेयरों में शुक्रवार को करीब 3 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। एनसीसी लिमिटेड के शेयरों में तेजी के पीछे की वजह 1663 करोड़ रुपये का काम मिलना है। बीएसई में आज शुक्रवार को एनसीसी लिमिटेड के शेयर 213.35 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयर 2.80 प्रतिशत की तेजी के साथ 217.95 रुपये के



लेवल पर पहुंचने में सफल रहा है। बता दें, इस कंपनी में झुनझुनवाला ने भी दांव लगाया है। उनके पास 10 प्रतिशत से अधिक का हिस्सा है। टेक्निकल चार्ट पर यह स्टॉक 48.6 के आरएसआई 48.60 प्रतिशत खड़ा है। जोकि दर्शाता है कि यह स्टॉक ना तो बहुत बेचा गया है और ना बहुत खरीद हुई है। बता दें, एनसीसी लिमिटेड की तरफ से 15 मई 2025 को तिमाही नतीजों का ऐलान किया जाएगा। कंपनी की तरफ से डिविडेंड का भी ऐलान संभव है।

कंपनी ने एक्सचेंज को क्या बताया है- एनसीसी लिमिटेड ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में बताया है कि अप्रैल 2025 के महीने में कंपनी को 1663 करोड़ रुपये (जीएसटी छोड़कर) का काम मिला है। इसमें से 1082 करोड़ रुपये का काम बिल्डिंग डिविजन का है। वहीं, 581 करोड़ रुपये का काम ट्रांसपोर्टेशन डिविजन का है। कंपनी को यह काम सरकार, प्राइवेट कंपनियों से मिला है।


असमानता

2019 के बाद से सीईओ का वेतन 50 और कर्मचारियों का महज 0.9 फीसदी बढ़ा; ऑक्सफैम की रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी यानी सीईओ का औसत वेतन सालाना 17 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जबकि वैश्विक सीईओ के औसत वेतन में 2019 के बाद से 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। असमानता का आलम यह है कि इसी दौरान कर्मचारियों का वेतन केवल 0.9 फीसदी ही बढ़ा है।

ऑक्सफैम की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि एक अरबपति एक घंटे में एक औसत कर्मचारी की पूरे साल की कमाई से अधिक आय अर्जित करता है। आयरलैंड और जर्मनी में सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ हैं। 2024 में इनका औसत वेतन क्रमश : 67 लाख डॉलर और 47 लाख डॉलर रहने का अनुमान है। दक्षिण अफ्रीका में सीईओ का औसत वेतन 2024 में 16 लाख डॉलर जबकि भारत में यह 20 लाख डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। ऑक्सफैम इंटरनेशनल के कार्यकारी निदेशक अमिताभ बेहर ने कहा, साल दर साल हम यही देखते हैं। सीईओ का वेतन आसमान छूता है, जबकि श्रमिकों के वेतन में कोई खास बढ़ोतरी नहीं होती। यह व्यवस्था ठीक उसी तरह काम कर रही है, जैसा कि इसे बनाया गया है। लाखों कामकाजी लोग किराया, भोजन और स्वास्थ्य सेवा का खर्च उठाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि अमीर और अमीर हो रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक सीईओ के वेतन में वृद्धि ऐसे समय में की गई है जब वर्तमान वेतन से कर्मचारियों के लिए जीवनयापन मुश्किल हो रहा है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर वेतन असमानता में कमी आई है पर यह कम आय वाले देशों में अब भी बहुत अधिक है।

अब केवल 15 सेकंड में कर पाएंगे यूपीआई पेमेंट



नई दिल्ली, एजेंसी। 16 जून 2025 से आपका यूपीआई ट्रांजेक्शन (डेबिट-क्रेडिट) बस 15 सेकंड में निपट जाएगा। अभी इसमें 30 सेकंड लगते हैं। नैशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने यूपीआई के काम-काज में एपीआई रिस्पॉन्स टाइम कम करने का आदेश दिया है। रिस्पॉन्स टाइम मतलब ये कि ट्रांजेक्शन शुरू होने से लेकर खत्म होने तक में लगने वाला समय। इसके अलावा ट्रांजेक्शन का स्टेटस चेक करना या पैसे वापस लेना भी 75 प्रतिशत तक तेज हो जाएगा। सवाल उठता है कि ये नया नियम आपके यूपीआई एक्सपीरियंस को कैसे बदल देगा और क्या इससे यूपीआई में कोई दिक्कतें आएंगी मान लीजिए आप किसी दुकान पर गए और 500 रुपये का सामान खरीदा। आपने आइसीआइसीआइ बैंक के आईमोबाइल ऐप से त्वरक कोड स्कैन करके पेमेंट किया। वो त्वरक कोड एचडीएफसी बैंक के अकाउंट से जुड़ा हुआ है तो आइसीआइसीआइ बैंक पेमेंट का रिक्वेस्ट जनरेट करेगा, जो एनपीसीआइ नेटवर्क के जरिए एचडीएफसी बैंक को जाएगा। पेमेंट हुआ या नहीं, ये देखकर एचडीएफसी बैंक रिस्पॉन्स भेजेगा। यह फिर से एनपीसीआइ नेटवर्क से आइसीआइसीआइ बैंक को आएगा। पहले इसमें 30 सेकंड लगते थे। लेकिन 16 जून से पूरे प्रोसेस में महज 15 सेकंड लगेंगे।

कैसे काम करेगा सिस्टम

एक्सपर्ट्स कहते हैं कि इससे न सिर्फ ट्रांजेक्शन का वक्त कम होगा, बल्कि स्टेटस चेक करने में भी बहुत फर्क पड़ेगा। नए नियमों में कहा गया है कि ट्रांजैक्शन शुरू होने या वैरिफाई होने के 90 सेकंड बाद पीएसपी बैंक/अक्वायरिंग बैंक पहली बार स्टेटस चेक कर सकते थे। अब ये वक्त 45 से 60 सेकंड हो गया है। यूपीआई के जरिए होने वाले लेनदेन की संख्या अप्रैल में सालाना आधार पर 34 प्रतिशत बढ़कर 17.89 अरब पर पहुंच गई है। हालांकि, मार्च के मुकाबले इसमें मामूली कमी देखने को मिली है। बीते महीने यह आंकड़ा 18.30 अरब था। अप्रैल में लेनदेन की संख्या के साथ यूपीआई के जरिए होने वाले लेनदेन की राशि में भी बढ़त देखी गई है और यह सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 23.95 लाख करोड़ रुपये हो गया है। मार्च में हुए कुल यूपीआई लेनदेन की वैल्यू 24.77 लाख करोड़ रुपये थी। मार्च की तुलना में अप्रैल में यूपीआई लेनदेन की संख्या और वैल्यू में कमी की वजह महीने के दौरान दिन की संख्या में अंतर होना है। मार्च में 31 दिन थे, जबकि अप्रैल महीना 30 दिन का था।

चुनौतीपूर्ण माहौल में मारुति, महिंद्रा की बिक्री बढ़ी तो शेयर ने भी दिखाया दम

नई दिल्ली, एजेंसी। चुनौतीपूर्ण बाजार माहौल में मारुति सुजुकी इंडिया और महिंद्रा एंड महिंद्रा की थोक बिक्री अप्रैल महीने में बढ़त पर रही। इसका असर दोनों कंपनियों के शेयरों पर देखने को मिल रहा है। मारुति के शेयर निफ्टी ऑटो इंडेक्स में टॉप गेनर हैं। इनमें सवा दस बजे तक करीब साढ़े तीन फीसद की तेजी आ चुकी थी। जबकि, महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर डेढ़ फीसद ऊपर थे। पीटीआई के मुताबिक मारुति सुजुकी इंडिया की कुल बिक्री अप्रैल महीने में 7 प्रतिशत बढ़कर 1,79,791 इकाई रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा के यूटिलिटी वाहनों की बिक्री पिछले महीने घरेलू बाजार में 28 प्रतिशत बढ़कर 52,330 इकाई हो गई। घरेलू यात्री वाहन खंड में पिछले महीने महिंद्रा एंड महिंद्रा एवं टाटा मोटर्स क्रमश दूसरे एवं तीसरे स्थान पर पहुंच गईं। वहीं लंबे समय से दूसरे स्थान पर कायम हुंदै मोटर इंडिया चौथे स्थान पर खिसक गई।



टाटा की बिक्री घटी, शेयर चढ़े- टाटा मोटर्स लिमिटेड की अप्रैल 2025 में कुल बिक्री 6.1 प्रतिशत घटकर 72,753 इकाई रह गई। टाटा मोटर्स की घरेलू बिक्री अप्रैल 2024 के 76,399 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने सात प्रतिशत घटकर 70,963 इकाई रह गई। इसके बावजूद इसके शेयर 2.24 प्रतिशत चढ़कर 658.65 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे।

हुंदै मोटर इंडिया का हाल

हुंदै मोटर इंडिया की अप्रैल में कुल बिक्री सालाना आधार पर पांच प्रतिशत घटकर 60,774 इकाई रही। इसका असर इसके शेयर पर दिख रहा है। इसमें 0.25 पर्सेंट की कमजोरी है। यह 1703 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। बता दें किआ इंडिया की घरेलू बिक्री सालाना आधार पर 18 प्रतिशत बढ़कर 23,623 इकाई हो गई। वहीं, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की अप्रैल में थोक बिक्री सालाना आधार पर 33 प्रतिशत बढ़कर 27,324 इकाई हो गई।

अनिल अंबानी बना रहे एशिया का सबसे बड़ा बेस प्रोजेक्ट, 10,000 करोड़ के निवेश की तैयारी



नई दिल्ली, एजेंसी। अनिल अंबानी की रिलायंस पावर की कंपनी रिलायंस एनयू सनटेक ग्रीन एनर्जी में बड़ा दांव खेलने जा रही है। रिलायंस एनयू सनटेक ने सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के साथ एक पावर परचेज एग्रीमेंट किया है। यह समझौता 25 साल का है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस समझौते में 930 मेगावाट सोलर पावर शामिल है। इसके साथ ही 465 एमडब्ल्यू/1,860 एमडब्ल्यूएच की बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम भी है। कंपनी का कहना है कि यह एशिया का सबसे बड़ा सिंगल-लोकेशन सोलर-बेस प्रोजेक्ट है। यह प्रोजेक्ट अगले 24 महीनों में बनेगा। इसमें लगभग 10,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इसके लिए बिजली की कीमत 3.53 रुपये प्रति यूनिट तय की गई है।

यह डील को देश की क्लीन एनर्जी के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह डील बड़े पैमाने पर और रणनीतिक रूप से भी बहुत खास है। 930 एमडब्ल्यू की क्षमता को पूरा करने के लिए रिलायंस एनयू सनटेक 1,700 से ज्यादा की सोलर जनरेशन क्षमता लगाएगी। इसमें एडवांस एनर्जी स्टोरेज सिस्टम भी होगा।

जलवायु परिवर्तन: प्राकृतिक आपदाएं बनीं बीमा उद्योग की चुनौती

2025 में 14500 करोड़ पहुंच सकता है नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी। प्राकृतिक आपदाओं की तीव्रता और आवृत्ति में बढ़ोतरी बीमा उद्योग के लिए गंभीर सिरदर्द बनती जा रही है। प्रमुख वैश्विक पुनर्बीमा कंपनी स्विस रे की ताजा रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 में जलवायु से जुड़ी आपदाओं के कारण बीमित नुकसान की राशि 14,500 करोड़ डॉलर तक पहुंच सकती है। यह संभावित क्षति 2024 के बीमित नुकसान (13,700 करोड़ डॉलर) की तुलना में करीब 6 फीसदी अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार पिछले कुछ वर्षों के आंकड़े देखें तो आपदाओं से होने वाला बीमित नुकसान सालाना 5 से 7 फीसदी की दर से बढ़ रहा है जो न केवल बीमा कंपनियों के लिए बल्कि वैश्विक वित्तीय स्थिरता के लिए भी खतरे की घंटी है। यदि यही हालात रहे तो 1990 के बाद दूसरा सबसे बड़ा वार्षिक बीमा नुकसान होगा। हालांकि 2017 में आए तूफानों हार्वे, इरमा और मारिया ने अब तक का सबसे बड़ा झटका दिया था। स्विस रे के आपदा जोखिम मॉडल के अनुसार 2025 में बीमा दावों का आंकड़ा 30,000 करोड़ डॉलर तक भी पहुंच सकता है, हालांकि इसकी संभावना करीब 10 फीसदी मानी जा रही है।

2024 सबसे बड़े बीमा दावों का वर्ष

प्राकृतिक आपदाओं के कारण वैश्विक स्तर पर 2024 में 31,800 करोड़ डॉलर का कुल आर्थिक नुकसान हुआ, परंतु इसमें से केवल 57 फीसदी यानी 18,100 करोड़ डॉलर की ही भरपाई बीमा द्वारा हो सकी। बचा हुआ नुकसान असुरक्षित रहा, जिससे स्पष्ट है कि अब भी बड़ी संख्या में व्यक्ति और व्यवसाय बीमा सुरक्षा से वंचित हैं। 2024 में तूफान हेलेन और मिल्टन ने भारी तबाही मचाई। अमेरिका में भीषण बवंडरों, वैश्विक शहरी बाढ़ और कनाडा में अब तक के सबसे बड़े बीमा दावों ने इस वर्ष को बीमा इतिहास में विशेष बना दिया।

अत्यधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में पॉलिसी जारी करने से कतराने लगीं बीमा कंपनियां

रिपोर्ट के अनुसार चरम मौसमी घटनाओं के कारण बीमा उद्योग की रणनीति में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। अब कंपनियां अत्यधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में पॉलिसी जारी करने से कतराने लगी हैं। उदाहरण के लिए लॉस एंजेल्स में 2024 की जंगल की भयंकर आग ने 23,000 हेक्टेयर क्षेत्र को खाक कर दिया। इसमें 29 जानें गईं और 16,000 से अधिक संरचनाएं तबाह हो गईं। इसके कारण कैलिफोर्निया की लगभग दर्जनभर प्रमुख बीमा कंपनियों ने नई पॉलिसियां देना या तो बंद कर दिया या उन पर सख्त शर्तें लगा दीं।

स्विगी इंस्टामार्ट ने शुरू की सोने की डिलीवरी





नई दिल्ली, एजेंसी। अक्षय तृतीया पर सोने की खरीदारी करना शुभ माना जाता है। इस बार अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को थी। इस मौके पर स्विगी इंस्टामार्ट ने कई शहरों में मिनटों में सोने और चांदी की डिलीवरी की शुरुआत की। कंपनी का कहना था कि वह ग्रॉसरी के रेट पर ही सोने की डिलीवरी करेगी। कंपनी ने घर-घर सोने की डिलीवरी के लिए सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए थे। सोशल मीडिया पर इससे जुड़े कई वीडियो वायरल हो रहे हैं और यूजर्स ने इन पर मजेदार कमेंट किए हैं।

इंस्टाग्राम पर इसका एक क्लिप काफी वायरल हो रहा है। इसमें स्विगी का एक डिलीवरी एक्जीक्यूटिव अपना टू-वीलर लेकर जा रहा है। उसके पीछे एक सिक्योरिटी गार्ड बैठा है। गार्ड के एक हाथ में डंडा है और दूसरे हाथ में उसके हाई सिक्योरिटी लॉकर है। इस वीडियो क्लिप पर यूजर्स ने कई मजेदार कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा, ये क्या हो रहा है इस पर स्विगी ने जवाब दिया, रियल गोल्ड डिलीवरी करने के लिए रियल सिक्योरिटी चाहिए भाई। एक अन्य यूजर ने पूछा, क्या इसमें सच में सोना है। इस पर कंपनी ने कहा, डिलीवरिंग सोना इन एवरी कोना कोना।

कब तक होगी डिलीवरी

स्विगी इंस्टामार्ट ने घोषणा की थी कि कंपनी अक्षय तृतीया के मौके पर कल्याण जूलर्स से कस्टमर्स को मिनटों में सोने और चांदी के सिक्कों की डिलीवरी की शुरुआत कर रही है। इनमें 0.5 ग्राम और 1 ग्राम सोने के सिक्के और 5, 10 और 15 ग्राम चांदी के सिक्के शामिल हैं। ये सिक्के हालमार्क, सर्टिफाइड हैं और काफी सजावटी हैं। यह डिलीवरी पूरे साल के लिए है।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 02-05-2025 22:21 Page 1

इंडियन मुजाहिदीन के सदस्य गुर्गों के साथ गिरफ्तार

अवैध हथियार एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। झारखंड में इंडियन मुजाहिदीन (आईएम) के पूर्व सदस्य अम्मार याशर को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। हिज्ब-उत-तहरीर के झारखंड मॉड्यूल की जांच के दौरान आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने यह कार्रवाई की। उसे झारखंड के धनबाद के शमशेर नगर इलाके से गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों के मुताबिक, उसे अदालत में पेश किया गया और बाद में जेल भेज दिया गया।

एटीएस के मुताबिक, अम्मार पहले प्रतिबंधित संगठन इंडियन मुजाहिदीन से जुड़ा था। उसे 2014 में जोधपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। 10 साल जेल में बिताने के बाद उसे मई 2024 में जमानत पर रिहा किया गया। रिहाई के बाद उसने हिज्ब-उल-तहरीर (एचयूटी) के सदस्यों के साथ फिर से संपर्क किया। एचयूटी के कुछ लोगों को हाल ही में एटीएस ने गिरफ्तार किया था।

एटीएस की ओर से गिरफ्तार किए गए एचयूटी सदस्य अयान जावेद से पूछताछ के दौरान अम्मार की संलिप्तता का पता चला। एटीएस ने खुलासा किया कि जावेद ने अम्मार के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। अम्मार के पास से संदिग्ध दस्तावेज जब्त किए गए। इससे उसकी प्रतिबंधित समूह से रिश्ते साबित होते हैं। इसलिए एटीएस ने 26 अप्रैल को धनबाद में आतंकी नेटवर्क पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू की।

ऑपरेशन के दौरान एटीएस ने प्रतिबंधित संगठनों हिज्ब उत-तहरीर और भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा (एक्यूआईएस) से कथित संबंधों के लिए चार गुर्गों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान गुलफाम हसन (21), अयान जावेद (21), मोहम्मद शहजाद आलम (20) और शबनम परवीन (20) के रूप में हुई।

एटीएस के मुताबिक, खुफिया सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए टीम ने 26 अप्रैल को छापेमारी के दौरान अवैध हथियार, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और चरमपंथी साहित्य बरामद किया। यूएपीए अधिनियम के तहत हाल ही में एचयूटी पर प्रतिबंध के बाद यह भारत में पहला आपराधिक मामला है।

बताया गया कि 26 अप्रैल, 2025 को खुफिया जानकारी से उजागर तथ्यों के आधार पर धनबाद जिले में संदिग्ध स्थानों पर तलाशी और छापेमारी करने के लिए कई टीमें बनाई गईं। छापेमारी के दौरान कई गिरफ्तारियां की गईं। उनके कब्जे से दो पिस्तौल, 12 कारतूस, कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (जैसे मोबाइल फोन, लैपटॉप) और प्रतिबंधित संगठनों से संबंधित बड़ी मात्रा में दस्तावेज-किताबें बरामद की गईं। एटीएस, रांची में एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच चल रही है।

नक्सली अटैक पर डीजीपी हुए सख्त

वीडियो कांफ्रेंसिंग से की अधिनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। झारखंड के लातेहार में बुधवार की रात सड़क निर्माण कार्य में लगे वाहनों में आगजनी व एक को गोली मारे जाने संबंधित नक्सली वारदात के बाद डीजीपी अनुराग गुप्ता गंभीर हैं।

उन्होंने घटना के दूसरे ही दिन पुलिस मुख्यालय सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्लान बनाया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया है।

डीजीपी ने अधिकारियों को अपने-अपने जिले के फरार व सक्रिय नक्सलियों-उग्रवादियों का प्रोफाइल तैयार करने को कहा है, ताकि कार्रवाई में तेजी लाई जा सके।

डीजीपी ने राज्य में नक्सल उन्मूलन की दिशा में हो रही कार्रवाई की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली। समीक्षा के क्रम में विशेष तौर पर लातेहार, हजारीबाग, चाईबासा, लोहरदगा, पलामू में नक्सली परिदृश्य से संबंधित पूर्व में दिए गए निर्देश के अनुपालन की चर्चा की। वहां माओवादी, अन्य उग्रवादी संगठन, स्प्लिंटर ग्रुप्स के संपूर्ण रूप से उन्मूलन के लिए डीजीपी ने वांछित कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश भी दिया है।

उन्होंने सभी जोनल आइजी, रेंज डीआइजी को उपरोक्त निदेर्शों का अनुपालन अपनी देख-रेख में कराने को कहा है। यह भी कहा है कि उग्रवाद, गंभीर अपराध से संबंधित विगत तीन वर्षों में दर्ज कांडों की समीक्षा कर वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों को कार्रवाई के लिए निर्देशित करें।

सभी एसपी अपने जिले में पूर्व में घटित सभी मामलों की समीक्षा करें जो माओवादी, स्प्लिंटर ग्रुप या अपराधिक गिरोह की धमकी या लेवी मांगने से संबंधित हैं। यह भी जानकारी लें कि ऐसी सूचनाओं के बावजूद प्राथमिकी दर्ज हुई या नहीं।

एसपी नक्सल प्रभावित जिलों में माओवादी, स्प्लिंटर ग्रुप्स के माध्यम से आगजनी, तोड़फोड़ से संबंधित दर्ज मामलों में शीघ्र कार्रवाई करें। जो भी आरोपित फरार हैं, उनके विरुद्ध कुर्की-जब्ती की कार्रवाई करें।

उग्रवाद या अपराध के माध्यम से अर्जित संपत्तियों को चिह्नित कर उसके डक्यूमेंटेशन का कार्य अपडेट कर आगे की कार्रवाई करें।

एसपी नक्सल, स्प्लिंटर ग्रुप्स के प्रत्येक सदस्यों का प्रोफाइल बनाकर नो योर इनेमी, नो योर फ्रेंड के आधार पर अपने अधीनस्थन अधिकारियों-कर्मियों को जानकारी दें।

राज्य के जिस ईकाई से गोपनीय सूचना प्राप्त होती है, उसका तुरंत सत्यापन करते हुए कार्रवाई करें।

फरार नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए उनके विरूद्ध उचित माध्यम से पुरस्कार के लिए शीघ्र प्रस्ताव समर्पित करें।

नक्सलियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान और आत्मसमर्पण नीति को और प्रभावी बनाने के लिए व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करें।

सभी एसपी अपने अधीनस्थ थाना के पदाधिकारियों को यह निर्देश देंगे कि जेल से बाहर जमानत पर छूटे उग्रवादी, अपराधी का विशेष तौर पर निगरानी रखा जा सके।

डीजीपी के साथ पुलिस मुख्यालय में एडीजी अभियान डा. संजय आनन्दराव लाठकर, आइजी अभियान अमोल वीनुकांत होमकर, डीआइजी एसआइबी चंदन कुमार झा, एसपी एसआइबी नाथु सिंह मीणा व एसपी अभियान अमीत रेणु उपस्थित थे।

वहीं, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आइजी रांची अखिलेश कुमार झा, आइजी पलामू सुनिल भास्कर, डीआइजी पलामू वाईएस रमेश, डीआइजी बोकारो सुरेंद्र कुमार झा, डीआइजी हजारीबाग संजीव कुमार व पलामू, लातेहार, चाईबासा, लोहरदगा व हजारीबाग के एसपी जुड़े थे।

जातिगत जनगणना कराने की घोषणा को मंत्री ने बताया कांग्रेस की जीत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



साहिबगंज। बिहार चुनाव से पहले भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए देश में जातिगत जनगणना कराने की मांग को स्वीकार कर लिया है। तमाम विपक्षी दल केंद्र सरकार के इस निर्णय का श्रेय लेने में लगे हैं। इसी कड़ी में झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने केंद्र सरकार के फैसले को कांग्रेस पार्टी की जीत बताया है।

देश के एक अहम मुद्दे जातिगत जनगणना पर केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। केंद्र ने देशभर में जातिगत जनगणना कराने पर सहमति जता दी है, जिससे देश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। इस बीच झारखंड सरकार की मंत्री और कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री दीपिका पांडे सिंह ने इस फैसले पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि यह पूरी कांग्रेस पार्टी की जीत है। राहुल गांधी शुरू से ही जातिगत जनगणना की मांग को लेकर सड़क से संसद तक संघर्ष करते रहे हैं। राहुल की इस पहल और दबाव के चलते ही आज केंद्र सरकार को यह फैसला लेना पड़ा है। मंत्री ने केंद्र सरकार से मांग की कि सिर्फ घोषणा से काम नहीं चलेगा, केंद्र सरकार को देश की जनता को यह बताना होगा कि जातिगत जनगणना किस तारीख से और किस प्रारूप में कराई जाएगी। उन्होंने दोहराया कि केंद्र ने विपक्ष की मांग को स्वीकार तो कर लिया है, लेकिन अब इसके लिए जवाबदेही तय करना भी आवश्यक है।

झारखंड के युवक की बिहार में मिली लाश

हरिहरगंज। पलामू के हरिहरगंज के खड़गपुर पार पहाड़ गांव निवासी रामजीत यादव के 35 वर्षीय पुत्र रामराज यादव का शव सीमावर्ती बिहार के गया जिला अंतर्गत बोधि बिगहा ओपी क्षेत्र के हुरमेठ टोला स्थित जमुनिया खाला के समीप से गुरुवार को बरामद हुआ है। आशंका जताई जाती है कि उसकी हत्या पीट पीट कर की गई है।

उसके चेहरे पर जख्म के निशान तथा मुंह और नाक से काफी ब्लड गिरा पड़ा है। शव के पास से उसकी बाइक व मोबाइल के साथ ही कुछ ही दूरी से उसके ट्रैक्टर की बरामदगी हुई है। सूचना के बाद बिहार के बोधि बिगहा ओपी पुलिस तथा हरिहरगंज के पथरा ओपी पुलिस सदल बल मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

वहीं, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दी है। बताया जाता है कि युवक की अपनी ट्रैक्टर थी। वह अपने ट्रैक्टर चालक के बुलाने पर बुधवार की देर शाम बाइक से घर से निकला था।

घटना के बाद स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के स्वजन ने कहीं और हत्या कर शव को दूसरे जगह फेंक दिए जाने की बात कही है।

केंद्रीय कारा में बंद कैदी ने लगायी फांसी

दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोप में था बंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दुमका। केंद्रीय जेल में गुरुवार की दोपहर भतीजी के साथ दुष्कर्म करने के बाद हत्या करने वाले चाचा ने बाथरूम में गमछे के सहारे फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया। जेल के बंदियों ने उसे उतारा और अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।



जानकारी के अनुसार मसलिया थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने 16 अप्रैल की शाम खेत में शौच के लिए गई अपनी 14 साल की भतीजी के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी थी।

अगले दिन पुलिस ने उसका शव बरामद किया। 10 दिन के बाद 27 अप्रैल को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

बताया जाता है कि 28 अप्रैल से आरोपित ने खाना-पीना छोड़ दिया था। 30 अप्रैल को अधीक्षक के समझाने पर खाना-पीना शुरू किया। एक मई की दोपहर वह नहाने के लिए जेल के बाथरूम में गया और गमछे के सहारे फांसी लगा ली।

उसको लटकता हुआ देख बाकी कैदियों ने नीचे उतारा और जेल के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने ईसीजी के बाद मृत घोषित कर दिया।

केंद्रीय जेल के अधीक्षक कुमार चंद्रशेखर का कहना है कि बंदी को जीवित हालत में फांसी के फंदे से उतारा गया लेकिन अस्पताल ले जाने की क्रम में उसकी मौत हो गई। उसने जेल में फांसी क्यों लगाई है, इसकी जांच की जा रही है।

तेज आंधी-पानी की आशंका

रांची। झारखंड में आने वाले दिनों में भी मेघ गर्जन, वज्रपात एवं तेज हवाओं के झोंके सहित हल्के से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई गई है। आकाशीय बिजली से सावधान रहने की जरूरत है।

आईएमडी रांची के मुताबिक रामगढ़, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज में तेज आंधी और बारिश की संभावना जताई गई है। लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है। वहीं, किसानों को भी चेतावनी जारी की गई है। किसानों से मौसम खराब होने के दौरान खेत में जाने से परहेज करने को कहा गया है।

साथ ही साथ इन दिनों में 30-40 और कभी कभी 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली तेज हवाओं के झोंके चलने कि संभावना है। वहीं, राजधानी रांची में फिलहाल बारिश से राहत रहेगी।इन दिनों में जिले के विभिन्न भागों में मेघ गर्जन, वज्रपात के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा की संभावना बनी हुई है। उन्होंने ने बताया कि मौसम विज्ञान विभाग द्वारा वज्रपात एवं तेज हवाओं के झोंके की संभावना है।

पांच वर्षों से एक ही स्थान पर जमे डाक्टरों का होगा तबादला

विभाग ने मांगी सूची, तैयारी शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



रांची। किसी जिला में लगातार पांच वर्ष से जमे चिकित्सकों का स्थानांतरण दूसरे जिला में होगा। स्वास्थ्य विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

विभाग ने सभी सिविल सर्जनों को पत्र भेजकर वैसे सभी चिकित्सकों की सूची मांगी है, जो पांच वर्ष या इससे अधिक समय से एक ही जिला में पदस्थापित हैं।

सिविल सर्जनों को भेजे गए पत्र में विभाग ने सिविल सर्जनों को सात मई तक ऐसे चिकित्सकों की सूची उपलब्ध कराने को कहा है। विभाग ने दंत चिकित्सकों को छोड़कर सभी चिकित्सकों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

सिविल सर्जनों द्वारा सूची मिलने के बाद जून माह में चिकित्सकों का स्थानांतरण होगा। विभाग को विभिन्न माध्यमों से यह जानकारी मिली है कि कई चिकित्सक वर्षों से एक ही जिला में पदस्थापित हैं। रांची में ही कई चिकित्सक वर्षों से पदस्थापित हैं।

बताते चलें कि पूर्व में भी विभाग द्वारा ऐसे चिकित्सकों की सूची मांगी गई थी। उसमें कई चिकित्सकों का स्थानांतरण तो हुआ, लेकिन पैरवी-पहुंच वाले चिकित्सक अपना स्थानांतरण रोकने में सफल रहे थे।

घूमने निकला युवक की तालाब में डूबने से मौत

गोताखोरों ने निकाली लाश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



जमशेदपुर। बोकारो से दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है, जहां फायरिंग रेंज के पीछे स्थित खदान में स्नान के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सौरभ कुमार के रूप में हुई है, जो अपनी मां के साथ मोतिहारी से बोकारो के आदर्श कोऑपरेटिव स्थित एक शादी समारोह में शामिल होने आया था।

बताया गया कि गुरुवार की शाम सौरभ अपने चार दोस्तों के साथ घूमने निकला था। इस दौरान उसने अचानक तालाब में स्नान करने की इच्छा जताई और पानी में उतर गया। गहराई का अंदाजा नहीं होने के कारण वह डूब गया। युवक के डूबने के बाद उसे बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। शुक्रवार सुबह गोताखोरों की मदद से उसका शव तालाब से निकाला गया।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन सक्रिय हुआ। शुक्रवार सुबह गोताखोरों की मदद से शव को तालाब से निकाला गया। मृतक का पूरा परिवार वर्तमान में अमृतसर में रहता है। हाल ही में सौरभ का चयन अग्निवीर योजना के तहत हुआ था और वह जल्द ही सेना में योगदान देने वाला था।

सौरभ अपनी मां के साथ बोकारो एक शादी समारोह में शामिल होने आया था। उसकी मौत की खबर मिलते ही शादी समारोह की खुशियां मातम में बदल गईं। युवक की मां को रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

झारखण्ड सरकार के मंत्री ने कसा तंज

पहलगाम घटना की जवाबदेही लें प्रधानमंत्री और गृह मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। आतंकवादियों के द्वारा नापाक साजिश रचकर देश के आम नागरिकों को निशाना बनाया गया, जिससे हर एक भारतवासी आहत है। इसी कड़ी में झारखंड सरकार में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू की चर्चा उनके बयान की वजह से होने लगी। कल उन्होंने अपने बयान में कहा था, कश्मीर में हुए आतंकी घटना पर नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को इस्तीफा देना चाहिए। इस पर आज मंत्री ने सफाई देते हुए कहा कि यह एक तंज था कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने अब तक जवाबदेही नहीं ली।

कश्मीर में हुए आतंकी हमले में मासूम नागरिकों की हत्या कर दी जाती है, जिसके बाद से देश में आक्रोश है। तमाम राजनीतिक दलों के नेता अपनी बात रख रहे हैं। इसी बीच पिछले दिनों झारखंड सरकार में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू द्वारा दिया गया बयान चर्चा में आ गया। उनको सोशल मीडिया में जमकर ट्रोल किया गया, जिसके बाद आज मंत्री ने अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर सफाई दी और कहा दुर्भाग्य की बात है कि इतने बड़े आतंकी हमले बाद किसी ने भी जवाबदेही नहीं मांगी।

उन्होंने कहा, यह साफतौर पर केंद्र सरकार की विफलता है। मैं अपने बयान में जरिए सिर्फ यही कहना चाहता था कि अगर कोई जवाबदेही फिक्स नहीं हो रही है तो हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जो कि कांग्रेस से हैं, उन्हें नैतिक जवाबदेही लेते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए। जब पुलवामा में 300 किलो फ्फ के साथ आतंकी हमारे देश के बॉर्डर को चीरते आते हुए उसकी जवाबदेही अभी तक किसी ने नहीं ली। आखिर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह कब तक अपने फर्ज से भागेंगे, उनको जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

हेमंत सरकार में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने भाजपा के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कश्मीर के पहलगाम में जो आतंकी घटना हुए और 26 पर्यटक मारे गए। इससे पूरा देश आक्रोशित है। देश के आम नागरिकों के भावना का कद्र करते हुए केंद्र सरकार को देश में राष्ट्रीय शोक की घोषणा करनी चाहिए थी।

फाइनेंशियल कंपनी में गबन के बाद स्थानीय एजेंट भयभीत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड में कार्यरत चार क्षेत्रीय कर्मियों पर कंपनी के कुल 31.19 लाख रुपये गबन कर फरार होने के बाद स्थानीय एजेंटों पर लोगों का दबाव बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में कई एजेंटों को तो दबंगों द्वारा उससे ही वसूली की धमकी भी दी जा रही है। इस घटना से स्थानीय एजेंटों में अब धीरे-धीरे पुलिस प्रशासन से भरोसा उठने के साथ ही उन्हें अपने जान माल के सुरक्षा की चिंता सताने लगी है।

विदित हो कि इस संबंध में कंपनी के शाखा प्रबंधक मो. साकिब आलम ने नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामला जिले के जमुआ अंतर्गत काजीमाघा गांव से जुड़ा है। प्राथमिकी में जिन कर्मियों पर गबन का आरोप लगाया गया है। उनमें संदीप कुमार यादव बिहार के जमुई के कटियामा गांव, गणेश कुमार पांडेय नवलशाही, कोडरमा, श्यामकांत कुमार पांडेय तुलसीटांड़, बिरनी, गिरिडीह और मोहित कुमार सिंह गांगपुर, गिद्धौर चतरा) शामिल हैं।

बताते चलें कि यह संस्था ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण देती है। आरोपित चारों कर्मी महिलाओं से ऋण की किस्तें वसूलते थे, लेकिन उन्होंने वसूली के रुपये शाखा में जमा नहीं किए।

संदीप कुमार यादव ने 19 ऋणी महिलाओं से 1,01,420 रुपये वसूले। गणेश कुमार पांडेय ने 53 महिलाओं से 25,43,667 रुपये, श्यामकांत पांडेय ने 22 महिलाओं से 1,51,060 रुपये वसूले, जबकि मोहित कुमार सिंह ने 7 फरवरी 2025 को 1,23,303 रुपये और एक अन्य कर्मी से 70,700 रुपये लेकर जमा नहीं किया।

इन सभी पर कुल 31,19,450 रुपये की राशि गबन करने का आरोप है।

प्रबंधक ने बताया था कि पहले तो आरोपित कर्मचारी यह कहकर संपर्क में थे कि राशि सुरक्षित है और जल्द ही जमा करा दी जाएगी। लेकिन, बाद में उन्होंने फोन उठाना बंद कर दिया।

जब भी फोन उठाया गया तो धमकी दी गई कि ज्यादा परेशान करोगे तो दूसरों से कलेक्शन की राशि लूट लेंगे। यह कंपनी ग्रामीण और गरीब महिलाओं को छोटे-छोटे लोन देकर उनके स्वरोजगार को बढ़ावा देने का कार्य करती है।

इन कर्मियों की भूमिका कलेक्शन एजेंट के रूप में होती है जो घर-घर जाकर महिलाओं से किस्त की राशि जमा करते हैं। फिलहाल चारों आरोपित फरार हैं। पुलिस इनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

जमीन नापी करने गयी टीम को झेलना पड़ा लोगों का आक्रोश

बैरंग लौटी टीम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



चासनाला। धनबाद नगर निगम की ओर से बलियापुर अंचल के भाटडीह लाल पुल समीप सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए जमीन चिन्हित किया गया है। इसे लेकर बलियापुर अंचल अधिकारी अरविंद सिंह के नेतृत्व में अंचल कर्मचारी, पाथरडीह पुलिस व भारी संख्या महिला व पुरुष पुलिस बल बुधवार को लाल पुल पहुंची।

जहां सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर जमीन का नक्शा के आधार पर नापी शुरू हुआ। वहीं जमीन को अपना बता कुलटांड़ के ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा। ग्रामीणों का आरोप था कि यह जमीन हमारी रैयती है। ग्रामीणों के भारी विरोध के कारण टीम को बिना नापी करे बैरंग वापस लौटना पड़ा।

कुलटांड़ बस्ती के राजकिशोर महतो, संजय महतो, मुरलीधर महतो, अमित महतो, दीपक महतो, रूपेश कुमार ने सीओ को जमीन संबंधित कागजात दिखाया।

सीओ ने ग्रामीणों से सभी दस्तावेज दिखाने व जमीन पर न्यायालय से स्टे लेने की बात कही है। ग्रामीणों ने कहा कि उक्त जमीन बलियापुर अंचल परसबनिया ग्राम पंचायत के अन्तर्गत आता है। जिसका मौजा संख्या 158, खाता संख्या 201, प्लाट संख्या 308, हाल खाता संख्या 58, प्लाट संख्या 320, 321, 322, 323, 324, 325, 327 हमारी रैयती जमीन है।

कुछ दिन पूर्व अंचल कार्यालय के कर्मचारी आए व उक्त जमीन का सर्वे करने लगे। हमलोगों को इस संबंध में कहा गया कि यह अंचल अधिकारी का आदेश है। यहां धनबाद नगर निगम का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की परियोजना स्थापित होगी।

जबकि, बलियापुर अंचल अधिकारी की ओर से निर्गत 1986 व 1997 के लगान रसीद में स्पष्ट रूप से खाता 201 प्लाट संख्या 308, 360 अंकित है। वहीं 1928 में पटना उच्च न्यायालय के डबल बेंच के जज ने हमारे पक्ष में फैसला सुनाया था।

रसीद नही कटाने पर करीब 19 एकड़ जमीन सरकारी गैर आबाद खाते में चला गया है। इसे लेकर धनबाद उपायुक्त, अंचल अधिकारी बलियापुर, सिंदरी विधायक को पत्र देकर रैयती जमीन का बिना जमीन अधिग्रहण के जबरन कार्य नही कराने की मांग की है।

निकाय चुनाव पर रहेगा फोकस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। भारतीय जनता पार्टी के लिए राज्य में जातिगत जनगणना के फैसले से सामाजिक समीकरण साधने का नया अवसर सामने आया है। झामुमो-कांग्रेस गठजोड़ के पास आदिवासी और मुस्लिम मतों का बड़ा हिस्सा है।

भाजपा अब ओबीसी समुदाय को नरेन्द्र मोदी सरकार के जातिगत जनगणना के लाभ से परिचित कराएगी। राज्य में कुड़मी, आदिवासी, यादव जैसे बड़े ओबीसी जातियों का अगर समर्थन मिलता है तो यह भाजपा की चुनावी रणनीति के लिए फायदेमंद हो सकता है।

ओबीसी समुदाय के अलावा दलितों को भी भाजपा बाबा साहब आंबेडकर के प्रति पार्टी की नीतियों से प्रभावित करने में लगी है। लेकिन इस अभियान को शालीनता से चलाया जाएगा।

पार्टी का मानना है कि पारंपरिक तौर पर अपने वोट बैंक रहे सामान्य समुदाय को नाराज किए बगैर ओबीसी-दलित समुदाय को जातिगत जनगणना के लाभ की जानकारी दी जाए। केंद्र के स्तर से इसके लिए निर्देश की प्रतीक्षा की जा रही है। राज्य में इस साल स्थानीय निकायों के चुनाव होने हैं। ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा लगातार राज्य सरकार को घेरती रही है। अब जातिगत जनगणना के निर्णय को लेकर पार्टी स्थानीय निकाय चुनावों में जाएगी।

हाल के दिनों में कुड़मी समुदाय का बड़ा हिस्सा भाजपा गठबंधन से छिटका है। इसकी वजह से विधानसभा चुनाव में पार्टी को खासा नुकसान हुआ। नए राजनीतिक निर्णय से पार्टी को निकाय चुनाव में बढ़त की उम्मीद है। भाजपा प्रदेश ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष अमरदीप यादव का कहना है कि उनकी पार्टी हमेशा लोगों की आकांक्षा को पूरा करती है। सभी समुदाय को सशक्त करने में यह निर्णय उपयोगी होगा।

मरांडी ने सरकार से की मांग

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि राज्य दो दिनों से पुलिस महानिदेशक विहीन है। प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में मरांडी ने कहा कि राज्य में एसीबी, सीआईडी और पुलिस सभी के डीजीपी का पद रिक्त हैं। मौजूदा डीजीपी अनुराग गुप्ता द्वारा दिए जा रहे निर्देश और निर्णय भारत सरकार के गृहमंत्रालय के अनुसार असंवैधानिक हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जिस आईपीएस अधिकारी पर भ्रष्टाचार और पक्षपात का आरोप हो उसे जनता की सुरक्षा कैसे सौंपी जा सकती है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन्हें 24 फरवरी 2020-से 9 मई 2022 तक 26 महीने निलंबित रखा था। इसके बाद ईडी के मुकदमों को माइनेज करने के नाम पर दोनों में निकटता हुई।

मरांडी ने आरोप लगाया कि अनुराग गुप्ता के प्रयास से ईडी के अफसरों को डराने और काम से रोकने के लिये तीन-तीन मुकदमे पुलिस में दर्ज करवाए गए। 2024 में चुनाव आयोग ने डीजीपी अनुराग गुप्ता को अपने पद का दुरुपयोग करने का दोषी पाया और उन्हें हटाकर दूसरे डीजीपी की नियुक्ति की। ऑल इंडिया सर्विस नियमों के अनुसार, सरकार को डीजीपी की नियुक्ति के लिए पैनल की अनुशंसा यूपीएससी को भेजनी होती है। अनुराग गुप्ता 30 अप्रैल को रिटायर होने वाले हैं, लेकिन सरकार ने सारे नियम-कानूनों को धता बताते हुए 3 फरवरी को उन्हें झारखंड का डीजीपी नियुक्त कर दिया।

सूर्यकुमार ने तोड़ा उथप्पा का रिकॉर्ड, स्मिथ-कोहली भी है लिस्ट में

यादव ने 2025 सीजन में लगातार 11 पारियों में 25 या उससे ज्यादा रन बनाकर सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया



मुंबई, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगातार 25 या उससे अधिक रन बनाने के मामले में मुंबई इंडियंस के धाकड़ बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सूर्यकुमार ने 2025 सीजन में लगातार 11 पारियों में 25 या उससे ज्यादा रन बनाकर इस सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड रॉबिन उथप्पा के नाम था, जिन्होंने 2014 में 10 बार यह कारनामा किया था। सूर्यकुमार के बाद सूची में स्टीवन स्मिथ (2016-17) और विराट कोहली (2024-25) 9-9 बार के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं, जबकि साई सुदर्शन (2023-24) भी 9 बार के साथ इस सूची में शामिल हैं।

सूर्यकुमार की इस उपलब्धि ने न केवल उनकी निरंतरता को दर्शाया है, बल्कि उन्हें आईपीएल के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में से एक के रूप में स्थापित किया है। फैंस और क्रिकेट पंडित उनकी इस शानदार फॉर्म की जमकर तारीफ कर रहे हैं। सूर्यकुमार यादव ने इस सीजन में लगातार शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें उनकी बल्लेबाजी में स्थिरता और आक्रामकता दोनों दिखाई दी है। उनकी पारी को संभालने और तेजी से रन बनाने की क्षमता ने मुंबई इंडियंस के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वह 475 रनों के साथ ऑरेंज कैप की रेस में पहले नंबर पर चल रहे हैं। उन्होंने साई सुदर्शन को पछाड़ा जोकि 9 मैचों में 456 रन बना चुके हैं। इस लिस्ट में विराट कोहली 443 रन बनाकर तीसरे तो यशस्वी जयसवाल 439 रन बनाकर चौथे स्थान पर हैं। पांचवें स्थान पर 406 रन के साथ जोस बटलर बने हुए हैं।

मैच की बात करें तो राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया। बहरहाल, रिकल्टन, रोहित और हार्दिक की पारियों के दम पर मुंबई ने राजस्थान को 217 रन का लक्ष्य दिया। ऐसा आईपीएल इतिहास में सिर्फ चौथी बार हुआ है जब एक पारी में चार बल्लेबाजों ने 40 से ज्यादा रन बनाए। मुंबई के लिए रिकल्टन और रोहित अर्धशतक जमाने में सफल रहे जबकि हार्दिक और सूर्यकुमार ने 48-48 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी राजस्थान ने पावरप्ले के अंदर ही पांच विकेट गंवा दिए। मुंबई के गेंदबाज हावी होते दिखे। 9 ओवर के अंदर ही राजस्थान 7 विकेट गंवा चुकी थी। मुंबई की जीत लगभग पक्की थी।



बोल्ट के टी20 में 300 विकेट पूरे, ऐसा करने वाले न्यूजीलैंड के तीसरे गेंदबाज बने

जयपुर, एजेंसी। मुंबई इंडियंसके तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट के टी20 में 300 विकेट पूरे हो गए हैं। बोल्ट ने शुक्रवार को जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपनी टीम के इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। मैच के दौरान पावरप्ले में विकेट लेने वाले न्यूजीलैंड के इस अनुभवी खिलाड़ी ने अपनी नई फॉर्म जारी रखी, हालांकि उन्होंने कुछ रन भी लुटाए। बोल्ट ने 2.1 ओवर में 12.90 की इकॉनमी रेट से 28 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। उन्होंने दूसरे ओवर में यशस्वी जायसवाल के खिलाफ दो छक्के खाए, लेकिन कीवी ने जल्द ही फॉर्म में चल रहे युवा सलामी बल्लेबाज के स्टंप उखाड़कर उन्हें पवेलियन भेज दिया। चौथे ओवर में नितीश राणा और राजस्थान के स्टैंड-इन कप्तान रियान पराग ने 35 वर्षीय खिलाड़ी का मुकाबला करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने पुल करने की कोशिश में नितीश का विकेट ले लिया, लेकिन तिलक वर्मा ने कैच कर लिया। उन्होंने पारी का अंतिम विकेट जोफ्रा आर्चर का लिया, जिसे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कैच किया। अब 257 टी20 में बोल्ट ने 25.10 की औसत से 302 विकेट लिए हैं जिसमें 4/13 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और 8.05 की इकॉनमी रेट शामिल है। वह टिम साउथी (343 विकेट), ईश सोढ़ी (310 विकेट) के बाद 300 विकेट के आंकड़े तक पहुंचने वाले न्यूजीलैंड के तीसरे गेंदबाज हैं। अपने पिछले पांच मैचों में 11 विकेट के साथ बौल्ट शानदार फॉर्म में हैं और 21.00 की औसत और 8.80 की इकॉनमी रेट से 16 विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में तीसरे स्थान पर हैं जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा 4/26 है। मैच की बात करें तो राजस्थान रॉयल्स को जयपुर के मैदान पर ही मुंबई इंडियंस ने धूल चटाते हुए सीजन की लगातार छठी जीत हासिल की और अंक तालिका में टॉप पर पहुंच गई। मुंबई ने जयपुर के मैदान पर 13 साल बाद राजस्थान को हराया है। जबकि 100 रन से हार राजस्थान की रनों के लिहाज से दूसरी सबसे बड़ी हार है। राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया था। रिकल्टन, रोहित, हार्दिक और सूर्यकुमार की पारियों के दम पर मुंबई ने राजस्थान को 217 रन का लक्ष्य दिया था। जवाब में खेलने उतरी राजस्थान की पारी शुरूआत में ही बिखर गई। उन्होंने पावरप्ले में ही 5 विकेट गंवा लिए थे जोकि इस सीजन में पहली बार हुआ है। मुंबई के लिए कर्ण शर्मा और ट्रेंट बोल्ट ने 3-3 तो जसप्रीत बुमराह ने 2 विकेट लीं।

भाई आजकल उम्र छोटी करके क्रिकेट भी खेलने लगे, वैभव सूर्यवंशी पर बॉक्सर विजेंदर सिंह ने उठाए सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी। राजस्थान रॉयल्स के 14 वर्षीय ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों में शतक जड़कर पूरे क्रिकेट जगत को चौंका दिया और इतिहास रच दिया। वैभव की इस पारी के बाद क्रिकेट के बड़े-बड़े



दिग्गजों ने जहां उनकी तारीफ की तो वहीं कुछ लोग उनकी उम्र के लेकर भी संदेह में थे। अब भारत के लिए ओलंपिक में ब्रांज मेडल जीत चुके बॉक्सर विजेंदर सिंह ने भी इस युवा खिलाड़ी पर अप्रत्यक्ष रूप से टिप्पणी की। अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में विजेंदर सिंह ने व्यंग करते हु पूछा कि क्या लोगों ने क्रिकेट खेलने के लिए अपनी उम्र कम करनी शुरू कर दी है। विजेंदर का यह पोस्ट वैभव द्वारा खेली गई ऐतिहासिक पारी के ठीक दो दिन बाद आया है और इसलिए ये माना जा सकता है कि वो राजस्थान रॉयल्स के इस नन्हें स्टार बल्लेबाज के बारे में बात कर कर रे हैं। विजेंद्र ने लिखा, भाई आज कल उम्र छोटी करके क्रिकेट में भी खेलने लगे। आपको बता दें कि खिलाड़ियों की उम्र को छोटी करके खेलने की घटना पहले कई बार सामने आ चुकी है। विजेंदर ने शायद उसे देखते हुए अब ऐसा कमेंट किया। आपको बता दें कि वैभव सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 37 गेंदों पर 7 चौकों और 11 गगनचुम्बी छक्कों की मदद से 101 रन बनाए। वह टी20 क्रिकेट और आईपीएल में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने थे। सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में शतक लगाया था और यह आईपीएल के इतिहास में किसी भारतीय द्वारा बनाया गया सबसे तेज शतक था। यह आईपीएल में क्रिस गेल के आईपीएल 2013 में पुणे वॉरियर्स इंडिया के खिलाफ 30 गेंदों में शतक लगाने के बाद दूसरा सबसे तेज शतक भी था। वैभव सूर्यवंशी अब आईपीएल 2025 के 50वें मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के मैच में एक्शन में नजर आएंगे। वैभव चोटिल संजू सैमसन की जगह टीम में आए हैं। वैभव ने अब तक यशस्वी के साथ मिलकर अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई है

हम युवा खिलाड़ियों को सुपरस्टार बनाते हैं

● टीम बाहर हो चुकी, लेकिन अपने गुणगान में जुटे कोच

जयपुर, एजेंसी। आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। मुंबई के खिलाफ हार के साथ ही टीम के प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें समाप्त हो गईं। हालांकि, टीम के फील्डिंग कोच दिशांत याग्निक अपने और अपनी टीम के गुणगान में जुटे हैं। याग्निक ने कहा कि मेगा नीलामी से पहले जोस बटलर और ट्रेंट बोल्ट जैसे सुपरस्टार को रिलीज करने की आलोचना के बावजूद उनकी टीम युवाओं का समर्थन करना जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि हमारी टीम युवा खिलाड़ियों को सुपरस्टार बनाती है।

राजस्थान रॉयल्स के 11 मैचों में केवल छह अंक हैं और वह अंक तालिका में आठवें स्थान पर है। मुंबई इंडियंस ने गुरुवार को आरआर को 100 रन से हराया। रॉयल्स की टीम में कई युवा खिलाड़ी हैं जिनमें आईपीएल में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी शामिल हैं, लेकिन इस टीम को इंग्लैंड के सीमित ओवरों के पूर्व कप्तान बटलर और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बोल्ट की बड़ी कमी खल रही है।



आने वाले समय में स्टार बन जाएंगे ये खिलाड़ी

रॉयल्स पिछले साल 14 मैचों में 17 अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर रहते हुए प्लेऑफ में जगह बनाई थी। मुंबई इंडियंस के खिलाफ सलामी बल्लेबाज वैभव खाता भी नहीं खोल पाए, जबकि जायसवाल ने 13 रन बनाए। याग्निक ने कहा, वैभव सूर्यवंशी को देखिए, जब वह गुजरात के खिलाफ बल्लेबाजी कर रहे थे तो हर कोई खुश था। दर्शक खुश थे और हमें पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी स्टार बन जाएंगे।

इसी टीम को आगे बढ़ाएंगे

उन्होंने कहा, समय आ गया है कि आप इससे आगे की सोचें। जब आपके पास स्टार खिलाड़ी नहीं है, तो आपको इसे भूल जाना होगा और आगे बढ़ना होगा। हमारे पास वैभव, यशस्वी जायसवाल हैं। संजू सैमसन हमारे कप्तान हैं। हम इस टीम के साथ आगे बढ़ेंगे और जीतकर दिखाएंगे। वैभव ने गुजरात के खिलाफ 38 गेंद में 101 रन की पारी खेली थी।

पिछले साल और इस साल में टीम में अंतर

याग्निक से जब पिछले साल की टीम और इस साल की टीम के बीच अंतर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, स्टार (खिलाड़ियों) के बारे में आपके प्रश्न में एक बड़ा मुद्दा है। जब भी कोई नया खिलाड़ी आता है, तो वह स्टार नहीं होता है, लेकिन उसे स्टार बनाया जाता है। पिछले साल हमारे पास जो खिलाड़ी थे, जब वे टीम में आए तो वे स्टार नहीं थे, लेकिन वे स्टार बन गए और अब जो खिलाड़ी हमारी टीम में हैं, हम उन्हें स्टार बनाएंगे। हम सुपरस्टार खरीदते नहीं हैं, हम सुपरस्टार बनाते हैं और यही हमारा मुख्य उद्देश्य है।

बुमराह-बोल्ट के साथ काम करके आसानी हो रही

इस बीच मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने स्वीकार किया कि जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाजों के साथ गेंदबाजी करने से उनका काम आसान हो जाता है। उन्होंने कहा, जब आप विश्व स्तरीय गेंदबाजों के साथ गेंदबाजी कर रहे होते हैं तो आपके लिए काम आसान हो जाता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विश्व स्तरीय गेंदबाजों के साथ गेंदबाजी करने से मुझे मदद मिल रही है और जब आप एक इकाई के रूप में गेंदबाजी करते हैं, तो दूसरी टीम के लिए भी यह मुश्किल हो जाता है।

प्लेऑफ से बाहर होने पर बोले रियान पराग- हमने बहुत सी गलतियां की है

जयपुर, एजेंसी। रियान पराग को सीजन के बीच कप्तानी मिलना रास नहीं आया है। उनकी कप्तानी में राजस्थान प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली दूसरी टीम बन गई है। जयपुर के मैदान पर राजस्थान को 100 रन से हार झेलनी पड़ी जोकि इस मैदान पर मुंबई की 13 साल बाद हासिल की गई पहली जीत भी है। हार के कारणों पर चर्चा करते हुए राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने कहा कि मुंबई जिस तरह से आज खेली, उन्हें श्रेय देना होगा। जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की, खेल को थोड़ा और आगे बढ़ाया, 10 रन प्रति ओवर की निरंतरता बनाए रखी और अंत में तेजी से रन बनाए, वह अच्छा था। जहां तक हमारी बल्लेबाजी का सवाल है, यह हमारा दिन नहीं था। अगर रनों का पीछा ही करना था तो 190-200 का लक्ष्य आदर्श होता। लेकिन अंत में हार्दिक और सूर्य भाई ने स्थिति बदल दी। हम आखिरी ओवरों में कुछ चीजें बेहतर कर सकते थे, लेकिन ऐसा ही है।

पराग ने हार के कारणों पर चर्चा करते हुए कहा कि हमें अच्छी शुरुआत मिल रही है, लेकिन मध्य क्रम में मैं, ध्रुव पर जिम्मेदारी होती है कि पावरप्ले में विकेट खोने पर पारी को आगे बढ़ाया जाए। इसके लिए हमें खुद पर भरोसा करता होगा। अगर कोई और स्थिति



(आज की तरह) आती है तो हम इसके लिए तैयार रहेंगे। वहीं, राजस्थान के प्लेऑफ की रेस से बाहर होने पर पराग ने कहा कि हमने बहुत सी चीजें सही की हैं, बहुत सी चीजें गलत की हैं, हम उन चीजों पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं जो हमने सही की हैं। हमने बहुत सी गलतियां की है। उसे कैसे ठीक करना है, पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। हमारे पास कुछ करीबी मैच हैं, अगर हमें अगले 3 में पहले 10 खेलों की तरह अवसर मिलता है तो उम्मीद है कि हम इसे बेहतर कर सकते हैं।

अंक तालिका -राजस्थान 8वें स्थान पर

राजस्थान सीजन में 8 हार के साथ प्लेऑफ की रेस में लगभग बाहर हो गई है। राजस्थन ने 11 मैचों में सिर्फ तीन ही जीत हासिल की है जो उन्होंने चेन्नई, पंजाब और गुजरात के खिलाफ हासिल की थी। राजस्थान अंक तालिका में 8वें स्थान पर है। वहीं, मुंबई इंडियंस 11 मैचों में 7 जीत के साथ दूसरे स्थान पर आ गई है। पहले पर अभी भी 10 मैचों में सात जीत के साथ बेहतर रन रेट के कारण आरसीबी भी बनी हुई है। मुंबई ने दिल्ली, हैदराबाद, चेन्नई, फिर हैदराबाद, लखनऊ और अब राजस्थान को हराया है।

साइ सुदर्शन को इंग्लैंड दौरे के लिए शामिल किया जाना चाहिए, पूर्व मुख्य कोच ने किया समर्थन

दुबई। पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने युवा साइ सुदर्शन को हर प्रारूप का बल्लेबाज बताते हुए कहा कि उसे इस साल इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया जाना चाहिए। भारतीय टीम नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र (2025 - 2027) की शुरूआत इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की श्रृंखला से करेगा। भारत को न्यूजीलैंड ने घरेलू टेस्ट श्रृंखला में 3.0 से और आस्ट्रेलिया ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 3.1 से हराया था।



आईपीएल में इस सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में 456 रन के साथ दूसरे स्थान पर काबिज गुजरात टाइटंस के सुदर्शन के बारे में शास्त्री ने कहा कि काउंटी खेलने के अनुभव और अपनी तकनीक के कारण वह इंग्लैंड के हालात में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे का आगाज 20 जून से शुरू हो रहे हेडिंग्ले टेस्ट से करेगी। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा, 'मुझे लगता है कि यह युवा खिलाड़ी साइ सुदर्शन हर प्रारूप का खिलाड़ी है। वह शानदार क्रिकेटर है। इंग्लैंड के हालात में एक खब्बू बल्लेबाज और तकनीक में कुशल होने के कारण मैं चाहूंगा कि वह भारतीय टीम में रहे।

उन्होंने कहा कि भारत के लिए सीमित ओवरों के क्रिकेट और आईपीएल में फॉर्म में चल रहे श्रेयस अय्यर भी चुने जा सकते हैं लेकिन उन्हें कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना होगा। शास्त्री ने कहा, 'श्रेयस वापसी कर सकता है लेकिन प्रतिस्पर्धा कड़ी होगी। सफेद गेंद के प्रारूप में तो उसका चयन पक्का है लेकिन टेस्ट क्रिकेट में देखना होगा कि बाकी खिलाड़ी कौन हैं।

भारत की तरफ से खेलने का सपना अब भी पहले की तरह बरकरार है: रहाणे

मुंबई, एजेंसी। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने शुक्रवार को कहा कि पिछले दो साल से राष्ट्रीय टीम से बाहर रहने के बावजूद भारत की तरफ से खेलने के उनकी इच्छा और भूख पहले की तरह बरकरार है। इस 36 वर्षीय खिलाड़ी ने आखिरी टेस्ट मैच 2023 में खेला था और वह करीब एक दशक से सीमित ओवरों की टीम से बाहर हैं लेकिन उन्होंने राष्ट्रीय टीम में वापसी करने को लेकर अभी हार नहीं मानी है। रहाणे ने कहा, 'मैं फिर से भारतीय टीम में जगह बनाना चाहता हूं। मेरी इच्छा, भूख, जज्बा पहले की तरह बरकरार है। मैं अब भी पहले की तरह फिट हूं। मैं एक समय में केवल एक मैच पर ध्यान देना चाहता हूं और अभी मेरा ध्यान केवल आईपीएल पर है। इसके बाद देखते हैं कि भविष्य में क्या होता है। उन्होंने कहा, 'मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो कभी हार नहीं मानता। मैं हमेशा मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता हूं। मैं मैदान पर 100 प्रतिशत से अधिक देता हूं। यह उन चीजों से जुड़ा है जो मेरे नियंत्रण में हैं। मैं घरेलू क्रिकेट भी खेल रहा हूं और इस समय मैं वास्तव में अपने क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। रहाणे के लिए गौरव का सबसे बड़ा क्षण शायद 2020-21 का ऑस्ट्रेलिया दौरा था जिसमें उन्होंने चोटों से जूझ रही टीम का नेतृत्व करते हुए भारत को टेस्ट श्रृंखला में 2-1 से जीत दिलाई थी। इसके बाद वह हालांकि लंबे समय तक भारतीय टीम का हिस्सा नहीं रहे। उन्होंने कहा, 'हर सुबह जब मैं उठता हूं तो यही सोचता रहता हूं कि मैं कौन से लक्ष्य हासिल करना चाहता हूं। मेरे लिए अपने देश का प्रतिनिधित्व करने से बढ़कर कुछ नहीं है। मैं फिर से भारतीय जर्सी पहनना चाहता हूं। जब कोई टूर्नामेंट नहीं चल रहा होता है तो मैं एक दिन में दो से तीन सत्र तक अभ्यास करता हूं। मुझे लगता है कि अभी मेरे लिए खुद को फिट रखना वास्तव में काफी महत्वपूर्ण है।



श्रीसंत पर गिरी गाज, इस मामले को लेकर केरल क्रिकेट एसोसिएशन ने लगाया तीन साल का प्रतिबंध

तिरुवनंतपुरम-केरल क्रिकेट एसोसिएशन ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम से संजू सैमसन को बाहर किए जाने से जुड़े विवाद के संबंध में कथित तौर पर झूठे और अपमानजनक बयान देने के लिए पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज एस श्रीसंत को तीन साल के लिए निलंबित कर दिया है।यष्ट्र ने एक बयान में कहा कि यह निर्णय 30 अप्रैल को कोच्चि में आयोजित अपनी विशेष आम सभा की बैठक में लिया गया। श्रीसंत वर्तमान में केरल क्रिकेट लीग की एक फ्रेंचाइजी टीम कोल्लम एरीज के सह-मालिक हैं। इससे पहले उनकी विवादास्पद टिप्पणी के संबंध में श्रीसंत के साथ-साथ फ्रेंचाइजी टीमों कोल्लम एरीज, अलाप्पुझा टीम लीड और अलाप्पुझा रिपल्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। बयान में कहा गया है, चूंकि फ्रैंचाइजी टीमों ने नोटिस का संतोषजनक जवाब दिया है, इसलिए उनके खिलाफ आगे कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। हालांकि बैठक में टीम प्रबंधन में सदस्यों की नियुक्ति करते समय अधिक सावधानी बरतने की सलाह देने का फैसला किया गया।

संक्षिप्त समाचार

नरेंद्र मोदी 19 मई को रख सकते हैं नई फिल्म सिटी की नींव, 1000 एकड़ में होगा निर्माण

नईदिल्ली, एजेंसी। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में बनने वाली नई फिल्म सिटी की नींव 19 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रख सकते हैं। शिलान्यास कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। सेक्टर-21 में नई फिल्म सिटी का निर्माण एक हजार एकड़ में होगा। फिल्म निर्माता बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट और भूटानी इंफ्रा फिल्म सिटी का निर्माण करेगी। पिछले छह माह में तीन बार फिल्म सिटी के शिलान्यास के कार्यक्रम की तैयारी की गई, लेकिन अब तक यह संभव नहीं हो सका। अब एक बार फिर इसकी कोशिशें शुरू हो गई हैं। हालांकि, अब तक प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का विधिवत कार्यक्रम तय नहीं हुआ है। प्राधिकरण और निर्माता कंपनी के अधिकारी इसका इंतजार कर रहे। फिल्म सिटी के निर्माण के लिए पहले चरण में 230 एकड़ जमीन पर 11 माह पहले ही कब्जा लिया जा चुका है। 27 जून 2024 को कंपनी को प्राधिकरण की ओर से जमीन पर कब्जा दिया जा चुका है, लेकिन अब तक फिल्म सिटी का निर्माण शुरू नहीं हो सका। फिल्म सिटी में विदेश के मुकाबले 50 प्रतिशत कम बजट में फिल्म बन सकेंगी। फिल्म सिटी बनने से आसपास के जिलों में पर्यटन की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। हैदराबाद की रामोजी फिल्म सिटी में अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं नहीं है। वहां फिल्म बनाने के लिए कई प्रकार के उपकरणों को विदेश या बाहर से मंगवाया जाता है। अभिनेता और अभिनेत्री के लिए विला नहीं हैं। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र की फिल्म सिटी से एयरपोर्ट की दूरी मात्र तीन किलोमीटर है। यहां सब कुछ एक ही छत के नीचे होगा। यहां के स्टूडियो बिल्कुल वर्चुअल और सौर ऊर्जा पर आधारित होंगे। यहां हर भाषा में फिल्म बनाई जा सकेगी। इसमें हिन्दी, अंग्रेजी, तमिल, भोजपुरी समेत हॉलीवुड और बॉलीवुड की फिल्में शामिल हैं।

तुम लोगों को बड़ी मोहब्बत हो गई उससे; सीमा हैदर को लेकर क्या बोल गए ओवैसी



नईदिल्ली, एजेंसी। पहलगाम हमले को लेकर भारत पाकिस्तान के बीच जारी टेंशन के बीच नेपाल के रास्ते पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर को लेकर भी लगातार चर्चा हो रही है। सोशल मीडिया पर लोग उसे वापस पाकिस्तान भेजने की मांग कर रहे हैं हालांकि उनके वकील एपी सिंह का कहना है कि केंद्र सरकार ने भारत में रह रहे पाकिस्तानियों को लेकर जो आदेश दिया है, वह सीमा हैदर के मामले में लागू नहीं होता क्योंकि उसका केस कोर्ट में लंबित है और उसके सारे दस्तावेज गृह मंत्रालय और एटीएस के पास हैं। इस बीच एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी का एक बयान सामने आया है। उन्होंने इस बयान में किसी का नाम नहीं लिया लेकिन माना जा रहा है कि उन्होंने ये बयान सीमा हैदर को लेकर ही दिया है। दरअसल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उनसे भारत से वापस पाकिस्तान भेजे गए लोगों के डेटा को लेकर सवाल किया गया था। उनसे पूछा गया था कि जो लोग भारत से पाकिस्तान भेजे गए क्या केंद्र सरकार को उनका डेटा रिलीज करना चाहिए. इस पर ओवैसी ने कहा, वो छोड़ो भाई, वह बच्ची जो यहां आकर बैठ गई बच्चों को लेकर उसको लेकर तुम पूछ नहीं रहे। उन्होंने कहा, वो आकर बैठ गई, वो किस्सा क्या है वो। उन्होंने पत्रकारों से कहा, तुम लोगों को बड़ी मोहब्बत हो गई उससे, उसके बारे में पूछ नहीं रहे। बता दें, इस पूरे मसले पर सीमा हैदर ने खुद इस मामले में चुप्पी साध रखी है। पिछले 10 दिनों से उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो भी नहीं डाला है। वहीं इससे पहले सीमा हैदर के वकील ने कहा था कि उनके साथ दया दिखाई जानी चाहिए, क्योंकि वह भारत की बहू हैं। सीमा पाकिस्तान के सिंध प्रांत की रहने वाली है। वह 2023 में अपने चार बच्चों के साथ नेपाल के रास्ते अवैध रूप से भारत आई थी और अब सचिन मीणा के साथ शादी कर नोएडा के रबूपुरा इलाके में रह रही है।

ये बीमारी हमें मिली है; दिल्ली में बारिश बनी आफत तो आप पर बरसीं रेखा गुप्ता

नईदिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली में सुबह-सुबह भारी बारिश ने फजीहत कर दी है। जगह-जगह जलजमाव और वाहनों की धीमी पड़ती रफ्तार ने सब अस्त-व्यस्त तर दिया। बेमौसम बारिश से उपजी इस स्थिति का जायजा लेने खुद दिल्ली के मंत्री सड़कों पर हैं। सीएम रेखा गुप्ता खुद अपने अधिकारियों के साथ कई इलाकों का दौरा किया और अधिकारियों को हालत से निपटने के निर्देश दिए। इस बीच वह पिछली आप सरकार पर भी हमला करने से नहीं चूकीं। उन्होंने कहा कि ये बीमारी हमें पिछली सरकार से मिली है। रेखा गुप्ता ने कहा कि हम इसे ठीक करेंगे मगर समय लगेगा।

दिल्ली में जगह-जगह जलजमाव को देखते हुए कई इलाकों का दौरा करने पहुंचीं सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि यह बीमारी,जो हमें पिछली सरकार से मिली है,ठीक होने में समय लेगी। आज दिल्ली की मुख्यमंत्री खुद उन सड़कों से गुजर रही हैं जहां हजारों दिल्लीवासी ट्रैफिक जाम में फंसे हुए हैं और सरकार इन समस्याओं को ठीक करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अधिकारी सड़कों पर काम कर रहे हैं। समय पर इन सभी व्यवस्थाओं को ठीक करना हमारी जिम्मेदारी है। इससे पहले दिल्ली का जायजा लेने घर से निकलीं सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि



आज बारिश के कारण हुए जलभराव का मजनू का टीला सहित दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में स्थिति का निरीक्षण किया। इस समस्या के निवारण के लिए मैं संबंधित अधिकारियों के साथ स्वयं ग्राउंड पर मौजूद हूं। सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पूरी दिल्ली में जहां-जहां जलभराव हैं,स्थानों चिंहित कर समाधान सुनिश्चित करें। दिल्ली सरकार के जल मंत्री प्रेवश साहिब सिंह वर्मा का भी एक वीडियो आया है,जिसमें वह भरे पानी के बीच हाफ पैंट में इलाकों का जायजा लेते दिखे।

दिल्ली में मौसम ने मारी पलटी तो आप को भी मिल गया मौका,बीजेपी को खूब सुनाया: दिल्ली में आज पूरे दिन बादल छाए रहेंगे और साथ ही बारिश का रेड अलर्ट भी जारी किया गया है। सुबह-सुबह हुई भारी बारिश के बाद मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। जगह-जगह जलजमाव और अन्य नुकसान ने दिल्ली की रफ्तार पर ही ब्रेक लगा दिया है। इस बीच दिल्ली सरकार और विपक्ष में आम आदमी पार्टी के नेताओं की ओर से भी बयान सामने आ रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने तो बीजेपी सरकार पर खूब हमला बोला और कहा कि पहले इम्तेहान में यह सरकार फेल हो गई है। वहीं रेखा गुप्ता ने भी कहा कि ये बीमारी हमें पिछली सरकार से मिली है,ठीक होने में समय मिलेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मुख्य सचिव धर्मेंद्र,पीडब्ल्यूडी अधिकारियों और अन्य लोगों के साथ सुबह लगभग 9 बजे मजनू का टीला का दौरा किया,जहां सड़क का एक हिस्सा बुरी तरह जलमग्न था। उन्होंने अधिकारियों से बातचीत की और उन्हें जलभराव को साफ करने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि जलभराव दोबारा न हो। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने तूफान और बारिश के दौरान हुई घटनाओं पर दुख व्यक्त किया और मुख्यमंत्री और स्थानीय सांसदों से प्रभावित लोगों को हर संभव मदद सुनिश्चित करने का आग्रह किया। पीडब्ल्यूडी और जल मंत्री परवेश साहिब सिंह वर्मा ने स्थिति का जायजा लेने के लिए सुबह 5:30 बजे से कई स्थानों का दौरा कर चुके हैं। प्रवेश वर्मा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज बेमौसम रिकॉर्ड बारिश के कारण,दिल्ली में कई स्थानों पर कुछ मात्रा में पानी जमा हो गया। सुबह 5:30 बजे से मैं कई स्थानों पर गया और स्थिति का जायजा लिया। मिंटो ब्रिज जाने पर मैंने देखा कि सभी चार पंप काम कर रहे थे और ऑपरेटर भी सतर्क था। एक पाइप फट गया था और मुझे इसकी मरम्मत करने के लिए कहा गया है। मानसून को देखते हुए, पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, डीजेबी,एनडीएमसी,सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण द्वारा नालों की सफाई लगातार की जा रही है।

दिल्ली एयरपोर्ट पर भी दिखा खराब मौसम का असर, 100 से ज्यादा उड़ानों में देरी; एडवाइजरी जारी

नईदिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार सुबह भारी बारिश हुई। भारी बारिश और तेज हवा के कारण इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयपोर्ट पर फ्लाइट्स का संचालन प्रभावित रहा। इस दौरान दिल्ली आने वाली और जाने वाली 100 से ज्यादा फ्लाइट्स में देरी हुई है। आईजीआई एयपोर्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली की तीन फ्लाइट्स को दो अलग शहरों के लिए भी डायवर्ट किया गया है। दिल्ली का मौसम के अचानक बदलने के कारण भारतीय मौसम विभाग ने दिल्ली के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है। इस दौरान दिल्ली के कई हिस्सों में जलजमाव और पेड़ उखड़ने की सूचना मिली है।

दिल्ली एयरपोर्ट का संचालन करने वाली कंपनी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने कहा कि खराब मौसम के कारण कुछ उड़ानें प्रभावित हुईं। एअर इंडिया ने कहा कि प्रतिकूल मौसम के कारण उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में फ्लाइट्स प्रभावित हुई हैं।

खराब मौसम को देखते हुए एयरलाइंस ने अपने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए एयरलाइंस ने कहा कि एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले वो अपनी उड़ान की स्थिति की जांच कर लें। इस मामले में इंडिगो ने अपने ग्राहकों को सलाह दी है। इंडिगो ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि दिल्ली में आंधी-तूफान को लेकर पूर्वानुमान है। ऐसे में बदलती मौसम की स्थिति को देखते हुए फ्लाइट के संचालन में देरी हो सकती है और फ्लाइट के शेड्यूल में बदलवा किया जा सकता है। एडवाइजरी जारी करते हुए इंडिगो ने कहा कि यात्रा के लिए निकलने से पहले फ्लाइट के स्टेटस की जांच कर लें और एयपोर्ट के लिए समय से पहले निकलें।

भारत-पाक टेंशन के बीच आप नेता ने बदली प्रोफाइल फोटो, कर दी खास डिमांड

नईदिल्ली, एजेंसी। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात बन रहे हैं। 26 बेगुनाहों की जान लेने वाले आतंकी और उन्हें हुक्म देने वाले आकाओं पर मोदी सरकार ऐक्शन लेगी। पीएम मोदी की पिछली मैराथन मीटिंगों से तो यही लग रहा है। इसमें लोगों की एक डिमांड पाकिस्तान के कब्जे से कश्मीर का वो हिस्सा भी लेना है जिसे हम पीओके भी कहते हैं। ऐसी ही मिलती-जुलती डिमांड अब आम आदमी पार्टी के नेता ने भी कर दी है। दिल्ली के पार्टी संयोजक और पूर्व मंत्री रहे सौरभ भारद्वाज ने भारत सरकार से इसी पीओके को वापस लेने की डिमांड की है। आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने दरअसल अपने आधिकारिक एक्स हैंडल की प्रोफाइल पिक्चर बदली है। प्रोफाइल तस्वीर में सौरभ भारद्वाज ने मोदी सरकार से डिमांड करते हुए लिखा है कि पीओके वापस लो। उस प्रोफाइल फोटो पर भारत के नक्शे का वो हिस्सा भी है जिसमें पीओके वाला भाग है। पाकिस्तान की ओर से रची गई इस साजिश और उसे कायराना तरीके से अंजाम देने के बाद भारतवासी उरी और बालाकोट से भी बड़ा बदला चाह रहे हैं।



पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर जम्मू-कश्मीर का वो हिस्सा है जिसे काफी पहले पड़ोसी मुल्क ने ले लिया था। पाकिस्तान पाक को आजाद कश्मीर की संज्ञा देता है और जम्मू-कश्मीर वाले हिस्से को भारत अधिकृत कश्मीर कहता है। भारत की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी कई मंचों से पीओके लेने की बात दोहरा चुके हैं। सीमा पार पाकिस्तान सरकार को भी इसका अहसास है कि इस बार भारत कुछ बड़ा करने वाला है और संभवतःउसका निशाना पीओके ही हो।

दिल्ली में कैशसेल सफर के लिए अब ऑनलाइन बनेंगे डीटीसी के बस पास

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की डीटीसी बसों में कैश लेस सफर को बढ़ावा देने के लिए डीटीसी टिकट के साथ-साथ जल्द ही बस पास भी ऑनलाइन जारी करेगा। इस दिशा में डीटीसी की टेक्निकल टीम ने काम शुरू कर दिया है और जल्द ही यह सेवा शुरू की जा सकती है।

दरअसल, डीटीसी की बसों में सफर करने के लिए छात्रों, सामान्य श्रेणी, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों, खिलाड़ियों, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं समेत अन्य कई श्रेणी के लोगों को रियायती पास जारी किए जाते हैं। इनको जारी करने के लिए डीटीसी के बस डिपो के अलावा भी कई अन्य स्थानों पर काउंटर बनाए गए हैं। इसके लिए बड़ी संख्या में कर्मचारियों को तैनात किया गया है। अब डीटीसी इन सेवाओं को ऑनलाइन कर रहा है, ताकि न तो यात्रियों को पास लेने के लिए दफ्तरों तक जाना पड़े और ना ही विभाग को इसके लिए अलग से कर्मचारी तैनात करने पड़ें। सामान्य श्रेणी के 100 फीसदी पास जारी करने के लिए डीटीसी ने एक मई से काम शुरू करने की योजना तैयार की थी। इसके लिए सोशल मीडिया पोर्टल 'एक्स' पर जानकारी भी शेयर कर दी थी, हालांकि बाद में इसे कुछ दिन के लिए टाल दिया गया। डीटीसी के अधिकारी ने बताया कि तकनीकी स्तर पर और काम बाकी है, जल्द ही इसे लागू कर दिया जाएगा। बता दें



कि, दिल्ली सरकार की मुफ्त बस यात्रा योजना सिर्फ उन महिलाओं के लिए ही जारी रहेगी, जो राजधानी में रहती हैं। इस सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए महिलाओं को 'स्मार्ट कार्ड' जारी किए जाएंगे, जो आजीवन वैध रहेंगे। यह कदम मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र में पूर्व की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर पिंक टिकट योजना के तहत भ्रष्टाचार का आरोप लगाने के कुछ दिनों बाद उठाया गया है। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा था, हम महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम महिलाओं के लिए डिजिटल यात्रा कार्ड शुरू करेंगे, जो उन्हें सरकारी बसों में कभी भी स्वतंत्र रूप से मुफ्त यात्रा करने की सुविधा देगा, जिससे टिकट से जुड़ा 'गुलाबी भ्रष्टाचार' खत्म हो जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि दक्षता बढ़ाने के लिए टिकट प्रणाली को पूरी तरह से डिजिटल किया जाएगा। गुप्ता ने कहा था कि संपूर्ण प्रणाली का आधुनिकीकरण किया जाएगा और पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा त्रुटिपूर्ण योजनाओं में सुधार किया जाएगा।? उन्होंने कहा था कि हमारा लक्ष्य दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुलभ, विश्वसनीय और विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त बनाना है। गौरतलब है कि, 'आप' की सरकार ने 2019 में भाई दूज के अवसर पर पिंक टिकट योजना पेश की थी, जिसके तहत महिलाओं को डीटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान की जाती है।

64 साल का शैतान ! 2 मासमू बच्चियों को तहखाने में कैद कर सालों तक गैंगरेप, जंजीरों में रखा बांध कर

न्यूयार्क, एजेंसी। अमेरिका के विस्कॉन्सिन राज्य से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मिल्वौकी शहर में रहने वाले 64 वर्षीय डेविड बॉयड पर दो नाबालिग बहनों को सालों तक अपने घर के तहखाने में कैद कर उनका शारीरिक शोषण करने का आरोप लगा है। ये मामला तब सामने आया जब पीड़ित लड़की ने अपने फोस्टर पेरेंट्स को आपबीती सुनाई और उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी।

बड़ी बहन ने बताया कि जब उसे कैद



किया गया, तब वह सिर्फ 9 साल की थी। तहखाने में उसे एक खंभे से जंजीर में बांधकर रखा जाता था। खाने को सिर्फ ब्रेड का एक टुकड़ा दिया जाता और प्यास बुझाने के लिए वह गंदा पानी पीने को मजबूर थी। उसकी छोटी बहन उस समय सिर्फ 5 साल की थी। अपनी सौतेली दादी की एक दोस्त के साथ रहती थीं, जिसे वे जीजी कहकर पुकारती थीं। आरोपी बॉयड, उसी महिला का प्रेमी था। जब वह महिला घर से बाहर होती, तो बॉयड बच्चियों को तहखाने में ले जाकर उनके साथ दरिंदगी करता।पीड़ित लड़की ने बताया कि एक बार उसे यह तक तय करने के लिए मजबूर किया गया कि किन पुरुषों द्वारा पहले उसका यौन शोषण किया जाए। उसे पैसों के बदले अलग-अलग पुरुषों के पास भेजा जाता था। बॉयड ने उसे कई बार ब्लेड से घायल भी किया, जिसमें उसके प्राइवेट पार्ट्स भी शामिल थे। पुलिस ने जब बॉयड के घर की तलाशी ली तो तहखाने से छत से लटकती जंजीरें, हुक और कई चाकू बरामद हुए। पीड़िता ने तहखाने का नक्शा बनाकर पुलिस को दिखाया, जिससे पुष्टि हुई कि वही जगह उसकी कैदगाह थी।डेविड बॉयड को 26 अप्रैल 2025 को गिरफ्तार कर लिया गया।

पोर्न एक्टर पर ब्रिटिश गे कपल की हत्या का आरोप:सिर काटकर फ्रीजर में रखा

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन में एक पोर्न एक्टर पर आरोप है कि उसने एक गे कपल (समलैंगिक जोड़े) का सिर काट दिया और उनके टुकड़े कर दिए। इसके बाद कटे हुए सिरों को फ्रीजर में रख दिया और बाकी बॉडी पार्ट्स को सूटकेस में भरकर एक पुल से नीचे फेंक दिया। द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक 35 साल के कोलंबिया पोर्न एक्टर योस्टिन आंद्रेस मोस्क्वेरा पर आरोप है कि उसने 8 जुलाई, 2024 लंदन के शेफर्ड्स बुश इलाके के एक अपार्टमेंट में 71 साल के पॉल लॉन्गवर्थ और 62 साल के अल्बर्ट अल्फोंसो की हत्या कर दी। सरकारी वकील का दावा है कि मोस्क्वेरा को 10 जुलाई की रात लंदन से 160 किमी दूर ब्रिस्टल शहर के फेमस क्लिफ्टन सस्पेंशन ब्रिज पर एक बड़े लाल सूटकेस के साथ देखा गया था। एक का हथौड़े से सिर फोड़ा, दूसरे को चाकू मारा आरोपी ने पहले लॉन्गवर्थ के सिर पर हथौड़े से कई हमले किए, जिससे उसका सिर फूट गया था। इसके बाद अल्फोंसो के चेहरे और शरीर पर चाकू से कई हमले किए। सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि मोस्क्वेरा ने हत्या के बाद डांस करते हुए खुद का एक वीडियो भी शूट किया था। मोस्क्वेरा को 10 जुलाई की रात एक साइकिल सवार ने ब्रिज पर सूटकेस के साथ देखा था। तब उसने कहा था कि उसमें ऑटो पार्ट्स हैं, लेकिन उसमें लॉन्गवर्थ और अल्फोंसो के बॉडी पार्ट्स थे। अकाउंट से 4 लाख चुराने की कोशिश की आरोपी ने हत्या के बाद कपल के अकाउंट से 5,000 डॉलर (4 लाख रुपए) से अपने अकाउंट में ट्रांसफर करने और ज़रूरसे 1000 डॉलर (84 हजार रुपए) कैश निकालने की भी कोशिश की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक मोस्क्वेरा अक्सर ब्रिटिश जोड़े से मिलने जाता था और लॉन्गवर्थ और अल्फोंसो भी आरोपी से मिलने उसके देश जाते थे।

भारत के एयरस्पेस बंद करने के बाद, पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस कंगाल के कगार पर

इस्लामाबाद, एजेंसी।
पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस पहले से ही आर्थिक संकट और प्रबंधन की खामियों से जूझ रही है। अब भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव ने इसकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। भारत द्वारा अपने एयरस्पेस को बंद किए जाने से पीआईए की उड़ान संचालन पर सीधा असर पड़ा है। इस स्थिति से एयरलाइन की आर्थिक सेहत और संचालन क्षमता दोनों को गहरी चोट लग रही है।

हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त क़दम उठाए। जवाब में पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया। इसके बाद भारत ने भी पाकिस्तान की उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया। हालांकि यह निर्णय रणनीतिक और राजनीतिक रूप से लिया गया लेकिन इसका सीधा असर पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस पर पड़ा है।

एयरस्पेस बंद होने से क्यों बढ़ीं पीआईए की परेशानियांत्र जब कोई विमान किसी देश के ऊपर से उड़ता है तो उसे उस देश को एक शुल्क देना पड़ता है जिसे ओवरफ्लाइट फीस कहते हैं। भारत का एयरस्पेस बंद होने से पाकिस्तान को भारत से मिलने वाली यह फीस बंद हो गई है। साथ ही पीआईए को अब लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है जिससे ऑपरेशनल खर्च बढ़ रहे हैं। पाकिस्तानी एविएशन एक्सपर्ट मोहम्मद अफ़सर मलिक कहते हैं कि भारत की पाबंदी के बाद पाकिस्तान की उड़ानों को चीन या अन्य वैकल्पिक रास्तों से जाना पड़ेगा। इससे ट्रैवल टाइम भी बढ़ेगा और कई रूट घाटे का सौदा बन जाएंगे। यह पहला मौका नहीं है जब एयरस्पेस पाबंदियों ने पाकिस्तान को



नुकसान पहुंचाया हो। 2019 में बालाकोट हमले के बाद भी पाकिस्तान ने भारतीय एयरलाइनों के लिए अपना एयरस्पेस बंद किया था। रिटायर्ड ग्रुप कैप्टन डॉ. दिनेश कुमार पांडे के अनुसार, उस समय पाकिस्तान को लगभग 45 से 50 करोड़ डॉलर का घाटा हुआ था। इस बार भी वही स्थिति बन रही है – न सिर्फ भारतीय एयरलाइनों की उड़ानें बंद हुई हैं बल्कि पीआईए को भी अपने रूट्स में बदलाव करना पड़ा है।

एयरस्पेस बंद होने से न सिर्फ उड़ानों का समय बढ़ा है बल्कि उनकी लागत में भी इज़ाफा हुआ है। इस्लामाबाद से बैंकॉक या कुआलालंपुर जैसे रूट अब घाटे में चलने लगे हैं। सप्ताह में पीआईए केवल 6 से 8 ऐसी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित करती है। रूट लंबा होने से विमान को ज्यादा ईंधन की जरूरत पड़ती है, जिससे खर्च बढ़ता है। साथ ही समय ज्यादा लगने के कारण यात्रियों की संख्या भी प्रभावित होती है।

2023 में पीआईए का एक बोइंग 777 मलेशिया में ज़ब्त कर लिया गया था क्योंकि उसने भुगतान नहीं किया था। उसी समय पाकिस्तान स्टेट ऑयल ने ईंधन की सप्लाई रोक दी थी जिससे कई उड़ानें रद्द करनी पड़ी थीं। दिसंबर 2024 में खबर आई कि क्क्ह के 34 में से कई विमान उड़ने की स्थिति में नहीं हैं क्योंकि उनके पास जरूरी पुर्जे और तकनीकी सामग्री नहीं है। एटीआर विमान बेड़े में से केवल 2 ही ऑपरेशन में थे जबकि कुल संख्या 5 थी। इससे यह साफ होता है कि एयरलाइन की तकनीकी और प्रबंधन की हालत बेहद खराब है। मोहम्मद अफ़सर मलिक कहते हैं, सरकारी एयरलाइनों में आमतौर पर दक्षता की कमी होती है। उनमें जवाबदेही नहीं होती और कर्मचारियों की संख्या जरूरत से ज्यादा होती है।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले- उम्मीद है भारत पाकिस्तान के साथ क्षेत्रीय संघर्ष से बचेगा

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर गुरुवार को प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत पाकिस्तान को जवाब देते हुए किसी बड़े क्षेत्रीय संघर्ष से बचेगा। साथ ही उन्होंने पाकिस्तान से अपील की कि वह भारत के साथ मिलकर इस हमले में शामिल आतंकियों की तलाश और कार्रवाई में सहयोग करे।

वेंस ने फॉक्स न्यूज के एक पॉड कास्ट इंटरव्यू में कहा, हमारी उम्मीद है कि भारत इस आतंकी हमले का ऐसा जवाब दे जो किसी बड़े क्षेत्रीय टकराव की वजह न बने। और हमें उम्मीद है कि अगर पाकिस्तान किसी भी तरह से जिम्मेदार है, तो वह भारत के साथ मिलकर उन आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा जो कभी-कभी उनकी जमीन से ऑपरेट करते हैं। जब ये हमला हुआ, उस वक्त वेंस अपने परिवार के साथ भारत दौरे पर थे। पिछले महीने उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन करके इस हमले की कड़ी निंदा की थी और मारे गए लोगों के लिए गहरी संवेदना जताई थी।

बीएसएल में अत्याधुनिक एरियल हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म फायर फाइटिंग वाहन का लोकार्पण





बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बोकारो इस्पात संयंत्र में औद्योगिक सुरक्षा और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया क्षमता को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, अत्याधुनिक एरियल हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म फायर फाइटिंग वाहन का लोकार्पण बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी बी. के. तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर बोकारो इस्पात संयंत्र के अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी. आर.महापात्रा, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, उप महानिरीक्षक (सीआईएसएफ) दिग्विजय कुमार सिंह, विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कमांडेंट एवं फायर विंग के डिप्टी कमांडेंट सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निदेशक प्रभारी बी के तिवारी ने इस मौके पर कहा कि यह अत्याधुनिक वाहन न केवल संयंत्र की आपात प्रतिक्रिया प्रणाली को और अधिक दक्ष बनाएगा, बल्कि कर्मचारियों एवं संयंत्र परिसंपत्तियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने की दिशा में भी एक सशक्त कदम सिद्ध होगा। उन्होंने अग्निशमन सेवा की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह वाहन विशेष रूप से बहु-मंजिला संरचनाओं में आग लगने अथवा अन्य आपात स्थितियों में राहत एवं बचाव अभियानों के संचालन को सरल, सुरक्षित और प्रभावी बनाने में सक्षम है। उन्नत तकनीक से लैस इस वाहन की मदद से 42 मीटर की ऊंचाई तक राहत एवं बचाव कार्य किया जा सकता है, साथ ही इसमें 360 डिग्री में घूमने वाला बूम लगा है और सटीक पोजिशनिंग की सुविधा है। अतः एरियल हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म ऊँचाई पर अग्निशमन कार्यों के साथ-साथ जटिल रेस्क्यू ऑपरेशनों को कुशलता के साथ संपन्न करने में सक्षम है। सेल में अपनी तरह का यह पहला वाहन बीएसएल की सुरक्षा संरचना में एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में जोड़ा गया है, जो संयंत्र में कर्मियों की सुरक्षा और आपदा प्रबंधन क्षमता को और सुदृढ़ करेगा। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन अग्निशमन सेवा के सहायक महाप्रबंधक श्री कुमार रजनीश द्वारा किया गया।

बोकारो स्टील प्लांट के कोलियरी डिवीजन में एसएपी प्रणाली का सफल रोल-आउट

बोकारो स्टील प्लांट ने डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 01 मई 2025 को अपने कोलियरी डिवीजन में एसएपी प्रणाली का सफलतापूर्वक रोल-आउट किया। इस प्रणाली का औपचारिक उद्घाटन बीएसएल के निदेशक प्रभारी बी.के. तिवारी द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी.आर. महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (कोलियरी) एस.के. सिंह, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी तथा अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवाटी सहित विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक,वरिष्ठ अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। कोलियरी डिवीजन के अंतर्गत आनेवाली इकाइयाँ, चासनाला, जितपुर, तासरा, रामनगर माइंस एवं सीसीएसओ जो झारखंड एवं पश्चिम बंगाल में स्थित हैं, अब एसएपी प्रणाली से जुड़ गए हैं। यह महत्वपूर्ण पहल कोलियरी डिवीजन को बीएसएल की वर्तमान एसएपी -सक्षम प्रणाली के साथ सफलतापूर्वकस एकीकृत करती है, जिससे कार्य प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, दक्षता और डिजिटल समन्वय को बल मिला है। अधिकारियों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि 1 मई अब श्रमिक दिवस के साथ-साथ बोकारो स्टील प्लांट के लिए 'डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन डे' भी बन गया है। कोलियरी डिवीजन में एसएपी का यह कार्यान्वयन केवल तकनीकी उन्नयन नहीं, बल्कि हमारे संगठन की परिवर्तन शीलता, सहयोग और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 में बीएसएल में झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस एवं कोलियरी डिवीजन का विलय होने के पश्चात इनमें एसएपी प्रणाली के एकीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। तकनीकी रूप से जटिल इस प्रक्रिया को बीएसएल की उ&कळ, एफ्ढ तथा संबंधित विभागों की टीमों के संयुक्त प्रयासों ने संभव बनाया है। डेटा ट्रांसफर, प्रक्रिया एकीकरण एवं यूजर प्रशिक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को कुशलतापूर्वक संपन्न करते हुए पहले झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस डिवीजन में 1 मई 2024 को और अब ठीक एक वर्ष बाद 1 मई 2025 को कोलियरी डिवीजन में एसएपी प्रणाली को लागू कर दिया गया है।

बीएसएल में 1 मई 2025 से जीरो टॉलरेंस सेफ्टी रूल्स लागू, असुरक्षित कार्यों पर सख्त कार्रवाई का निर्णय

बोकारो स्टील प्लांट ने कर्मचारियों, ठेका कर्मियों तथा संयंत्र में आने-जाने वाले सभी व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 1 मई 2025 से जीरो टॉलरेंस सेफ्टी रूल्स लागू करने की घोषणा की है। यह महत्वपूर्ण कदम संयंत्र में सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और असुरक्षित कार्यों पर सख्त कार्रवाई करने के उद्देश्य से उठाया गया है। घोषित नियमों के अनुसार संयंत्र परिसर में वाहन चलाते समय, सड़क पार करते समय, सीढ़ियाँ चढ़ते या उतरते समय अथवा शॉप फ्लोर पर मोबाइल फोन का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य होगा, जबकि दोपहिया वाहन चालकों और पिलियन राइडर के लिए हेलमेट पहनना और उसकी चिन स्ट्रैप बांधना अनिवार्य होगा। दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी प्रतिबंधित रहेगी। इसके अलावा, खतरनाक, लापरवाह अथवा नशे की हालत में वाहन चलाना और संयंत्र के भीतर निर्धारित गति सीमा (हल्के वाहनः 30 किमी/घंटा, भारी वाहनः 16 किमी/घंटा) का उल्लंघन भी नियमों के दायरे में शामिल रहेगा। बीएसएल कर्मचारियों के मामले में नियम उल्लंघन होने पर पहली बार उनका नाम इरछ इंट्रानेट और विभागीय नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा, दूसरी बार विभाग प्रमुख द्वारा काउंसलिंग की जाएगी तथा उल्लंघनकर्ता से नियम का पालन करने हेतु अंडरटेकिंग ली जाएगी। तीसरी बार नियम उल्लंघन होने पर उन्हें एडवाइजरी लेटर जारी कर परिवार को सूचना भेजी जाएगी। चौथी बार नॉन-एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों पर ₹250 और एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों पर ₹500 का जुमार्ना लगाया जाएगा, पाँचवीं बार नॉन-एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों पर ₹500 और एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों पर ₹1000 का जुमार्ना लगाया जाएगा जबकि छठी बार अन्य उपयुक्त या अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। अन्य संस्थानों अथवा ठेका कर्मियों के लिए पहली बार नियम उल्लंघन पर नाम इंट्रानेट व लफ्फ उछउ नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा, दूसरी बार उनकी काउंसलिंग की जाएगी तथा नियम उल्लंघन ना करने हेतु शपथ पत्र लिया जाएगा, तीसरी बार उन्हें एडवाइजरी लेटर जारी होगा, चौथी बार ठेका कर्मचारियों पर ₹250 और अन्य पर ₹1000 जुमार्ना लगेगा। पाँचवीं बार ठेका कर्मियों पर ₹500 और अन्य पर ₹2000 जुमार्ना लगेगा, तथा छठी बार वाहन पास को तीन माह के लिए रद्द करने की अनुशंसा की जाएगी। सुरक्षा अभियंत्रण विभाग प्रत्येक माह उल्लंघनकताओं की सूची तैयार कर वित्त एवं लेखा विभाग को भेजेगा, ताकि जुमार्ना संबंधित कर्मचारी के वेतन अथवा ठेका बिल से काटा जा सके। बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन ने सभी कर्मचारियों और स्टेकहोल्डर्स से अपील की है कि वे 'आपकी सुरक्षा, हमारी प्राथमिकता' के संदेश को आत्मसात करते हुए इन नियमों का पूरी निष्ठा से पालन करें और संयंत्र को एक सुरक्षित कार्यस्थल बनाने में सक्रिय योगदान दें।

डॉ. अशोक कुमार पंडा ने सेल के निदेशक (वित्त) का पदभार संभाला



नई दिल्ली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। डॉ. अशोक कुमार पंडा ने 30 अप्रैल, 2025 को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के निदेशक (वित्त) का पदभार संभाला है। डॉ. पंडा ने 1992 में सेल में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में अपना करियर शुरू किया था। अपने करियर के दौरान, डॉ. पंडा ने सेल के विभिन्न संयंत्रों और इकाइयों में विभिन्न पदों पर काम किया है। अपने वित्तीय एवं तकनीकी ज्ञान और प्रोएक्टिव अप्रोच के लिए व्यापक रूप से जाने जाने वाले, डॉ. पंडा को वित्तीय लेखांकन, लागत और बजट, बिजनेस प्लानिंग, राजकोष संचालन, टैक्सेशन और रणनीतिक प्रबंधन तक के क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता हासिल है। अपने कार्यकाल के दौरान, डॉ. पंडा ने सेल की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें डिलेवरेजिंग प्रयास, लागत अनुकूलन, रेल मूल्य निर्धारण रणनीति, अचल संपत्ति बिक्री नीति, कर अनुकूलन, पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए सेल इकाइयों में ई- इनवॉयसिंग कार्यान्वयन और डिजिटल इनवॉयसिंग शुरू करना प्रमुख रूप से शामिल हैं। अपनी कॉर्पोरेट जिम्मेदारियों के अलावा, डॉ. पंडा ने सेल के कई संयुक्त उद्यमों और सहायक कंपनियों के बोर्ड में नामित निदेशक के रूप में काम किया है, जिससे कंपनी के वित्तीय प्रशासन को और मजबूती मिली है। वित्त क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों के अलावा, उन्होंने खनन, संयंत्र संचालन, परियोजनाओं आदि के क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसके लिए उन्हें लागत प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए जवाहर पुरस्कार - 2012 जैसे पुरस्कार मिले हैं। वे युवा प्रबंधकों के लिए चेयरमैन ट्रॉफी में उपविजेता भी रहे, जिसने उनके करियर के शुरूआती चरण में उनके नेतृत्व और समस्या समाधान कौशल को उजागर किया। डॉ. पंडा ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों, व्यावसायिक बैठकों आदि के लिए व्यापक रूप से यात्रा की है। उन्होंने विदेशी और घरेलू संस्थानों से कई प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं। सेल जिस तरह से इस्पात क्षेत्र में दक्षता और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार काम कर रहा है, डॉ. पंडा की वित्तीय प्रबंधन में रणनीतिक दृष्टि और नेतृत्व, लाभप्रदता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

अपने दायित्वों का सही से करें निर्वहन, नहीं हो कोई चूकः उपायुक्त



बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त विजया जाधव एवं पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने संयुक्त रूप से आगामी 04 मई को आयोजित होने वाले नीट (यूजी) परीक्षा 2025 की तैयारियों को लेकर बैठक की। बैठक में डीपीएलआर निदेशक सह नोडल पदाधिकारी मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, क्षेत्रीय उप निदेशक बियाडा श्री मनोज कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, सिटी कार्डिनेटर सह केंद्रीय विद्यालय नंबर वन सेक्टर 04 बोकारो के प्राचार्य मनोज कुमार समेत सभी प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारी, दंडाधिकारी, संबंधित बीडीओ - सीओ, केंद्राधीक्षक आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि नीट (यूजी) परीक्षा 2025 का संचालन कदाचार रहित एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना जिला प्रशासन का दायित्व हैं और इसको लेकर वरीय पदाधिकारियों, दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों को जो दायित्व दिया गया है, उसका निर्वहन करेंगे। कहीं कोई चूक नहीं हो। परीक्षा केन्द्रों के प्रवेश द्वार पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी परीक्षा के दिन केवल परीक्षार्थी, परीक्षा से जुड़े अधिकारियों, एनटीए अधिकारियों और डीएलसीसी सदस्यों को ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति देंगे। उन्होंने परीक्षा को लेकर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एन.टी.ए) द्वारा जारी गाइडलाइन का अक्षरशः कड़ाई से अनुपालन संबंधित सभी पदाधिकारी - कर्मियों/ केंद्राधीक्षकों को सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा, जैमर, जरनेटर, बायोमैट्रिक अटेंडेंस मशीन आदि अधिष्ठापन कार्य की जानकारी ली। कहा कि, ससमय छूटे हुए कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। सभी केंद्रों में बायोमैट्रिक अटेंडेंस मशीन की संख्या बढ़ाने को लेकर सीटी कार्डिनेटर सह प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय नंबर वन को कहा। उपायुक्त ने जिले के परीक्षा केंद्रों में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों से अपील किया है कि वह भी एनटीए के गाइडलाइन का अनुपालन करें। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश 04 मई 2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से शुरू हो जाएगा, जो अपराह्न 1.30 बजे तक जारी रहेगा। अपराह्न 1.30 बजे के बाद किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केंद्रों में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थी अपने साथ केवल परीक्षा का एडमिट कार्ड,पासपोर्ट साइज फोटो एवं कोई भी एक पहचान पत्र (आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि) साथ लाएंगें। परीक्षार्थी अपने साथ लिखने के लिए कलम (पेन) भी नहीं लाएंगे। परीक्षा कक्ष में ही उन्हें एन.टी.ए. द्वारा उपलब्ध कलम (पेन) उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के तहत सभी केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुरुष एवं महिला पुलिस बल प्रतिनियुक्त किया गया है। एचएचएमडी (हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर) के साथ परीक्षार्थियों की फिस्कींग के लिए भी अलग - अलग टीम तैनात रहेगी। प्रश्नपत्र - ओएमआर सीट को परीक्षा केंद्र ले जाने में किसी भी तरह की कोई लापरवाही नहीं बरतेंगे। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी विचार झ विमर्श कर जरूरी दिशा-निर्देश द्वय पदाधिकारियों ने दिया। मौके पर सिटी कार्डिनेटर सह केंद्रीय विद्यालय नंबर वन सेक्टर 04 बोकारो के प्राचार्य श्री मनोज कुमार ने नीट (यूजी) परीक्षा से संबंधित गाइडलाइन/तैयारियों के संबंध में बिंदुवार पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारी, दंडाधिकारी, केंद्राधीक्षक, पुलिस पदाधिकारी को बताया।

परीक्षार्थियों को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केंद्र के अंदर निम्नलिखित वस्तुओं को ले जाने की अनुमति नहीं हैः-

- कोई भी स्टेशनरी आइटम जैसे पाठ्य सामग्री (मुद्रित या लिखित), कागज के टुकड़े, ज्यामिति/पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, इरेजर, कैलकुलेटर, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन/स्कैनर आदि।
- कोई भी संचार उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, इयरफोन,माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड आदि।
- अन्य आइटम जैसे वॉलेट, गॉगल्स, हैंडबैग, बेल्ट, कॉप आदि।
- कोई भी घड़ी/कलाई घड़ी, ब्रेसलेट, कैमरा, आदि।
- कोई भी आभूषण।
- कोई भी खुली या पैक की हुई खाद्य सामग्री आदि।
- कोई अन्य वस्तु जिसका अनुचित साधनों के लिए उपयोग किया जा सकता है, संचार उपकरण जैसे माइक्रोचिप, कैमरा, ब्लूटूथ डिवाइस आदि को छिपाकर।
- यदि किसी उम्मीदवार के पास केंद्र के अंदर कोई भी प्रतिबंधित वस्तु पाई जाती है, तो इसे अनुचित साधनों का उपयोग माना जाएगा और कार्रवाई की जाएगी।
- इसके अलावा, परीक्षा केंद्र/ केंद्राधीक्षक परीक्षार्थियों द्वारा लाएं गए किसी भी सामान की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

जानकारी हो कि, नीट परीक्षा को लेकर जिले में 08 परीक्षा केंद्र क्रमशः पीएमश्री पंचान राजबाला प्लस टू हाई स्कूल सतनपुर, डिस्ट्रिक्ट रामरूद्रा सीएम एसओई चास बोकारो, केंद्रीय विद्यालय नंबर वन सेक्टर फोर, श्री महावीर जी प्लस टू हाई स्कूल बिजुलिया, केंद्रीय विद्यालय सीटीपीएस चंद्रपुरा बोकारो, अपग्रेडेड राजकीयकृत प्लस टू हाई स्कूल लकरखंदा, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 03 एवं प्लस टू हाई स्कूल पेटरवार को बनाया गया है।

पीएम आवास निर्माण का लक्ष्य प्राप्त करने को व्यापक प्रचार प्रसार करें : उपायुक्त



बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त विजया जाधव ने नगर निगम चास अंतर्गत संचालित पीएम आवास योजना, शहरी योजना के कार्य प्रगति की समीक्षा की। मौके पर अपर नगर आयुक्त (एएमसी) संजीव कुमार, सहायक नगर आयुक्त जयपाल सिंह, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, समेत पीएमएवाई-यू टीम के सदस्य आदि उपस्थित थे। इस क्रम में उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 15-16, 16-17 फेज टू, 2017-18 फेज वन, 2017-18 फेज टू-फेज श्री,2018-19 फेज वन, 2019-20 फेज टू, 2019-20 फेज वन, 2020-21 एवं 2021-22 के लंबित आवासों को पूर्ण करने में तेजी लाने का निर्देश दिया। कहा कि, जिन लाभुकों ने पीएमएवाई-यू के तहत प्रथम - द्वितीय किस्त लिया है और किसी कारण से आवास निर्माण पूरा कराने में रूचि नहीं ले रहें हैं। वैसे लाभुकों को चिन्हित करते हुए भुगतान किए गए किस्त की राशि रिकवरी करने को कहा। साथ ही, शेष लाभुकों को आवास पूर्ण करने को लेकर प्रेरित करें, इसका प्रतिदिन मानीटरिंग करें। एमआइएस टीम को आवास निर्माण के प्रगति का रिपोर्ट चार्ट प्रतिदिन तैयार कर एएमसी व जिला को उपलब्ध कराने को कहा। समीक्षा क्रम में पीएमएवाई-यू के अंतिम किस्त प्राप्त करने वाले 433 लाभुकों का भुगतान को लेकर सारी प्रक्रिया पूरी करने को कहा, ताकि जल्द ही सभी लाभुकों को किस्त भुगतान हो सके। इस बाबत अपर नगर आयुक्त (एएमसी) को निगरानी करने का निर्देश दिया। राशि आवंटन को लेकर राज्य मुख्यालय से पत्राचार करने को कहा। वहीं, नये वित्तीय वर्ष को लेकर राज्य से प्राप्त 1400 पीएमएवाई-यू आवास निर्माण के लक्ष्य को पूरा करने के लिए आवेदन प्राप्त करने को अभियान चलाने का निर्देश दिया। लाभुकों से आवेदन प्राप्त करने के लिए व्यापक प्रचार झ प्रसार/आईसी करने का टीम को निर्देश दिया। समीक्षा क्रम में पीएमएवाई-यू के जीओ टैग एजेंसी को प्रति सप्ताह/स्टेज वाइज रिपोर्ट तैयार कर दो दिनों में उपलब्ध कराने को कहा। वहीं, कालापत्थर स्थित पीएमएवाई - वर्टिकल श्री के आवास निर्माण प्रगति की भी समीक्षा की। पूरा किए गए आवासों को हैंड ओवर की प्रक्रिया करने और लाभुकों के गृह प्रवेश को लेकर तैयारी करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने नगर निगम क्षेत्र के लोगों के लिए आधार निबंधन/अपडेट को लेकर आधार सेंटर खोलने के लिए यूआइडी सेल को पत्र लिखने को सहायक नगर आयुक्त को निर्देश दिया। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर जरूरी दिशा - निर्देश दिया।

संक्षिप्त समाचार

मुख्य महाप्रबंधक सम्मानित

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बोकारो इस्पात संयंत्र में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) हरिमोहन झा को आज उनके कार्यालय में पूर्व सैनिक सेवा परिषद के राकेश मिश्रा के नेतृत्व में एक दर्जन से ज्यादा गणमान्य व्यक्तियों ने सम्मानित किया। मालूम हो कि श्री झा का कॉरपोरेट ऑफिस दिल्ली निदेशक (मानव संसाधन) के रूप में स्थानांतरण हो गया है। श्री झा ने वर्ष 1993 में बोकारो स्टील प्लांट के एसएमएस 2 में ज्वाइन किया था। उसके बाद से अभी तक उन्होंने सी एस आर, एच आर डी, एस आर यू सहित कई महत्वपूर्व विभागों में अपना योगदान दिया। ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के कारण उन्हें बोकारो इस्पात संयंत्र में याद किया जाता है। गुलदस्ता और मोमेंटो देकर उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। उन्हें सम्मानित करने वालों में सुरेश बाबू, अशोक कुमार वर्मा, नीरज कुमार, रविशंकर, अवधेश यादव, रामूजी, राज रंजन, चंदन कुमार, अजय कुमार, संतोष यादव एवं सुमित यादव शामिल रहे।



ज्यादा से ज्यादा संख्या में वकील रांची पहुंचें : गिरि

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा शनिवार 3 मई को अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना का डिजिटल कार्ड मुख्यमंत्री के हाथों रांची के खेल गांव में समस्त राज्य के अधिवक्ताओं को दिया जाएगा । इस कार्यक्रम में बोकारो जिला से लगभग ढाई सौ अधिवक्ता उक्त कार्यक्रम में भाग लेंगे। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स ने सभी अधिवक्ता से आग्रह किया है कि इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा अधिवक्ता भाग ले। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा कि मेरा सभी अधिवक्ता से व्यक्तिगत आग्रह है कि राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा अधिवक्ता लोगों को सम्मान देने के लिए बुलाए हैं। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में अधिवक्ता को रांची चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि रांची जाने के लिए बोकारो के अधिवक्ताओं के लिए ए सी बस की व्यवस्था की गई है। पहली बार किसी राज्य के मुख्यमंत्री ने अधिवक्ताओं के हित में ये फैसला लिया है। इसका हमलोग स्वागत करते है। साथ ही साथ मुख्यमंत्री से आग्रह भी है कि अधिवक्ता हित में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट झारखंड में लागू की जाए ताकि राज्य के अधिवक्ता भय मुक्त वातावरण में न्यायिक कार्य कर सके।

वेदांता ईएसएल ने मनाया राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। वेदांता ईएसएल ने 81वां राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस सप्ताह के दौरान कंपनी ने आग से सुरक्षा, आपातकालीन तैयारी और सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने के लिए कई गतिविधियां आयोजित की। इस खास मौके पर अग्नि सुरक्षा टीम ने ऊँचाई पर बचाव और अग्निशमन का लाइव डेमो किया, जिससे कर्मचारियों और साझेदारों को तुरंत प्रतिक्रिया और बचाव कौशल की



अहमियत समझाई गई। 700 से अधिक व्यापारिक भागीदारों और 300 कर्मचारियों ने अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण में भाग लिया। सुरक्षा का संदेश आगे बढ़ाते हुए, फायर टीम बिजुलिया के एसजेएम स्कूल भी पहुँची और कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों को आग से बचाव और सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। इस सप्ताह में क्विज और पोस्टर प्रतियोगिताओं के जरिए बच्चों और कर्मचारियों को रचनात्मक और जानकारीपूर्ण गतिविधियों में भी शामिल किया गया। वेदांता ईएसएल के निदेशक श्री तपेश चंद्र नस्कर ने कहा, हमारे लिए अग्नि सुरक्षा सिर्फ एक नियम नहीं, बल्कि रोजमर्रा की आदत है। हम सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता मानते हैं और सभी को इसके लिए जागरूक बनाना हमारा कर्तव्य है। वेदांता ईएसएल लगातार अपने परिचालन में सुरक्षा को मजबूत करते हुए, आसपास की समुदायों को भी सशक्त बनाने का कार्य कर रहा है।

मजदूर दिवस सह कार्यशाला का बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ ने किया आयोजन



बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मजदूर एवं कामगारों ने एकमत से बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन की आलोचना करते हुए कहा कि बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ के द्वारा दिये गये 20 सूत्री मांगो पर अगर प्रबंधन ने अविलंब गंभीरतापूर्वक विचार नहीं किया, तो संघ आने वाले दिनो में धरना, प्रदर्शन या हडताल करने पर मजदूर मजबूर हो जायेंगे। मजदूर दिवस सह कार्यशाला कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए तारकेश्वर महतो ' तारा बाबू' ने कहा कि आज मजदूरों का दिन है। मजदूरों के सम्मान में आज का दिन घोषित है। महामंत्री सुमन सिंह ने कहा कि आज के दिन ही मजदूरों के काम करने के लिए समय का निर्धारण बहुत बड़े आंदोलन के बाद हुआ। ये जीत मजदूरों की थी। आज मजदूरों की कार्यशाला में उसके हित एवं अधिकार की चर्चा से सभी गदगद थे। संयुक्त महामंत्री आशा देवी ने बोकारो प्लांट प्रबंधन के द्वारा अपने ही कामगारों एवं मजदूरों का शोषण को रेखांकित किया।संघ के मिडिया प्रभारी गंगेश कुमार पाठक ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि मेरे पसीने से ईमान की खुशबू आती है, कौन कहता हैं कि मैं मजबूर हूँ? मैं मजदूर हूँ। काल मार्क्स ने कहा- दूनिया के मजदूरों एक हो' विना एकजुटता के किसी भी मांग को मनवाना कठिन है। कार्यक्रम में मजदूरों पर कविता एवं गायन का भी आनंद श्रोताओं ने लिया। उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यों में मुख्य रुप से प्रतिमा शर्मा एस आर सिंह श्याम कुमार लक्ष्मण शर्मा मनीष कुमार श्रीवास्तव शशि सम्राट पुष्पा मिश्रा यू के सिंह सुमीत सिंह मीनाक्षी सिंह धरमेन्दर मिश्रा रुबी कुमारी गुलाम जीलानी शशांक शेषर ओमप्रकाश सुमीत ठाकुर बिरजु एस के घोष विनोद कुमार वर्मा आदि अन्य कामगार थे। धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष तारकेश्वर महतो ने क किया।

रिहायशी इलाके में विवाह भवन बनने से स्थानीय लोग परेशान



धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्या सुनी। इसमें अशर्फी हॉस्पिटल के सामने बापू आईटीआई कैंपस के अंदर रिहायशी इलाके में एक विवाह भवन बन जाने से वहां के लोगों ने उपायुक्त को विभिन्न तरह की परेशानियों से जुझने की शिकायत की।

निवासियों ने उपायुक्त को बताया कि विवाह भवन के कारण वहां रहने वाले परिवारों के मकान पर जबरन लोहे का एंगल लगाकर फ्लेक्स एवं झालर से खिड़कियों को ढक दिया है। इसके कारण घर में हवा और रोशनी बंद हो गई है। जब कोई समारोह होता है तो आने जाने वाले व्यक्तियों द्वारा शराब, सिगरेट एवं नशा करके हुड़दंग मचाया जाता है। देर रात तक डीजे बजाने और आतिशबाजी के कारण कॉलोनी के लोगों का रात में सोना मुश्किल हो जाता है।

लोगों द्वारा सड़क पर वाहन लगाकर रास्ता बाधित कर दिया जाता है। इसके अलावा विवाह भवन के ऑनर द्वारा सार्वजनिक जमीन का फर्जी डीड बनाकर जबरन कब्जा किया जा रहा है। विरोध करने पर कॉलोनी वासियों के साथ मारपीट की जाती है। उपायुक्त ने इस मामले पर त्वरित संज्ञान लेकर कार्रवाई करने का भरोसा दिया। इसके अलावा जनता दरबार में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ प्रदान करने, अबुआ आवास स्वीकृत करने, जबरन जमीन कब्जा करने सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री नियाज अहमद भी मौजूद थे।

बाल श्रम उन्मूलन को लेकर उपायुक्त ने की टास्क फोर्स की बैठक



बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने शुक्रवार को जिले में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स का बैठक किया। मौके पर अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार, अस्पताल उपाधीक्षक डा. अरविंद कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, बाल संरक्षण पदाधिकारी अनिता झा समेत कई अधिकारी आदि मौजूद थे। बैठक में नोडल पदाधिकारी सह जिला श्रम अधीक्षक ने बाल श्रम रोकने के लिए चल रहें कार्यों की जानकारी दी। गठित धावा दल के सदस्यों से अवगत कराया। उपायुक्त ने गठित धावा दल को सघन छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने ढ़ाबा, लाइन होटल, ईंट भट्ठा, गैरेज, वासिंग सेंटर आदि में छापेमारी करने को कहा। वहीं, समीक्षा क्रम में बाल श्रम से मुक्त बच्चों के बेहतर आवासन एवं उनके पुनर्वास को लेकर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, बाल कल्याण कमेटी, गैर सरकारी संगठन के प्रतिनि